समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 65,846.50 | 19,570.85 |

तापमान
अधिकतम 33 °c
न्यूनतम 28 °c

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



राज्यपाल ने प्रयोगशाला का किया लोकार्पण पेज-02

कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ब्रजेश पाठक पेज-03

वर्ष 10 अंक 350 लखनऊ, 09 अगस्त बुधवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

मुख्यमंत्री ने साधा अखिलेश यादव पर निशाना, कहा-

# सपा को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी और नेता विरोधी दल अखिलेश यादव को प्रदेश में बेरोजगारी और शिक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल पर आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा है कि नेता विरोधी दल को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी है। इसी को नियंत्रित करने के लिए हम लोग समान कानून की बात कर रहे हैं।

चलिए समाजवादियों में कुछ तो प्रोग्रेस हुई है। प्रगति के बारे में सोचना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि अभी एक सदस्य ने बेसिक शिक्षा के विषय में एक प्रदेश, एक कोर्स और एक मूल्य को लेकर सवाल पूछा था। इसमें एक देश और एक कानून को भी जोड़ देते तो अच्छा होता। सीएम योगी ने बेरोजगारी दर को लेकर कहा कि बेरोजगारी दर जो 2017 से पहले 19 फीसदी थी, वो आज 3 से 4 के बीच रह गई है।

प्रदेश में रोजगार के जो अवसर सृजित हुए हैं, उसी की वजह से बेरोजगारी दर में कमी आई है। सीएम योगी ने प्रदेश में बेरोजगारी दर में हुए सुधार को रोजगार के बढ़ रहे अवसरों से जोड़ते हुए अखिलेश पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार क्या कर रही है ये तो सर्वे भी बताते हैं। बेरोजगारी दर इस बात पर निर्भर करती है कि रोजगार कितने सृजित हुए। 2016-17 में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी और आज के दिन पर यह 3 से 4 के बीच रह गई है।

ये दिखाता है कि उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। लोगों को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिल रही है और नौकरी की कोई भी प्रक्रिया न्यायालय में लंबित नहीं है। न्यायालय को भी मालूम है कि प्रक्रिया में पारदर्शिता है, शुचिता और पूरी ईमानदारी से सरकार इसको आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश के इस परसेप्शन के कारण ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पास हुए हैं जो एक करोड़ नई नौकरियों का सृजन करेंगे। यह उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए ही 2 करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



## छात्रों को सामान्य पाठ्यक्रम के साथ रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध करा रहे

इससे पहले, सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है और इसमें सामान्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को भी पैरलल उपलब्ध कराने के कार्यक्रम शुरू किए जा चुके हैं। माध्यमिक शिक्षा में भी राज्य सरकार ने उस अभियान को आगे बढ़ाया है जिसमें सामान्य पाठ्यक्रम को जारी रखते हुए पैरामेडिकल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिसिस, थ्री डी प्रिंटिंग या फिर इससे संबंधित सर्टिफिकेट कोर्सेज से छात्रों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पहले से ही व्यवसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक परिवर्तन करने के कार्य हो रहे हैं।

## नकल माफिया पर कसी गई है लगाम

सीएम योगी ने प्रदेश में रोजगार के अवसर के बारे में कहा कि ये कहना की बीते 6 वर्ष में भर्ती नहीं हुई है, इसमें आपकी पीड़ा को मैं समझ सकता हूं। पिछले 6 वर्ष में नकल विहीन परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई है। नकल माफिया पर लगाम कसी गई है। पहली बार हुआ है जब माध्यमिक शिक्षा जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा जो पहले 2 से 3 महीने तक चलती रहती थी वो मात्र 15 दिन में संपन्न हुई है और मात्र 14 दिन में परिणाम भी आए हैं। 56 लाख बच्चों के परिणाम मात्र 29 दिन (परीक्षा से लेकर परिणाम जारी होने तक) में आए हैं। यह भी उस रिफॉर्म का परिणाम है जो शिक्षा के क्षेत्र में आज देखने को मिल रहा है।

## शिक्षकों की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए आयोग का हो रहा गठन

उन्होंने कहा कि जहां तक शिक्षकों की भर्ती का विषय है तो कोई भी मामला न्यायालय में लंबित नहीं है। 1.64 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती बेसिक और माध्यमिक शिक्षा में इस सरकार ने की है। शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को युद्धस्तर पर किया जा रहा है। यदि कहीं वेकेंसी है चाहे वो माध्यमिक में हो, बेसिक में हो, उच्च शिक्षा में हो, प्राविधिक में हो, व्यवसायिक शिक्षा में हो या फिर संस्कृत विद्यालयों में हो, इन सबकी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए हमारी सरकार एक नए शिक्षा आयोग के गठन के लिए बिल लेकर आई है। बिल पर आपको भी अपनी बात रखने का अवसर प्राप्त होगा। जो भी सुझाव आएंगे उन पर सरकार विचार करेगी।

नो कांफिडेंस मोशन हमारे लिये सुनहरा अवसर

# विपक्ष की बॉल पर छक्का मारने का वक्त आया : मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस) को नया नाम घमंडिया दिया है। भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की तुलना क्रिकेट मैच के अंतिम ओवर से करते हुए सांसदों से छक्का मार कर जीतने को कहा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि खुद के ऊपर भरोसे को परखने की कोशिश है।

**यह घमंडिया गठबंधन है**

सूत्रों के अनुसार, विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए द्वारा खुद को इंडिया बताने पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि असल में यह घमंडिया गठबंधन है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को बहुत घमंड है और वे तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। ये लोग गठबंधन बनाकर भाजपा को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन को हमें एकता से जवाब देना है।

**दिल्ली सेवा बिल पर भी पीएम मोदी ने ली चुटकी**

सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने राज्यसभा में दिल्ली की सेवाओं से संबंधित बिल के राज्यसभा से पास होने को लेकर भी विपक्ष पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया और नतीजा सबके सामने है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों के परिवारवाद और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी जिक्र किया और कहा कि इससे देश को निजात दिलाने का समय आ गया है।

## क्विट इंडिया करप्शन का पीएम मोदी ने दिया नारा

इस सिलसिले में उन्होंने क्विट इंडिया करप्शन और क्विट इंडिया परिवारवाद का नारा दिया। पिछले नौ सालों की सरकार की उपलब्धियों का हवाला देते हुए उन्होंने सांसदों को कहा कि अभी तक हमने जो भी काम किया है और खासकर दलितों, वंचितों और महिलाओं के लिए यदि उसे जनता के बीच सही से ले जाएंगे तो परिवारवाद और भ्रष्टाचार में डूबे दलों को सही जवाब मिल जाएगा।

## पीएम मोदी ने किया 2018 के अविश्वास प्रस्ताव का जिक्र

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होने के ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा सांसदों को 2018 में विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव का भी हवाला दिया। उस समय अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2023 में विपक्ष ऐसा ही अविश्वास प्रस्ताव लाएगा। 2019 की जीत ने 2023 में इसे संभव बना दिया। उन्होंने इस बार भी इस अविश्वास प्रस्ताव का एकजुट होकर जवाब देने को कहा।

## संक्षिप्त

### घर से एक साथ उठीं दो अर्थियां

**बिजनौर।** बिजनौर जनपद में नगीना क्षेत्र के एक गांव से मंगलवार को दुखद घटना सामने आई। गांव में बीमारी के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पिता की मौत के सदमे में जवान बेटे की भी जान चली गई। घर से बाप और बेटे की एक साथ दो अर्थियां उठीं तो परिवार में आंसुओं का सैलाब बह गया। बताया गया कि क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर में सोमवार की शाम को 60 वर्षीय ऋषिपाल सिंह की बीमारी के चलते मौत हो गई।

### दंगा मामले में ताहिर हुसैन समेत 10 के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** अदालत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन, उनके भाई शाह आलम और आठ अन्य लोगों के खिलाफ 2020 उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक मामले में मूंगा नगर इलाके में विभिन्न दुकानों में कथित तौर पर तोड़फोड़ और आगजनी करने के आरोप तय किए हैं। वहीं अदालत ने तीन अन्य को आरोपमुक्त करते हुए कहा उनके खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं है। कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने आरोपियों के खिलाफ धारा 148, 380, 427, 435, 436, 450 के तहत आरोप तय किए हैं। जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है।

### बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की वाहन की टक्कर से मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गणेशपुर के पास वाहन की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गया। मझोला रोड स्थित निजी अस्पताल में उपचार के दौरान घायल उसकी मौत हो गई। इस मामले में मूंढापांडे पुलिस वाहन की तलाश करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। रामपुर जिले के पटवई थाना क्षेत्र के गांव ठाकुरद्वारा निवासी इतेंद्र ठाकुर (36) शहजादनगर में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। चचेरे भाई मुकेश ने बताया कि इतेंद्र अपनी बहन को देखने के लिए मुरादाबाद आया था। सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे वह बाइक से घर लौट रहा था।

ज्ञानवापी परिसर मामला

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

## गैर हिंदुओं के प्रवेश को रोकने की थी मांग

**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित पूरे ज्ञानवापी परिसर को सील कर वहां गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने इस संबंध में दायर जनहित याचिका निस्तारित करते हुए कहा कि वैकल्पिक फोरम का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। याची के अधिवक्ता ने याचिका वापस ले ली। जनहित याचिका विश्व वैदिक सनातन संघ (वीवीएसएस) प्रमुख जीतेंद्र सिंह



विसेन, राखी सिंह (श्रृंगार गौरी में वादी नंबर एक) ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी के माध्यम से दायर की थी।मुख्य न्यायमूर्ति ने याचिकाकर्ताओं के वकील से पूछा कि अदालत मंदिर में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर कैसे रोक लगा सकती है? कैसे कह सकते हैं कि केवल गैर हिंदू ही हिंदू संकेतों और प्रतीकों को नुकसान पहुंचाएंगे? खंडपीठ ने यह भी कहा कि जनहित याचिका में जिन राहतों की मांग की गई है, वह उस मुकदमे में भी की जा सकता है जो वाराणसी न्यायालय में लंबित है। याची के अधिवक्ता ने कहा कि वादपत्र (वाराणसी न्यायालय ) और जनहित याचिका में प्रार्थनाएं अलग-अलग है। वाद में केवल प्रार्थना करने का अधिकार मांगा गया है और जनहित याचिका में हिंदुओं से संबंधित कलाकृतियों की सुरक्षा की मांग है।

## जस्टिस श्रीवास्तव ने किया सवाल

जस्टिस श्रीवास्तव ने पूछा, 'आप कैसे कह सकते हैं कि कुछ भी क्षतिग्रस्त हो जाएगा या रिकॉर्ड/इतिहास गायब हो जाएगा?' फिर भी याचिकाकर्ता के अधिवक्ता इस बात पर जोर देते रहे कि ऐसी तस्वीरें संलग्न हैं कि कोई परिसर के अंदर हिंदुओं से संबंधित कलाकृतियां नष्ट कर रहा है। वैसे अदालत के सवाल के बावजूद वह यह नहीं बता सके कि कौन उन्हें तस्वीरें भेज रहा है। एएजी मनीष गोयल की इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि अदालत के आदेशों का पालन हो रहा है, कोर्ट ने जनहित याचिका में योग्यता नहीं पाई। याची के अधिवक्ता से कहा कि या तो वह याचिका वापस लें या मेरिट के आधार पर आदेश प्राप्त करें। अधिवक्ता ने इसे वापस लेने की बात कही। याचिका में यह भी कहा गया था कि ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) सर्वेक्षण का काम प्रभावित न हो।

छह राज्यों में उपचुनाव का एलान

# सात विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को मतदान, आठ को आएंगे परिणाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव का एलान कर दिया है। जिन राज्यों में यह उपचुनाव होने हैं, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इन छह राज्यों की सात विधानसभाओं के लिए उपचुनाव पांच सितंबर को होंगे।

जानकारी के मुताबिक, झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट जगरनाथ महतो (जेएमएम) के निधन के बाद खाली हुई थी। इसी तरह केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट ओमान चांडी (कांग्रेस), त्रिपुरा की बोक्सानगर सीट समसुल हक (सीपीआईएम), पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी एससी विधानसभा सीट बिष्णु पांडे (भाजपा) और उत्तराखंड की बागेश्वर (एससी) सीट चंदन राम दास (भाजपा) के निधन के बाद रिक्त हुई थी। त्रिपुरा की एक अन्य धानपुर विधानसभा सीट भाजपा नेता प्रतिमा भैमिक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट दारा सिंह चौहान के सपा से इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।



### चुनाव प्रक्रिया की अहम तारीखें

- अधिसूचना जारी होने की तारीख- 10 अगस्त
- नामांकन की अंतिम तारीख- 17 अगस्त
- नामांकन की जांच- 18 अगस्त
- नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख- 21 अगस्त
- मतदान की तारीख- पांच सितंबर
- मतगणना- आठ सितंबर
- चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का समय- 10 सितंबर

# घोसी सीट पर उपचुनाव हुए घोषित

### सपा विधायक रहे दारा सिंह के इस्तीफे से खाली हुई थी सीट

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** सपा एमएलए दारा सिंह के इस्तीफे से खाली हुई घोसी सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा हो गई है। इस सीट पर पांच सितंबर को मतदान होना है। अनुमान है कि दारा सिंह भाजपा से यहां के उम्मीदवार हो सकते हैं। समाजवादी पार्टी से यूपी के मऊ जिले की घोसी सीट से 2022 का विधानसभा चुनाव जीतने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान के इस्तीफे के बाद मंगलवार को उपचुनाव की घोषणा हो गई है। चुनाव आयोग ने उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है। इस कार्यक्रम के अनुसार घोसी सीट पर उपचुनाव के लिए 17 अगस्त तक परचा भरा जाएगा। जबकि नाम वापसी के लिए 21 अगस्त तक का समय दिया गया है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार घोसी सीट पर 5 सितम्बर को मतदान होगा। जिसके बाद 8 सितम्बर मतगणना की तिथि घोषित की गई है।

केरल विधानसभा में यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पास, सीएम विजयन बोले-

# यह संविधान नहीं मनुस्मृति पर आधारित

**तिरुवअनंतपुरम (एजेंसी)।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के केंद्र के कदम पर चिंता और निराशा व्यक्त करते हुए, केरल विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। केंद्र के कदम को ÷जल्दबाजी में की गई कार्रवाई÷ बताते हुए केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दावा किया कि यूसीसी का कार्यान्वयन संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि संघ परिवार के लिए संविधान मनुस्मृति है। वे हमारे संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। केरल के मुख्यमंत्री ने कहा कि संघ परिवार इस बात पर चर्चा नहीं कर रहा है कि यूसीसी की आवश्यकता है या नहीं।

सपा सांसद डिंपल यादव का सरकार पर हमला : बोलीं-

# मणिपुर घटना जितनी संवेदनशील..सरकार का रवैया उतना ही संवेदनहीन

**मैनपुरी (समृद्धि न्यूज़)।** देश में भाजपा सरकार के खिलाफ संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इस पर मंगलवार से लोकसभा पर चर्चा शुरू हो गई। इससे पहले स्पकीर ओम बिड़ला ने चर्चा शुरू करने की अनुमति दी है। चर्चा में उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने भी भाग लिया। उन्होंने विपक्ष के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने मणिपुर हिंसा, महिला



अपराध और कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस कड़ी में सांसद डिंपल यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्री राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ पर चर्चा करने की बात कह रहे थे। वो कहते हैं कि इन राज्यों में महिलाओं पर जघन्य अपराध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की चर्चा भी अवश्य होनी चाहिए। क्योंकि, एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में हर तीन घंटे में एक महिला शारीरिक उत्पीड़न का शिकार होती है। कहा कि इसके बाद भी उत्तर प्रदेश और केंद्र की डबल इंजन की सरकार मिलकर भी इसका संज्ञान नहीं ले रही है।

# गुजरात से शुरू होगा भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से शुरू होकर पूर्वोत्तर राज्य मेघालय तक चलने वाला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नवंबर से पहले गुजरात के पोरबंदर से अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट तक मार्च की संभावना जताई थी। हालाँकि, मार्ग और तारीखों के बारे में विवरण अभी तक अपुष्ट है। मंगलवार को खबर की पुष्टि करते हुए, महाराष्ट्र

## मेघालय में होगा खत्म

कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि राज्य के भीतर पार्टी के नेता एक समानांतर मार्च करेंगे। प्रमुख कांग्रेस नेता पश्चिमी राज्य के विभिन्न हिस्सों में मार्च का नेतृत्व करेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से मेघालय तक शुरू होगा।

विधान परिषद की कार्यवाही

उठा छुट्टा जानवरों का मुद्दा

# किसानों के मुद्दे पर हुआ हंगामा, विपक्ष का वाकआउट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

विधान परिषद में मंगलवार को किसानों के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की ओर से दिए गए जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि विपक्षी सदस्य सदन बाधित करने का बहाना गढ़ रहे हैं। सदन को अनायास रोकना ठीक नहीं है। इसलिए सदन की कार्यवाही नहीं रूकेगी।

सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद



बसपा के सदस्य भीमराव अंबेडकर के नकली देशी शराब से संबंधित जवाब आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने दिया। उन्होंने नकली शराब रोकने के संबंध में की गई कार्यवाही का विवरण दिया। इसके बाद सपा के डा. मान सिंह यादव के किसानों की आय बढ़ाने संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कृषि राज्यमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने रवि सीजन में गेंहू खरीद केंद्रों की संख्या जाननी चाही, जिस पर कृषि मंत्री ने कहा कि खरीद भरपूर हुई है। इसी बीच सपा के नरेश उत्तम ने छुट्टा जानवरों का मुद्दा उठाया तो कृषि मंत्री ने बताया कि 13 लाख से ज्यादा गोवंश संरक्षित किए गए हैं। ताकि किसानों की फसल का नुकसान न हो। इस पर सपा सदस्य संतुष्ट नहीं हुए। वे आलू खरीद और गन्ना खरीद के मुद्दे पर भी चर्चा की मांग करने लगे, जिसे पीठ ने इनकार कर दिया। इससे आक्रोशित सपा सदस्यों ने सदन का बहर्गिमन कर दिया।

## अनुसूचित जाति के छात्रों के हॉस्टल की पुख्ता व्यवस्था

सदन की कार्यवाही के बसपा के भीमराव अंबेडकर के सवाल का जवाब देते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि भागीदारी भवन में संचालित कोचिंग में 300 छात्रों के पढ़ने की व्यवस्था है। इन दिनों 261 छात्र रह रहे हैं। इस वर्ष सिविल सर्विस में 24 और पीसीएस में 94 प्रतियोगी चुने गए हैं। उनके रहने के लिए बने हॉस्टल का सुधार करवाया जा रहा है। इस बीच सपा के डा. मान सिंह प्रयागराज के दलित छात्रों के हॉस्टल का मुद्दा उठाया, जिस पर मंत्री ने बताया कि वे हॉस्टल अलग- अलग संस्थाओं के हैं। यह सुन हॉस्टल की जमीन भू माफियाओं द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाते हुए सपा सदस्य डा. मान सिंह व आशुतोष सिन्हा खड़े हो गए और हंगामा करने लगे। मंत्री ने मामला दिखवाने का आश्वासन दिया तो मामला शांत हुआ।

## कृषि लक्ष्य को लेकर नाराजगी

एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के सवाल के जवाब में उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। आकांक्षी फतेहपुर, चंदौली, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, चित्रकूट जिले में लक्ष्य एवं पूर्ति के आंकड़े स्पष्ट नहीं होने पर सदस्य ने आपत्ति जताई।

# राज्यपाल ने प्रयोगशाला का किया लोकार्पण

**आयोजन**

- प्रयोगशाला का लोकार्पण कार्यक्रम महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न
- कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति गीत व बेटी भारत की आकर्षक गीत किया प्रस्तुत



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

मंगलवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज निराला नगर लखनऊ विद्यालय में राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त राशि से निर्मित आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला का लोकार्पण कार्यक्रम महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उ.प्र. एवं विशिष्ट अतिथियों में यतीन्द्र शर्मा विद्या भारती, अखिल भारती सहसंगठन मंत्री, हेमचन्द्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री, हरेन्द्र श्रीवास्तव अध्यक्ष भारतीय शिक्षा समिति शामिल रहे। उक्त आयोजन की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर एवं छात्रों द्वारा दीपमंत्र के साथ सरस्वती वन्दना कर की गई। उक्त आयोजन में 50 कम्प्यूटर की आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला का लोकार्पण राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा बटन दबा कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक राष्ट्रभक्ति गीत व बेटी भारत की आकर्षक गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद यतीन्द्र शर्मा जी ने विद्या भारती व सरस्वती शिशु,विद्या मन्दिर निराला नगर की विशिष्ट कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि हमारे सभी छात्र एवं छात्राएं खूब मेहनत कर पढ़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं इसके लिए भाजपा सरकार निरंतर प्रयासरत है। साथ ही शिक्षा के प्रति उनके द्वारा तमाम बिंदुओं पर चर्चा कर छात्र एवं छात्राओं को प्रेरित किया गया और उनमें जागरूकता का प्रसार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल ने अनेक प्रेरक बातों को प्रस्तुत करते हुये विद्यालय के छात्र छात्राओं व अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों की उनके संस्कारों की सहारना किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ.शैलेन्द्र शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामतीर्थ वर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया।

## अमृत रथ यात्रा को आज पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी परिसर गोमतीनगर में कल 9 अगस्त को अपराह्न 3 बजे रेडियो जयघोष के प्रथम स्थापना दिवस एवं अमृत रथ यात्रा का शुभारम्भ किया जायेगा। इस यात्रा का शुभारम्भ प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा किया जायेगा। अतुल द्विवेदी निदेशक लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान ने बताया कि यह यात्रा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित होगी। इस रथ यात्रा के माध्यम से लेजर शो, सेल्फी प्वाइंट, लाइब म्यूजिकल बैंड एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। यह बस यात्रा प्रदेश के 21 जिलों में संचालित होगी।

## 1202 लाख से संवारा जायेगा मथुरा का मुक्तकाशीय रंगमंचः जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना एवं नन्दगाँव धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरे साल भर देश-विदेश से पर्यटक यहां आते रहते है। इसके दृष्टिगत पर्यटन विभाग द्वारा ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से मुक्तकाशीय रंगमंच के पुनर्विकास का कार्य 1202.12 लाख रूपये की धनराशि से किया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आडिटोरियम में लगभग 900 लोगों के बैठने कीक्षमता है। स्टेज पर साइक्लोरामा, आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था, एकोस्टिक का कार्य, फायर फाइटिंग, एयर कंडीशनिंग था विद्युतीकरण आदि का कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया है। मुक्तकाशीय रंगमंच के शुरू होने पर यह शहर के लिये सांस्कृतिक उत्थान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में अहम भूमिका निभायेगा। देश-विदेश से लाखों पर्यटक भगवान श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा के दर्शन के लिये आते रहते है।

ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टिगत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मथुरा मे बुनियादी सुविधायें लगातार विकसित की जा रही है। मुक्तकाशीय रंगमंच में विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक आयोजन होते थे, किन्तु यह भवन विगत वर्षों में जर्जर हो गया था।पर्यटन मंत्री ने बताया कि मथुरा धार्मिक नगरी होने के कारण इस रंगमंच में ब्रज की विभिन्न कलाओं जैसे रासलीला, लोक नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्र म की दृष्टि से इस भवन का जीर्णोद्धार किया जाना जरूरी था।

## मीडिया व समुदाय की भागेदारी से फाइलेरिया का उन्मूलन संभवः डॉ. भानु प्रताप

**लखनऊ।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा 10 अगस्त से प्रदेश के फाइलेरिया प्रभावित 27 जनपदों यथा- औरैया, बहराइच , बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, इटावा, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, गोंडा,कौशाम्बी, खीरी, मिर्जापुर, सीतापुर, हरदोई में तीन दवाओं डी.ई.सी. और एल्बेन्डाजोल और आईवरमेक्टिन के साथ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम (आईडीए )शुरू किया जा रहा है। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में मीडिया की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश एवं ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज द्वारा अन्य सहयोगी संस्थाओं यथा विश्व स्वास्थ्य संगठन, पाथ, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल और सीफार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, मीडिया सहयोगियों के साथ आज लखनऊ में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### भूपेंद्र चौधरी ने जताया शोक

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पत्रकार रविंद्र शर्मा की माताजी शीला देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

### फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ में मनाया गया फ्रेंडशिप डे



**लखनऊ।** राजधानी के फेवरेट शॉपिंग डेस्टिनेशन, फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ ने वीकेंड के दौरान फ्रेंडशिप डे समारोह का शानदार आयोजन किया। इस आयोजन से मॉल में आने वाले शॉपर्स को न केवल फ्रेंडशिप डे का भरपूर आनंद मिला बल्कि यहां उनके लिए कई सरप्राइज़ भी इंतजार कर रहे थे। फीनिक्स यूनाइटेड में फ्रेंडशिप डे उत्सव में दोस्तों के लिए एक साथ आनंद लेने के लिए कई रोमांचक गतिविधियां आयोजित की गई। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर संजीव सरीन ने इस आयोजन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, फीनिक्स यूनाइटेड में, हम बड़े उत्साह के साथ फ्रेंडशिप डे मनाकर बेहद प्रसन्न हैं। दोस्तों को जश्न मनाने के लिए एक साथ आते और उन्हें अपने दोस्ती के बंधन को प्रगाढ़ करते देखना बेहद सुखद अनुभव रहा। हमें पूरा विश्वास है कि यहां मनाया गया दोस्ती का उत्सव उन सभी के लिए एक यादगार अनुभव रहेगा।

### एमजी मोटर इंडिया ने किए सौ साल पूरे

**लखनऊ।** 100 सालों तक लचीलेपन, इनोवेशन, ग्राहक पर केंद्रित रहने की अपनी समृद्ध विरासत के साथ एमजी मोटर इंडिया अपने शताब्दी समारोह की तैयारी में लगा है। टेक्नोलॉजी और खुशी द्वारा संचालित इस ब्रांड को भारत में समुदायों को प्रोत्साहित करते हुए, विविधता को बढ़ावा देते हुए और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के परिवेश को मजबूत करते हुए अपने वृद्धि के सफर पर गर्व है। भारत में 2019 में अपना सफर शुरू करने के बाद एमजी मोटर इंडिया केस मोबिलिटी (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड, और इलेक्ट्रिक) में सबसे आगे रहा है। भारत में एमजी मोटर इंडिया द्वारा पेश किया गया पहला वाहन भारत का पहला इंटरनेट एसयूवी, एमजी हेक्टर था, जिसके बाद कंपनी ने पहला पूरी तरह से इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी, एमजी जैडएस ईवी पेश किया। ब्रांड ने अत्याधुनिक इनोवेशन भी पेश किए हैं। एमजी की सभी कारों में कनेक्टेड टेक्नोलॉजी है' और ये ऑटोनोमस लेवल 2 तक हैं।

### शार्प ने अत्याधुनिक मोनो मल्टीफंक्शन प्रिंटर्स लॉन्च किए

**लखनऊ।** शार्प आज दो उन्नत लाइट प्रोडक्शन मोनो मल्टीफंक्शन प्रिंटर्स (एमएफपी)- एमएक्स-एम1206 / एम1056 लॉन्च किए। इस नवीनतम एमएफपी सीरीज़ को उत्कृष्ट प्रोडक्टिविटी और शानदार परफॉर्मेंस देने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। शार्प का लक्ष्य उद्योगों और सरकारी प्रतिष्ठानों में अत्याधुनिक डॉक्यूमेंट सॉल्यूशन की लगातार बढ़ती माँग को पूरा करना है। इन प्रतिष्ठानों में कॉर्पोरेट ऑफिसेस, यूनिवर्सिटीज़, टेलीकॉम बिलिंग सेंटर्स, पब्लिशिंग हाउसेस, सेंट्रल रिप्रोग्राफिक्स डिपार्टमेंट्स, इंश्योरेंस पॉलिसी प्रिंटिंग, डिफेन्स प्रतिष्ठान, रिसर्च इंस्टीट्यूट्स, फार्मा हाउसेस और कॉर्पोरेट डेटा सेंटर्स शामिल हैं। नवीनतम एमएफपी सीरीज़ के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, नरीता ओसामु, मैनेजिंग डायरेक्टर, शार्प बिज़नेस सिस्टम्स (इंडिया) ने कहा, ÷हमारी नवीनतम लाइट-प्रोडक्शन सीरीज़, तेज स्पीड और अद्वितीय परफॉर्मेंस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह बड़े उद्यमों के लिए अधिक मात्रा में प्रिंटिंग और कम समय में ज्यादा आउटपुट की माँग को कुशलता से पूरा करती है। इस नवीनतम लाइट-प्रोडक्शन सीरीज़ के साथ, हमारा लक्ष्य यूज़र्स को उत्कृष्ट स्पीड, परफॉर्मेंस और सुरक्षा के साथ बेहतर अनुभव प्रदान करना है, जो प्रमुख संगठनों के लिए सफलता के आयाम रचते हुए बिना किसी परेशानी के कुशल संचालन सुनिश्चित करे।

## बेटे ने छोड़ा साथ तो डॉ. राजेश्वर सिंह ने थामा वृद्ध मां का हाथ

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में 80 वर्षीय वृद्ध महिला रामबेटी मिश्रा, जिसे उनका बेटा अकेला छोड़ कर भाग गया था, का समाचार प्रकाशित होने पर सरोजिनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाते हुए रु. 11 हजार की आर्थिक मदद के साथ जरूरत का सामान जैसे साड़ी, चप्पल इत्यादि हाइडिल चौराहा स्थित गौरी वृद्धाश्रम में भिजवाए, जहां कृष्णानगर पुलिस द्वारा महिला को दाखिल किया गया है। इसके साथ ही महिला का उपचार तुरंत शुरू हो सके इसके लिए डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृद्धाश्रम के मुख्य व्यवस्थापक कीर्तिवर्धन बाजपाई को रु.50 हजार का चेक श्सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के नाम से दिया है। डॉ. राजेश्वर सिंह बुजुर्ग महिला की दयनीय हालत देख कर काफी व्यथित थे। उन्होंने कहा, श्आजकल भौतिकतावाद, लालच और स्वार्थ में अंधे होकर कुछ लोग अपने जन्मदाता की जिस तरह उपेक्षा करते है।

## गूंगी बहरी सरकार जनहित के मुद्दे सुनने को तैयार नहीः रालोद

**दागे सवाल**

- रालोद विधायकों ने सरकार को सदन में घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों ने सरकार को जमकर घेरा और जनहित के मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछे।

उन्होंने कहा कि पार्टी के विधायक उत्तर प्रदेश के किसानों कामगारों के साथ युवाओं व बेरोजगारों की आवाज बनकर काम कर रहे है लेकिन गूंगी बहरी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि रालोद विधायकों ने सदन में गन्नाकिसानों के मुद्दे को जमकर उठाया। उच्च न्यायालय द्वारा कई बार आदेश जारी किया गया है कि गन्ना किसानों का अगर चीनी मिल किसानों के खरीदे गए गन्ने का भुगतान 14 दिनों में नहीं करती तो ब्याज सहित भुगतान करना होगा किन्तु प्रदेश की सरकार ने हाईकोर्ट की अवहेलना की और इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एमएसपी के नाम पर किसानों के साथ छल कियां। अभी तक एमएसपी नहीं दी जा रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी है। मेडिकल कॉलेजों में बेड नहीं है ऑक्सीजन एवं वेंटिलेटर की कमी कारण मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में दवाइयों तथा स्ट्रेचर की भारी कमी हैं। सरकार आम जनता के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार सिर्फ सामाजिक ताने बाने को बिगाड़ने में लगी है।

## नगर निगम में कर्मचारी चौपाल आज

**लखनऊ।** नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ की कार्यकारिणी समिति की बैठक संघ कार्यालय, द्वितीय तल लालबाग, लखनऊ में संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया था कि कर्मचारियों की अनेकों ज्वलन्त माँगें उ.प्र.सरकार, उ.प्र.शासन एवं निगम प्रशासन स्तर पर कई वर्षों से लम्बित हैं। जिनके निराकरण के सम्बन्ध में 09 अगस्त 2023 को नगर निगम मुख्यालय लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में समय दोपहर 01:30 बजे ''कर्मचारी चौपाल'' लगाये जाने का निर्णय लिया गया है। संघ अध्यक्ष श्री आनन्द वर्मा एवं महामंत्री राम अचल द्वारा बताया गया कि चौपाल सभा में सभी कर्मचारी अपनी माँगें,समस्यायें संघ के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त माँगा,समस्याओं को संकलित कर संघ उ.प्र. सरकार, उ.प्र. शासन एवं निगम प्रशासन को प्रेषित करते हुए माँगों की पूर्ति हेतु संघर्षरत रहते हुए आन्दोलन, धरना प्रदर्शन के माध्यम से पूरा करायेगा।

**मुरादाबाद दंगे की सच्चाई आई सामने**

## मुस्लिम लीग के नेताओं की वजह से भड़की थी हिंसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

यूपी विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन के पटल पर मुरादाबाद दंगों की एसआईटी जांच रिपोर्ट रख दी गई। 43 साल पहले मुरादाबाद में हुए दंगों की जांच रिपोर्ट आज सार्वजनिक की गई, जिसमें एक दंगे के पीछे की सच्चाई निकल कर सामने आई। दरअसल, रिपोर्ट के मुताबिक मुस्लिम लीग के दो नेताओं के राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते यह दंगा हुआ। बताया जा रहा है कि डॉक्टर शमीम अहमद के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग और डॉक्टर हामिद हुसैन उर्फ डॉक्टर अज्जी के नेतृत्व वाले खाकसारो तथा उनके समर्थकों और भाड़े के व्यक्तियों ने दंगों की भड़काने की कोशिश की थी। रिपोर्ट के अनुसार ईदगाह और अन्य स्थानों पर गड़बड़ी पैदा करने के लिए कोई भी सरकारी अधिकारी कर्मचारी या हिंदू उत्तरदाई नहीं था। आपको बता दें कि मुरादाबाद में दंगा होने के बाद एसआईटी ने आपनी जांच 1983 में सरकार को सौंप दी थी।

लेकिन इस रिपोर्ट को गुप्त रखा गया था, लेकिन हालही में योगी सरकार ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का फैसला किया था। उधर, विपक्ष रिपोर्ट को सर्वजिनिक करने को लेकर विरोध जताई है। मुरादाबाद में अगस्त 1980 में ईदगाह में दंगे भड़के थे। मुस्लिम समुदाय ने स्थानीय दुकानों पर हमले कर दिए थे, जिसे बाद यहां भारी दंगा हो गया थे, जिसमें कई मुस्लिमों की जान भी चली गई थी। इस दौरान मुस्लिम और वाल्मीकि समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। इन दंगों की जांच के लिए जस्टिस सक्सेना की कमेटी ने रिपोर्ट बनाई गई थी।

## अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास एवं नागरिक शास्त्र महोत्सव संपन्न

**आयोजन**

- भवन्स भगवानदास पुरोहित विद्या मंदिर, महाराष्ट्र ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास एवं नागरिक शास्त्र महोत्सव 'रिफलेक्शन-2023' का समापन आज सायं सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुए पुरस्कार वितरण समारोह में देश-विदेश के विजयी छात्रों को शील्ड, मैडल व सार्टिफिकेट प्रदान कर पुरष्कृत कर सम्मानित किया। भवन्स भगवानदास पुरोहित विद्या मंदिर, नागपुर, महाराष्ट्र की छात्र टीम ने 'रिफ्लेक्शन-2023' की ओवरऑल चैम्पियनशिप जीतकर अपने ज्ञान विज्ञान का परचम लहराया जबकि नालन्दा इण्टरनेशनल स्कूल, वड़ोदरा, गुजरात की छात्र टीम रनरअप रही। समापन समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की सतरंगी छटा बिखेर कर देश-विदेश से पधारे छात्रों, टीम लीडरों व प्रख्यात विशेषज्ञों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भारतीय संस्कृति से सराबोर शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों से विदेशी मेहमान गद्गद व प्रफुल्लित दिखाई दिये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व शान्ति प्रार्थना से हुआ। भारतीय संस्कृति में छिपी अनेकता में एकता को सुन्दर नृत्यों द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागी छात्रों का कहना था कि हम सी.एम.एस. के आभारी हैं, जिसने हमें अपने ज्ञान-विज्ञान के प्रदर्शन हेतु अन्तर्राष्ट्रीय मंच दिया। हम यहाँ से बहुत कुछ सीखकर जा रहे हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गाँधी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें सभी मतभेद मिटाकर विश्व नागरिक बनकर समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. गाँधी ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव युवा पीढ़ी का रुझान सम्पूर्ण मानवता के कल्याण हेतु प्रेरित करने में सफल हुआ है।

## यौनजनित रोगों से संक्रमित में एचआईवी का जोखिम अधिक

**सेवा**

- एड्स कंट्रोल सोसाइटी की समीक्षा बैठक में सुरक्षा क्लीनिक के कार्मिकों को निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



यौनजनित रोगों से संक्रमित (एसटीआई) लोगों में एचआईवी का जोखिम सामान्य व्यक्ति की तुलना में अधिक होता है। इसलिए सुरक्षा क्लीनिक पर दी जाने वाली सेवाएं बहुत अहम हैं। सुरक्षा क्लीनिक पर दी जाने वाली सेवाओं जैसे मरीजों को परामर्श, नियमानुसार दवा का वितरण प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। यह बातें सोसायटी के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित सुरक्षा क्लीनिक के कार्मिकों की समीक्षा बैठक के दौरान अपर परियोजना निदेशक डॉ. हीरा लाल ने कहीं। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियत्रंण सोसाइटी द्वारा जनपदों मे संचालित सुरक्षा क्लीनिक के कार्मिकों की समीक्षा बैठक चार बैच में अगले चार दिनों तक चलनी है। पहले बैच को संबोधित करते हुए डॉ. हीरा लाल ने कहा कि कार्मिकों द्वारा दी जा रहीं परामर्श सेवाओं मे सुधार की जरूरत है। इसलिए सोसाइटी स्तर से नया फॉर्मेट जारी किया जाएगा, जिसपर प्रत्येक सेंटर को मासिक रिपोर्ट देना अनिवार्य होगा। अपर परियोजना निदेशक ने कार्मिकों से कहा कि उन्हें अपने केंद्र पर नवाचार करना चाहिए। प्रत्येक माह सोसाइटी द्वारा कार्मिकों की ग्रेडिंग की जाएगी और बेहतरीन काम करने वालों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने यूपी विधानसभा से किया बहिर्गमन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में कृषि विभाग से जुड़े मुद्दों पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य डॉक्टर मानसिंह ने कृषि विभाग से संबंधित एक प्रश्न पूछा। इसके जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के बारे में विस्तार से बताया। सपा सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने अनुपूरक प्रश्न करते हुए पूछा कि वर्ष 2022-23 में रबी फसल की खरीद के लिए कितने क्रय केंद्र बनाए गए और बड़े पैमाने पर प्रदेश के किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे छुट्टा जानवरों की समस्या के निदान के लिए सरकार क्या कर रही है? मंत्री शाही ने कहा कि यह अनुपूरक पूछे गए मूल प्रश्न से संबंधित नहीं हैं लेकिन राज्य सरकार हमेशा इस बात के लिए प्रयत्नशील है।

## विधानमंडल में कांग्रेस नेता ने उठाया किसानों का मुद्दा

**मांग**

- कांग्रेस नेता की मांग पर सरकार एवं मुख्यमंत्री चर्चा को तैयार हुए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश में अनियमित वर्ष के कारण कहीं बाढ़ और कहीं सूखा की गंभीर समस्या से पीड़ित किसानों का मुद्दा विधानसभा में उठाया। साथ ही बाढ़ और सूखे दोनों से प्रभावित किसानों एवं अन्य पीड़ितों को सरकार से मुआवजा देने की मांग की। इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा करने की भी मांग की। जिस पर सरकार व विधानसभा अध्यक्ष नियम 56 के अंतर्गत चर्चा करने को तैयार हुए, अमूमन नियम 56 के अन्तर्गत सरकार चर्चा को तैयार नहीं होती है, लेकिन कांग्रेस नेता की मांग पर सरकार एवं मुख्यमंत्री चर्चा को तैयार हुए। विधानसभा में बोलते हुए आराधना मिश्रा मोना ने कहा की किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और अपने परिश्रम से पूरे देश का पेट भरते हैं। प्रदेश में अनियमित वर्ष की वजह से किसान, कहीं बाढ़ एवम कहीं सूखा दोनों की मार को झेल रहा है। प्रदेश में 41 जनपद ऐसे हैं जहां जून से अब तक बारिश बहुत कम हुई है जिसकी वजह से खरीफ फसल की रोपाई तय लक्ष्य से बहुत पीछे है, तो कहीं बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ हमारी मांग है कि जहां कम बारिश हुई है।

## परिषदीय विद्यालयों में 1.39 लाख स्वीकृत पदों को पुनर्बहाल करे सरकार

**लखनऊ।** हाल में संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में सत्र 2021-22 में स्वीकृत पदों की संख्या 719399 से सत्र 2022-23 में 579622 रह गई। यानी 139777 शिक्षकों के स्वीकृत पदों को खत्म कर दिया गया। अभी भी यूपी के परिषदीय विद्यालयों में 1.26 लाख पद रिक्त हैं बावजूद इसके रिक्त पदों को भरने से सरकार इंकार कर रही है। संयुक्त युवा मोर्चा ने पदों को खत्म करने के सरकार के फैसले की निंदा की है। संयुक्त युवा मोर्चा के केंद्रीय टीम के सदस्य व युवा मंच के संयोजक राजेश सचान ने परिषदीय विद्यालयों में खत्म किए गए 1.39 लाख पदों को पुनर्बहाल करने और सभी रिक्त पदों पर तत्काल चयन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। बताया कि संयुक्त युवा मोर्चा इस मुद्दे को रोजगार अभियान में प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाएगा।

## सरकार से स्कूल सुरक्षा बिल के माध्यम से गाइडलाइन लाने की अपील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**




चिल्ड्रंस गर्ल्स स्कूल आजमगढ़ में हुई घटना में शिक्षक एवं प्रधानाचार्या की गिरफ्तारी के बाद एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स, उत्तर प्रदेश ने स्कूलों को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से स्कूल सुरक्षा बिल अथवा इस संबंध में शासनादेश के माध्यम से गाइडलाइन लाने की अपील की है, जिसके लिए एसोसिएशन आज मुख्यमंत्री को एक प्रत्यावेदन भी देने जा रहा है। प्रेस क्लब लखनऊ में आयोजित इस प्रेस कांफ्रेंस में एसोएिशन के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार ने कहा कि निश्चित रूप से एक छात्रा के द्वारा स्कूल में की गयी आत्महत्या से हम सभी अत्यन्त दुखी हैं, किन्तु इस संबंध में बिना किसी जांच के शिक्षक एवं प्रधानाचार्या की धारा 305 के तहत गिरफ्तारी से उत्तर प्रदेश के सभी शिक्षक, प्रधानाचार्या एवं संचालक अत्यन्त ही डरे और सहमे हुए हैं। इस प्रेस कांफ्रेस में एसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ ही उपाध्यक्ष मंसूर हसन खान, सचिव बृजेश शर्मा, संयुक्त सचिव पूनम, कोषाध्यक्ष राम विलास के साथ ही कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। डॉ. अतुल कुमार ने कहा कि छात्रा के द्वारा आत्महत्या किया जाना वास्तव में अत्यंत दुखद घटना है किंतु इस घटना पर यह सवाल उठता है कि कैसे विद्यालय का प्रिंसिपल और शिक्षक इसमें दोषी हो सकता है, जिनको धारा 305 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। स्कूलों में बच्चों के द्वारा मोबाइल फोन लाना मना है।

## पेंशनरों ने नीति के विरोध में किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**




ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम पेंशन न बढ़ाये जाने और वृद्ध पेंशनरों के उत्पीड़न के विरोध में ईपीएफओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर आयुक्त श्री नवीन कन्नौजिया के माध्यम से प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री को ज्ञापन दिया। आयुक्त श्री कन्नौजिया ने पेंशनरों की समस्याओ को उच्च स्तर तक पहुचाने का विश्वास दिलाया।

प्रदर्शन स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि 4 अगस्त को दिल्ली में श्रम मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे पेंशनरों और समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत के साथ पुलिस के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया, सरकार के मंत्री पेंशनरों की मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दे रहे हैं दूसरी ओर श्रम राज्य मंत्री श्री रामेश्वरतेली द्वारा संसद में प्रश्नोत्तर के दौरान वक्तव्य दे रहे हैं कि- ईपीएस-95 के तहत मिनिमम पेंशन में वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपमान व श्रम राज्य मंत्री के उपरोक्त वक्तव्य ने आग में घी डालने का काम किया है, उपरोक्त वक्तव्य से यह दिखता है कि पेंशनर्स के प्रति सरकार न ही संवेदनशील हो और न ही उनकी मरणासन्न व दयनीय अवस्था के प्रति गंभीर है।

इन कारणों से देश के सभी ईपीएस-95 पेंशनरों और ईपीएफ सदस्यों में रोष चरम सीमा पर है। पेंशनरों ने केन्द्र सरकार और ईपीएफओ की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और न्यूनतम पेंशन 7500/- महीना, महंगाई भत्ता व पति पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा तत्काल प्रदान करने की मांग की। साथ ही दिल्ली में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो नेवी के कमांडर भी रहे हैं उनके साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करने की माँग की। सभा में रोडवेज, आवश्यक वस्तु निगम, अपट्रान, पी सी एफ, एच ए एल, एफ सी आई ,सीड कार्पोरेशन आदि अनेक उपक्रमों के पेंशनर शामिल हुए। सभा को सर्व श्री के एस तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज शेखर नागर प्रांतीय महामंत्री, राजीव भटनागर मुख्य समन्वयक, सतीश श्रीवास्तव, गीता वर्मा, सुनीता सोनकर, आदि अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

# राज्य सरकार के अतिथिगृहों में हो उत्तम व्यवस्थाः योगी

## मुख्यमंत्री ने की राज्य सम्पत्ति विभाग की समीक्षा, अफसरों को दिये दिशा निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेंगलुरु कर्नाटक, दिल्ली, अयोध्या व प्रयागराज में नए अतिथि गृह स्थापित करने करने के निर्देश दिए हैं। सरकर के इस कदम से आने वाले समय में लोगों को सहूलियत मिलेगी।राज्य संपत्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अतिथियों के लिए प्रयागराज व अयोध्या में नए गेस्ट हाउस की जरूरत है। बेंगलुरु में भी नया अतिथि गृह बनाया जाना चाहिए। इनके लिए यथाशीघ्र भूमि चिन्हित की जाए।योगी ने कहा, दिल्ली में यूपी भवन और यूपी सदन के साथ द्वारका स्थित नव लोकार्पित अतिथि गृह इंद्रप्रस्थ की उपलब्धता के बाद भी वहां एक नए अतिथि गृह की आवश्कयता है। गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 148 में इसके लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध है। इसका उपयोग किया जा सकता है। लखनऊ में विक्रमादित्य मार्ग स्थित निर्माणाधीन गोमती अति विशिष्ट अतिथि गृह का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा कर करने के भी निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि विधायक निवासों व अतिथि गृहों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने भवनों में सुविधा व सुरक्षा पर खासा जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में स्थित राज्य सरकार के अतिथि गृहों में आने वाले आगंतुकों को स्वागत सत्कार से लेकर भोजन व रूम सर्विस तक में सुखद अनुभव हो।मुख्यमंत्री ने कहा, सीसीटीवी व फायर सेफ्टी सहित भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सभी आवश्यक प्रबंध होने चहिए। मुख्यमंत्री ने हर विधायक निवास में मानक के अनुरूप आवासीय सुविधाओं की उपलब्धता के निर्देश दिए।

# 7570 के विरुद्ध हुई कार्रवाई 90 करोड़ की हुई रिकवरी

**बयान**

- कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की है जीरो टॉलरेंस पालिसीः खन्ना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है, जिसका नतीजा ये हुआ है कि प्रदेश में अपराधों की संख्या में गुणात्मक सुधार आया है। योगी सरकार साइबर क्राइम को लेकर भी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत कार्य कर रही है। साइबर क्राइम को लेकर जहां भी सूचना मिलती है, वहां पर न सिर्फ केस रजिस्टर किया जाता है बल्कि प्रभावी कार्रवाई को भी अंजाम दिया जाता है। विधानसभा में मंगलवार को एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने एक सवाल के जवाब में विधानसभा में कहा कि साइबर क्राइम के मामलों में हुई कार्रवाई के परिणाम बताते हैं कि हम काम कर रहे हैं। जहां कहीं भी सूचना मिलती है वहां मुकदमे भी दर्ज होते हैं और उस पर कार्रवाई भी होती है। 2022 से मार्च 2023 तक साइबर क्राइम के 13155 केस दर्ज किए गए हैं। इस दौरान 4372 में चार्जशीट दायर हुई है। 4606 में फाइनल रिपोर्ट लगाई जा चुकी है, 45 खारिज हुए, जबकि 7570 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसमें 89 करोड़ 45 लाख 67 हजार 617 रुपए की रिकवरी भी की गई। वित्त मंत्री ने कहा कि जब से प्रदेश में योगी सरकार आई है तब से अपराधों में कमी हुई है। जहां अपराध हुए हैं, वहां सख्त से सख्त सजा दी गई है। कुछ मामलों में ऐसी सजा दी गई है जो उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# कैबिनेट मंत्री बोले, अहीरों का काम जानवर पालना

## अखिलेश यादव ने लिखा-बेबस मंत्रियों को क्या जवाब देना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र शुरू है। आज विधानसभा सत्र का दूसरा दिन है। विधानमंडल के मानसून सत्र में पहले दिन समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने मणिपुर हिंसा का मुद्दा विधानसभा में उठाया।

उन्होंने आवारा पशुओं के मुद्दे को प्रमुखता से रखा था। जिसपर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विवादित बयान देकर सियासी माहौल को गर्म कर दिया। इस पर अखिलेश यादव ने एक ट्वीट कर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी को बेबस और शक्तिहीन बताया है। अखिलेश ने ट्वीट में किसी मंत्री का नाम नहीं लिया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर लिखा उन शक्तिहीन बेबस मंत्रियों की व्यक्तिगत टिप्पणी पर क्या जवाब देना, सरकार में जिनकी कोई गिनती तक नहीं। हमारी तो यही प्रार्थना है कि बेचारगी से त्रस्त ऐसे मंत्री को सन्मति दे भगवान! यदि अहंकार से मतिभंग होने का कोई उपचार होता तो हम उसके लिए भी सच्चे मन से प्रार्थना करते। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सोमवार को विवादित बयान दिया था। विधानमंडल के मानसून सत्र में अखिलेश यादव ने आवारा पशुओं के मुद्दे ना उठाने से जुड़े एक सवाल पर लक्ष्मी नारायण चौधरी ने पहले तो विपक्ष को मुद्दाविहीन बताया फिर कहा कि अखिलेश यादव अपनी असलियत से भटक रहे हैं। अहीरों का काम ही जानवर पालना था। वो अपने पैतृक धंधे को ही भूल रहे हैं।

उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि गाय और भैंस पालना तो अहीरों के पूर्वजों का मुख्य काम था। चूंकि वो मंत्री के घर में पैदा हुए। मुख्यमंत्री के घर में बड़े हुए। आसमान से टपके हैं इसलिए उन्हें बार-बार वही बात याद आती है। उनको तो ये सोचना चाहिए कि उनके पूर्वजों का ये धंधा है। जिस नन्द बाबा के वो वंशज बनते हैं।

# कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: ब्रजेश पाठक

## बगैर परीक्षण दूसरे अस्पताल को रिफर न करें मरीज



**निर्देश**

- नवनिर्मित सीएचसी को क्रियाशील करने हेतु पदों के सृजन का प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर महानिदेशालय को उपलब्ध कराया जाए
- स्कूलों में टीम भेजकर विद्यार्थियों की जांच कराई जाए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

सीएचसी-पीएचसी पर आने वाले मरीजों का बगैर परीक्षण किए दूसरे अस्पतालों में रैफर न करे। बिना सूचना अनुपस्थित चिकित्सा आधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

शाम पांच बजे के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक की तैनाती की जाए। यह निर्देश मंगलवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के आला अफ्सरों को दिए।

एनेक्सी भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सभी जिला चिकित्सालयों, सीएचसी,पीएचसी, सब सेंटरों एवं वेलनेस सेंटरों में नार्मस के अनुसार चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल वर्कर्स की अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज की जाए। अगर कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी बगैर सूचना दिए अनुपस्थित रहता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि शाम पांच बजे के बाद प्रत्येक सीएचसी में एक चिकित्सक की उपस्थिति जरूर रहे। बिना परीक्षण मरीज को किसी अन्य अस्पताल के लिए रैफर न किया जाए। जिला चिकित्सालय सहित समस्त सीएचसी, पीएचसी, सब सेंटर, वेलनेस सेंटरों में अनिवार्य रूप से जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के भी निर्देश दिए एवं समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। डिप्टी सीएम ने कहा कि नवनिर्मित सीएचसी को क्रियाशील करने हेतु पदों के सृजन का प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर महानिदेशालय द्वारा शासन को उपलब्ध कराया जाए।

संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर, उसके क्रियांवयन के निर्देश भी दिए। कहा कि स्कूलों के माध्यम से किशोरियों को किशोरी योजना के तहत सेनेट्री नेपकिन वितरित किए जाएं। स्कूलों में टीम भेजकर विद्यार्थियों की जांच कराई जाए एवं विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिजीटल एक्स-रे मशीनों को 90 दिनों में स्थापित किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, समस्त विशेष सचिव, एमडी एनएचएम, एमडी उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन, महानिदेशालय के समस्त निदेशक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत की तेजी से विकसित हो रही हाइजीन कंपनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



फैमिली केयर कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड ने बहुत ही धूम धाम से लखनऊ के आनंदी रिजॉर्ट पर चैनल पार्टनर और सेल्स टीम के साथ आयोजन किया लगभग 2 दिन चले इस प्रोग्राम में 57 , 175 स्टॉकिस्ट एवं 135 सेल्स टीम ने इस आयोजन को बहुत सक्सेसफुल बनाया। कंपनी के डायरेक्टर चिराग बेरिया एवं को फाउंडर मयंक बेरिया ने बताया कि फाइनैंशल ईयर 2024- 2025 में कंपनी 1000 करोड़ के विजन के साथ आगे बढ़ रही है। चैनल पार्टनर्स भी काफी उत्साहित हुए और अपना सपोर्ट व्यक्त किया। कंपनी का मिशन विज़न और आगे का बिज़नेस प्लान भी डिस्कस किया गया। ब्लड डोनेशन जैसा सामाजिक कार्य भी किया गया, जिसमें कंपनी के को फाउंडर मयंक बेरिया , सुल्तान, सलीम खान, राजेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, कामता कुशवाहा, समस् आलम तथा अंकित गुप्ता जैसे तमाम लोगों ने ब्लड डोनेट करके समाज के प्रति अपनी भागीदारी ज़ाहिर की।इस मौके पर कंपनी के सीएफओ मोहित वाधवा, आसिम सिद्दीकी तथा अन्य सीनियर्स भी शामिल हुए। कंपनी की जानी मानी ब्रैंड बमटम में कुछ नए प्रोडक्ट्स का भी लॉन्च किया।

# विधान भवन के सामने महिला का आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को उस समय विधान भवन के सामने हड़कंप मच गया जब सत्र के दौरान बागपत छपरौली निवासी सुमन सिंह ने पेट्रोल पी लिया। उसके बाद शरीर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश की। हालांकि समय से पुलिस कर्मियों के पकड़ लेने से बड़ी घटना होने से बच गई। पुलिस कर्मियों ने सुमन को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। सुमन ने स्थानीय पुलिस सिपाही भाई अरविंद के हत्यारोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। सुमन ने बताया कि उसका भाई अरविंद मुरादाबाद पुलिस लाइन में तैनात था। 27 मार्च को मकान मालिक से मेरठ ससुराल जाने की बात कह कर निकले थे। उसके बाद उनकी कोई लोकेशन नहीं मिली। इसकी जानकारी मकान मालिक के फोन आने पर हुई। इस पर उसकी गुमशुदगी बागपत के छपरौली थाने में दर्ज कराई थी। आठ दिन बाद भाई का शव गंग नहर में भोला की झाल में मिला।

# राज्यपाल ने की नैक मूल्यांकन प्रस्तुतिकरण की समीक्षा

**कार्यक्रम**

- नैक टीम के सभी सदस्यों को मूल्यांकन में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने हेतु जोर दिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की।

विश्वविद्यालय इससे पूर्व के अपने नैक मूल्यांकन में 'ए' श्रेणी प्राप्त कर चुका है, जिसकी वैधता वर्ष 2019 में समाप्त हो चुकी है। राज्यपाल ने नैक के सभी सातों क्राइटेरिया पर बिन्दुवार कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में विश्वविद्यालय के पूर्व नैक मूल्यांकन के दौरान गुणवत्ता सुधार हेतु पियर टीम द्वारा दिए गए सुझावों के अनुपालन में सम्पूर्ण किए गए। विविध विषयों पर टीम सदस्यों में तालमेल की कमी को दृष्टिगत करते हुए राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण को टीम भावना के साथ कार्य करके बेहतर बनाने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने क्राइटेरिया-2 की प्रस्तुति को कमजोर बताते हुए पुनर्लेखन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर सुधार करते हुए शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ मेंटोर मेंटी सम्बन्धों को मजबूत बनाएं और प्रति सप्ताह अपने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक बैठक कर सामूहिक वार्ता करें। चर्चा के मध्य राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय एक अतिविशिष्ट धार्मिक क्षेत्र में स्थित है। इसके आस-पास स्थित धार्मिक स्थलों से सम्बन्धित प्रोजेक्ट तैयार कर विद्यार्थियों को विविध दर्शन पर शोध के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे कोर्सेज पर भी ध्यान दे, जो विद्यार्थियों को आर्थिक उपार्जन में सहायक हों। अनाथ बच्चों और संस्थागत प्रसव में जन्मे बच्चों की जन्मकुंडली बनाने के अपने पूर्व निर्देश की आज की बैठक में पुनरावृत्ति करते हुए राज्यपाल ने पूर्व निर्देशों के अनुपालन पर भी जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की कक्षाओं को भी आधुनिक किए जाने की आवश्यकता को लक्ष्य किया।

# आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों में काउंसिलिंग प्रक्रिया निर्धारित

**लखनऊ।** प्रदेश के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों में बी.ए.एम.एस बी.यू.एम.एस. बी.एच.एम.एस. में नीट यू0जी0-2023 तथा एम.डी.एम.एस. पाठ्यक्रमों में ए.आई.ए.पी.जी.ई.टी.-2023 की मेरिट को अंगीकार करते हुए प्रवेश की ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया सम्पन्न करायी जायेगी। आयुर्वेद सेवाएं उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ. पी.सी. सक्सेना ने देते हुए बताया कि सत्र-2023-24 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी जो नीट-2023 ए.आई.ए.पी.जी.ई.टी.-2023 की परिणाम सूची में अर्ह घोषित हुए हैं वे अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध आवश्यक सूचना का अवलोकन करें, जिसमें अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण एवं काउंसिलिंग के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# एलडीए की बैठक में कई प्रस्ताव हुए मंजूर

**बैठक**

- अनियोजित कॉलोनी में 15 फीसदी अधिक शुल्क पर पास होगा घर का नक्शा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



एलडीए बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एलडीए अध्यक्ष एवं कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि प्रमुख सड़कों के किनारे स्थित अनियोजित निर्माणों का नक्शा पास किया जाएगा। सरकारी, अर्द्धसरकारी कर्मचारियों को 25 और आम जनता को 35 फीसदी भुगतान करने पर एलडीए के फ्लैट में कब्जा मिल सकेगा. बोर्ड के समक्ष रखे गए 29 में से 28 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। अनियोजित निर्माण वाले क्षेत्र में 9 व 12 मीटर चौड़ी सड़क किनारे घर बनाने के लिए नक्शा पास हो सकेगा। शर्त यह है कि यह प्रमुख मार्ग हो और विकास क्षेत्र में आता हो,इसके लिए 15 फीसदी अतिरिक्त शुल्क देना होगा। एक बात और, जो निर्माण सड़क किनारे होंगे, उनका ही नक्शा पास किया जाएगा। यदि उनके पीछे अनियोजित कालोनी का कोई हिस्सा है तो वह शामिल नहीं होगा। भूखंड मिलाकर किए गए निर्माण वैध माने जाएंगे। उनका नक्शा पास होगा, बशर्ते वह निर्माण सेटबैक छोड़ते हुए मानकों के मुताबिक हुआ है।

नई नीति में कॉमर्शियल के लिए चार और आवासीय के लिए दो भूखंड जोड़ कर निर्माण कर सकेंगे। पार्किंग में शादी समारोह की मंजूरी बोर्ड में एक और निर्णय हुआ जिसमें लोहिया विधि विश्वविद्यालय के सामने खाली पड़ी विशाल पार्किंग जमीन पर शादी समारोह को मंजूरी दी गई। यहां पार्किंग के साथ शौचालय भी बने हुए हैं। इस जमीन पर 25 हजार रुपये देकर बुकिंग कराई जा सकेगी। सौर संयंत्र, वृक्षारोपण के लिए सिक्योरिटी छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने, वर्षा जल संचयन प्लांट लगाने और पेड़ लगाने की अनिवार्यता है। बावजूद इसके लोग इस नियम को नहीं मान रहे थे। यह नियम तीन हजार वर्ग फुट या इससे अधिक पर लागू था।

इसको अब दो हजार वर्ग फुट कर दिया गया है। इनके लिए सिक्योरिटी जमा की जाएगी जो अलग-अलग भूखंडों के आधार पर 20 हजार रुपये से दो लाख तक होगी। परिवार की सहमति पर एक नाम के लिए हो सकेगा म्यूटेशन, कॉमर्शियल सम्पत्तियों का रेट अन्य प्राधिकरणों से तुलना कर कम किया गया, 2 हजार प्रति वर्ग मीटर सस्ती, प्लॉट का हो सकेगा बंटवारा, 100 मीटर से छोटा न हो, ईडब्ल्यूएस को भी सुविधा, जानकीपुरम में श्मशान को रेलवे लाइन के आगे ग्रीन कॉरिडोर के पास स्थानांतरित किया जाएगा, एलडीए की 450 दुकानें हैं. इन दुकानों को 25 फीसदी भुगतान करते हुए लिया जा सकेगा।

# ओपी राजभर ने सपा पर साधा निशाना

## विपक्ष को लगता है कि मुद्दों पर चर्चा करेंगे तो फंस जाएंगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन है। पहले दिन की तरह आज भी विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी कोशिश की।

विपक्ष ने महंगाई से लेकर बेरोजगारी तक के सभी मुद्दों को सदन में उठाया।

एक तरफ जहां सपा ने भाजपा को अपने सवालों में घेरा, वहां दूसरी तरफ हाल ही में एनडीए में शामिल हुए सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने विरोधी दलों को आड़े हाथों लिया है और सपा पर जमकर निशाना साधा है। ओम प्रकाश राजभर समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार मौजूदा समय में विपक्ष से हर बिंदु पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। लेकिन विपक्ष सोच रहा है कि चर्चा करेंगे तो फंस जाएंगे। समाजवादी पार्टी ने दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों के साथ जो धोखा किया उसका खुलासा हो जाएगा। इसलिए सपा के लोग चर्चा से पीछे भाग रहे हैं और चर्चा नहीं कर रहे है। विपक्ष का काम अब सिर्फ हल्ला करना और चिल्लाना ही रह गया है। सरकार गरीबों के विकास और प्रदेशवासियों, वंचितों, पीड़ितों और शोषित लोगों के लिए काम कर रही है। जिसे देखकर विपक्ष परेशान हो गया है।

# फसलों की सिंचाई को लेकर ऊर्जा विभाग सतर्क

## किसानों की फसलों की सिंचाई में किसी प्रकार का संकट नहीं आयेगाः एके शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज विधान सभा में समाजवादी पार्टी के सदस्य लालजी वर्मा द्वारा निजी नलकूप के लिए किसानों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन देने को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए सदन में कहा कि किसानों की फसलों की सिंचाई को लेकर ऊर्जा विभाग पूरी तरह से सतर्क है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा और कृषि विभाग सिंचाई के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के मामले में किसी प्रकार का संकट नहीं आयेगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग सिंचाई की सुविधा हेतु किसानों के निजी नलकूपों को उनकी जरूरतों के हिसाब से संयोजन दे रहा है।

यहां तक कि प्रदेश के डार्क जोन में भी किसानों को निजी नलकूप हेतु कनेक्शन दिये गये हैं। अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 तक एक वर्ष में 86,425 निजी नलकूप कनेक्शन दिये गये। अप्रैल, 2023 से विगत चार महीनों में 14,000 निजी नलकूप कनेक्शन दिये गये हैं। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के उपभोक्ताओं को विगत चार महीनों में झटपट पोर्टल के माध्यम से 4,44,434 नये कनेक्शन दिये गये हैं। किसी भी व्यक्ति को अब विद्युत कनेक्शन लेने में कोई व्यवधान नहीं पड़ता। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से कनेक्शन दिये जा रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष की भीषण गर्मी में बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ गयी थी। यहां तक कि अभी जुलाई में 28,824 मेगावाट पीक डिमांड रही है। इसके पहले वर्ष 2012 से 2017 तक 12000 से 13000 मेगावाट पीक डिमांड रही। वर्ष 2016-17 में ही अधिकतम पीक डिमांड 16000 मेगावाट थी। इसी प्रकार 01 अप्रैल, 2017 में विद्युत ट्रांसफार्मर की कुल संख्या 12,07,541 थी, जबकि आज दोगुना से भी ज्यादा बढ़कर 26,36,333 ट्रांसफार्मर हो गयी है।

उन्होंने कहा कि विद्युत की अत्यधिक मांग के कारण ट्रांसफार्मर व तारों में लोड बढ़ गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति में व्यवधान होता है। जर्जर तारों को बदलने और ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य लगातार चल रहा है। विगत चार महीनों में 5,288 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गयी। 801 नये सब स्टेशन बनाये गये, 6845 किमी एबी केबिल लगायी गयी। गत वर्ष की अपेक्षा ट्रांसफार्मर जलने में भी कमी आयी है। अभी तक 0.55 प्रतिशत ही ट्रांसफार्मर जले हैं।

# मुख्य सचिव ने सीमा पर निर्माण की प्रगति समीक्षा की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश की अंतर्राष्ट्रीयध्अन्तर्राज्यीय सीमा पर बहुउद्देश्यीय हब के निर्माण की प्रगति समीक्षा की।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय,अन्तर्राज्यीय सीमा के निकट बहुउद्देशीय हब का निर्माण कर उच्चतम गुणवत्ता वाली सुविधायें उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लायी जाये। ये हब राज्य की छवि को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। बहुउद्देशीय हब के निर्माण के लिये भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी लायी जाये। आवास विभाग द्वारा अधिग्रहीत भूमि का ले-आउट प्लान तैयार कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किये जाने वाली सुविधाओं के लिये भूमि का आवंटन किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सीमा पर प्रवेश पर लोग अच्छा महसूस करें और वापस प्रदेश की अच्छी छवि लेकर जायें। उन्होंने निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय हब को पहचान देने और ब्राण्डिंग के लिये एक अच्छा नाम रखने का सुझाव दिया। राज्य की सीमा पर स्थित विद्यालय, अस्पताल, बस स्टैण्ड, किसान मंडी, बाजार, मॉल, पर्यटक सुविधाओं व अन्य सुविधाओं का आवश्यकतानुसार उन्नयन व नवनिर्माण कराया जाये और उनके साइनेजज मार्गो पर लगवाये जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 जनपदों के बार्डर पर गेट के निर्माण में तेजी लायी जाये। जिन गेट के निर्माण के लिये एनएचएआई स्तर पर एनओसी अपेक्षित है, उनमें एनएचएआई से संपर्क व समन्वय कर यथाशीघ्र एनओसी प्राप्त करते हुये निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाये। उन्होंने आगरा-जयपुर बार्डर पर भी एक गेट बनाने का सुझाव दिया।

# मिशन स्कूल अभियान के तहत महापौर ने की समीक्षा बैठक

**तैयारी**

- कम्प्यूटर शिक्षा की लैब के लिए 100 लैपटॉप उपलब्ध कराये जायेंगे जिसकी कार्यवाही प्रगति पर है

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों हेतु मूलभूत सुविधाएं को उच्चीकृत एवं विद्यालयों का सम्पूर्ण विकास के लिए मिशन स्कूल के तहत निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में आज महापौर जी द्वारा नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा संचालित 6 विद्यालयों व कॉलेजों क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज, अमीनाबाद इंटर कालेज, कश्मीरी मोहल्ला म्युनिस्पिल गर्ल्स इंटर कालेज, कश्मीरी मोहल्ला मॉडल मान्टेसरी स्कूल, मॉडल मान्टेसरी स्कूल एवं म्युनिस्पिल नर्सरी स्कूल चिल्ड्रेन पैलेस के प्रधानाचार्य व प्राचार्यो सहित जोनल अधिकारियों व नगर अभियंताओं के साथ बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक में महापौर के निर्देशानुसार शहर के गणमान्य व्यक्तियो, निजी संस्था, व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा अंगीकार करने के पश्चात उपरोक्त विद्यालयों के विकास, जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार की गयी।

बैठक में अवगत कराया गया कि पेटीएम फाउंडेशन द्वारा नगर निगम के म्युनिस्पिल गर्ल्स इंटर कालेज व अमीनाबाद इंटर कालेज के विद्यार्थियों की कम्प्यूटर शिक्षा की लैब के लिए 100 लैपटॉप उपलब्ध कराये जायेंगे जिसकी कार्यवाही प्रगति पर है। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में बहुउपयोगी हॉल व 5 कक्ष बनाये जाने पर चर्चा हुई। अवगत कराया गया कि उक्त कार्य एम.एल.सी. निधि से प्राप्त धनराशि से कराया जायेगा। उक्त निधि की धनराशि प्राप्त करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया है।बैठक में अमीनाबाद इंटर कालेज में हॉल व रसायन लैब के जीर्णोद्धार तथा कश्मीरी मोहल्ला गर्ल्स इ.कालेज हॉल का जीर्णोद्धार किए जाने के बिन्दु पर प्रस्ताव तैयार कर नगर निगम निधि से कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता सिविल महेश वर्मा, प्रभारी अधिष्ठान अम्बी बिष्ट, समस्त प्रधानाचार्या, समस्त जोनल अधिकारी, समस्त नगर अभियंता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फाइलेरियारोधी दवा का सेवन ही एकमात्र बचाव : डीएम

- सामूहिक दवा सेवन अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित
- 10 अगस्त से घर घर खिलाई जायेगी फाइलेरिया से बचाने की दवा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 अगस्त से जिले में आईडीए राउंड शुरू हो रहा है। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्वयं सेवक घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है और इससे बचने का एकमात्र उपाय समय पर

फाइलेरियारोधी दवा सेवन करना है जिससे कि समय रहते फाइलेरिया के परजीवी पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी लोग माइक्रो प्लान के हिसाब से कार्य करें, और इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गांवों में इस अभियान का शुभारंभ ग्राम प्रधान व अन्य प्रतिष्ठित लोगों से कराएं और प्रयास करें कि हर एक व्यक्ति दवा का सेवन करे।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व एनजीओ के लोग दवा से होने वाली दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए बताएं कि इसका दुष्प्रभाव बहुत देर तक नहीं रहता है और ना ही इतना गंभीर होता है, कि किसी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़े। दवा के साइड इफेक्ट्स कुछ ही देर में समाप्त हो जाते हैं और व्यक्ति एक-दो घंटे में सामान्य हो जाता है। लोगों को बताएं कि फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के दुष्प्रभाव के प्रबंधन के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) हमेशा तैयार रहेगी। आईडीए राउंड के तहत फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन सभी को सुनिश्चित कराने के लिए इस अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। जहां जहां से अभी तक माइक्रोप्लान नहीं आ आए हैं वह कल तक अपना माइक्रो प्लान जिले पर पहुंचाएं।

## नौ अगस्त को दिलाई जाएगी पंच प्रण की शपथ



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 अगस्त 2023 को पंच प्रण की शपथ दिलाई जानी है। उन्होंने बताया है कि जिसके अंतर्गत समस्त ग्राम, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, निगमों, औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि को पंचप्रण की शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अवसर पर सभी वर्गों से पंच प्रण शपथ दिलाते हुए भारत सरकार की वेबसाइट merimatimeradesh.gov.in पर सेल्फी अपलोड कराए।

## सीडीओ ने जिला कारागार में प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण



- बन्दियों को पाठ्य सामग्री का वितरण कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए किया प्रोत्साहित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने जिला कारागार रायबरेली में उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण स्त् बन्दियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने कैदियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला कारागार रायबरेली में निरुद्ध पुरुष एवं महिला बंदियों को कुशल बनाने के लिए उ.प्र. कौशल विकास मिशन द्वारा सिलाई, कम्प्यूटर एवं एलईडी रिपेयरिंग में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्यप्रकाश जेल अधीक्षक, तनुजा यादव जिला समन्वयक उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं राजीव कुमार सिंह एमआईएस प्रबंधक उ.प्र. कौशल विकास मिशन भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक रिश्ते किस तरह बिखर रहे हैं यह समझ में लगातार देखने को मिल रहा है आपसी सामान्य से ना होना या जरा सी बात पर क्रोधित हो जाना और गलत कदम उठा लेना जिसका खामियाजा परिवार को भुगतना पड़ता है मामला डीह थाना क्षेत्र के शिव पुर मजरे गोपालपुर का है जहा बीती रात शिवलोचना ने किसी बात को लेकर दूरभाष पर पति से कुछ बातचीत हुई। इसके बाद सुलोचना ने घर के कमरे में फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुलोचना का पति बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। सुबह जब सुलोचना अपने कमरे से नही उठी तो घरवालों ने जाकर जब देखा तो वह फांसी के फंदे से लटक रही थी जिसको देखकर हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लड़की के पिता शेखर ने बताया की घर ।वालों से वीडियो कॉलिंग पर रात में सुलोचना से बात हुई थी। परंतु ऐसा कदम क्यों किया उठाया ये समझ के बाहर है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला युवक का शव कमरे से बदबू आने पर ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मृतक युवक के शव की बारीकी से जांच कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कपूरपुर गांव का है जहां घर के अंदर मुकेश निर्मल पुत्र लालजी निर्मल उम्र 30 वर्ष संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया मृतक मुकेश के मां–बाप पंजाब में नौकरी करते हैं और पत्नी 1 महीने से मायके में रह रही थी, युवक अपने घर में अकेला ही रहता था ग्रामीणों का कहना है कि रविवार के दिन मृतक युवक गांव में दिखाई पड़ा था उसके बाद आज उसका शव मिला, कमरे से बदबू आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक मुकेश के शव को कमरे से बाहर निकालकर फॉरेंसिक टीम को सूचना दी मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने बारीकी से जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### गर्भवती महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तुसरौर में घर में घुसकर बुरी तरह पीटने से पेट में दर्द होने का आरोप गर्भवती ने आरोपी भाईयों पर लगाया है। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तुसरौर निवासिनी अर्चना पत्नी अतुल के मुताबिक उसे 8 माह का गर्भ है। मंगलवार की दोपहर बाद थाना मौरावां के गांव निवासी आरोपीगण एकराय होकर उसके घर आये और घर में घुसकर उसे जाबेजा गालियां देकर बुरी तरह से लात घूसों से पीटने लगे। उसके चिल्लाते ही ग्रामीणों के आ जाने पर आरोपी भाई उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। जिससे उसके पेट में तेज दर्द होने से वह काफी परेशान हैं। पीड़िता की तहरीर के बाद कोतवाली प्रभारी पुलिस ने जांच बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### ब्लाक लेकर रेलवे ट्रैक पर की गयी गिट्टी पैचिंग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर 3.30 से 5 बजे तक मेन डाउन लाइन पर 90 मिनट का ब्लॉक लेकर ड़ाईनेमिक मशीन से गिट्टी पैकिंग का कार्य किया गया। इस बीच कई ट्रेने प्रभावित हुई। गंगाघाट स्टेशन मास्टर ने बताया कि मगरवारा में गिट्टी पैकिंग कार्य के चलते 90 मिनट का मेन डाउन लाइन पर ब्लॉक मांगा गया।

### शिक्षक चौपाल का आयोजन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड मियागंज के प्राथमिक विद्यालय सहजनपुर में शिक्षक चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों के सम्बंध को मजबूत करने और निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया गया। चौपाल की अध्यक्षता करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार ने कहा कि इस तरह की चौपाल शिक्षक और अभिभावक के सम्बंध को मजबूत करने के लिए सहायक साबित होगी। चौपाल में मौजूद एआरपी अमित वर्मा ने ऑपरेशन कायाकल्प एवम डीबीटी के अंतर्गत नि:शुल्क यूनिफार्म बैग जूता मोजा स्वेटर एवं स्टेशनरी के विरतण पर अभिभावकों के साथ चर्चा की। एआरपी अजय सिंह एवम बबिता त्रिवेदी द्वारा निपुन भारत मिशन दीक्षा एप निपुन लक्ष्य एप के बारे में अभिभावकों के साथ चर्चा की। इस दौरान चौपाल में मेधावी छात्रों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को बीईओ ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक अचल गौड़, अरविंद सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, विमल सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

### खेत में घुसने पर मवेशी को मारी सरिया, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में खेत में खड़ी चरी को नुकसान पहुंचा रहे पालतू मवेशी को किसान ने भगाने के लिए सरिया मार दिया जिससे मवेशी घायल हो गया। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफपुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। कैथनखेड़ा गांव निवासी मनीराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पालतू दुधारू मवेशी गांव निवासी मोहित के खेत में चला गया और खेत में खडी चरी खाने लगा जिसपर मोहित व हरिशंकर ने लाठी डंडे से मारने के बाद मवेशी के पेट में सरिया घोप दी जिससे मवेशी घायल हो गया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शिक्षक के चयन पर हर्ष

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा पीएमई विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 डीटीएच चैनल्स में प्रसारण से पूर्व शैक्षणिक वीडियोज की समीक्षा हेतु गठित 17 सदस्यीय समिति में सुमेरपुर विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित को शामिल किया गया। मलयपुर के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित अपनी कार्यप्रणाली के चलते बच्चों में लोकप्रिय है। सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित नवाचार के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं वही बीच–बीच में मोटिवेशन क्लासेस देकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं। पूर्व शैक्षणिक वीडियो की समीक्षा हेतु गठित समिति में आशीष दीक्षित का चयन होने से अभिभावकों में हर्ष है।

## 11 अगस्त को डलमऊ में लगेगा एक दिवसीय रोजगार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा भागीरथी इंटर कॉलेज मुराई का बाग परिसर डलमऊ, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 11 अगस्त 2023 को किया जा रहा है।

रोजगार मेला में डॉन बॉस्को टेक स्किलिंग इंडिया (रॉयल एनफील्ड), रेडॉक्स मैनेजमेंट प्रा.लि., डी.एस.एस. ग्रुप, पीपल ट्री ऑनलाइन, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि0, जी.फोर.एस. सिक्योर सॉल्यूशन इंडिया प्रा.लि., ब्राइट फ्यूचर ऑग्रेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि., इण्डियन एसोसिएट एवं टेक्नोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज द्वारा ऑफिस स्टाफ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एच.आर. मैनेजर, हेल्पर सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, बाउंसर, फील्ड ऑफिसर, सिक्योरिटी सर्विस, सुपरवाइजर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग, सेल्स एग्जीक्यूटिव, पिकर पैकर, ऑपरेटर, ए.टी.एम. कस्टोडियन, एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर्स, एरिया ऑफिसर्स, सेल्स रिर्पेसेन्टेटिव, सिक्योरिटी गार्ड, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर, एरिया मैनेजर, ब्लाक मैनेजर, सेल्स प्रमोटर, ट्रेनी ऑपरेटर, ऑटोमेटिक, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नीशियन, स्वेटिंग, पैकिंग, बैगिंग, स्कैनिंग पद हेतु चयन प्रक्रिया संपादित की जायेगी। आयु 18 से 45 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कम्पनियां लगभग 1050 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है।

## रोडवेज बस ने बाइक सवार पिता पुत्र को मारी टक्कर, पिता की मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार पिता पुत्र को मारी जोरदार टक्कर बस की टक्कर से बाइक में बैठे पिता की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनगंज गांव के पास का है जहां कमल उम्र 60 वर्ष अपने पुत्र के साथ बाइक से बछरावां कस्बे जा रहे थे तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनको जोरदार टक्कर मार दी बस की टक्कर से पिता की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया टक्कर मारने के बाद बस चालक मौके से बस लेकर फरार होने में कामयाब रहा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्यवाही शुरू की।

## मिशन इंद्रधनुष की शुरुआत बच्चों को मिलेगी खुराक

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



- बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं : डॉ. प्रेम शरण

बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान की शुरुआत हो चुकी है. इस अभियान के तहत नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा गौरतलब हो की 7 अगस्त से शुरू हुए सात दिवसीय सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं जो नियमित टीकाकरण से छूट गई थी उनके टीकाकरण के लिए इस अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पर तैनात ए एन एम और आशा बहू शिवगढ़ क्षेत्र के सभी गांव में जाकर चौपाल के माध्यम से इनका टीकाकरण करेंगी वही मिशन इंद्रधनुष अभियान के बारे में जानकारी देते हुए शिवगढ़ के नोडल अफसर डॉक्टर प्रेम शरण ने बताया कि इस मिशन से प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत टीकाकरण संभव होगा और नियमित टीकाकरण से बच्चों का लाभ मिलेगा साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 0-पांच वर्ष के ड्रॉपआउट और लेफ्टआउट बच्चों के अलावा गर्भवती महिलाओं को छूटी हुई खुराक और टीकाकरण किया जाएगा।

वही आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का टीकाकरण अभियान 7 अगस्त से 12 अगस्त तक होगा इस अभियान के तहत जो भी बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित रह गई अपना टीकाकरण अवश्य कराएं जिससे वह गंभीर बीमारी से बच सकें इस बार तीन चरणों में चलने मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत सात नहीं बल्कि 12 गंभीर बीमारियों खसरा, रूबेला, गलाघोंटू, काली खांसी, टेटनेस, निमोनिया, टीबी, दिमागी बुखार, पोलियो की सुई, डायरिया, हेपेटाइटिस-बी, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी से बचाव का टीका शामिल है।

# जिनके नाम पर ले रखा है आवास उन्हीं का नाम सुनकर सभासद हुआ बदहवास

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजाराम त्यागी के भतीजे से सभासद द्वारा की गई अभद्र भाषा तूल पकड़ती जा रही है।

भारतीय जनता पार्टी की जीती हुई महिला सभासद के पति से जाकिर हुसैन नगर के सभासद नूर उल हसन द्वारा की गई बातचीत की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता लेकिन सोशल मीडिया पर चल रहे ऑडियो मे सभासद महिला के पति शिवकुमार को धमकाते हुए और जूतों से मारने की बात कह रहा है सभासद नूरुल हसन इस कदर अपना आपा खोए हुए हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को भी नहीं बख्शा और मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री से बडा बता दिया वहीं जिस तरह सभासद भारत के सर्वोच्च पद पर बैठे प्रधानमंत्री का अपमान कर रहा है यह बात क्षेत्र में लोगों को अच्छी नहीं लग रही है और सोशल मीडिया पर सभासद का जमकर विरोध चल रहा है यहां तक कि भाजपा के पूर्व विधायक राजाराम त्यागी ने भी उसके बयानों को बहुत ही गलत बताया है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस प्रधानमंत्री को न जानने की बात सभासद नूर उल हसन करता है उन्हीं के नाम पर खुद इसने आवास ले रखा है जबकि नियम यह कहता है कि किसी भी सभासद को पद पर रहते हुए आवास नहीं दिया जा सकता अचरज की बात तो यह है खुद का प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित है तो वही अपने परिवार के सदस्यों को भी इसने प्रधानमंत्री आवास दे रखा है अब सबसे बड़ा प्रश्न है उठता है कि इस सभासद की जांच कर कर क्या इसके ऊपर कारवाई की जाएगी या फिर इसी तरह सोशल मीडिया और अन्य जगहों पर राजनीति ही खेली जाएगी।

## प्रधान ने दो लोगों पर डोंगल से पैसे निकालने का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुरवा विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखमदेमऊ की ग्राम प्रधान ने दूसरे गांव के दो लोगो पर जबरन डोंगल लेकर पैसे निकालने का आरोप लगा बीडीओ व पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखमदेमऊ की ग्राम प्रधान संतकुमारी ने बीडीओ व पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि क्षेत्र के गांव त्रिपुरारपुर निवासी दो लोग हमारी पंचायत देख रहे थे। इसी बीच हमारा डोंगल उक्त लोगो ने ले लिया। जिसके जरिए ग्राम पंचायत के रुपए निकाल लिए। जब इसकी जानकारी हुई तो इस संबंध में पूंछा गया। जिसपर उक्त दोनों लोग भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया गया तो जान से मारने की धमकी दी। जिससे प्रधानी चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि डोंगल अभी भी इन्हीं लोगो के पास है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है जांच कि जा रही है।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का समूह से समृद्धि की ओर एक कदम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत राधिका महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। राधिका महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत बिन्नावा विकास खण्ड दीनशाह गौरा की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सिलाई सेन्टर खोल कर कार्य किया जा रहा है। समूह सदस्य सुमित्रा देवी ने बताया कि इन्हें समूह में जुड़े 2 वर्ष हो रहे है, जबसे यह समूह में आई तब से इनके दुख दर्द एक-एक कर के दूर होने लगे, समूह में आने से पहले इनको काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था क्यों कि इनके पास पैसे नही थे जब भी पैसे की जरूरत पड़ती थी किसी न किसी आगे हाथ फैलाने पड़ते थे और पैसे की जरूरत तो सदैव ही पड़ती थी कभी कोई बीमार हो गया तो उसके इलाज के लिये तो कभी घर की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिये समूह में आने के बाद इन्होने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया और समूह से 5000 रु. लेकर सिलाई मशीन खरीदी और सिलाई का कार्य प्रारम्भ किया। वित्तीय वर्ष 2020-21 में इन्हें आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्राइमरी स्कूल के बच्चों की स्कूल ड्रेस की सिलाई करने का कार्य मिला जिसमें इन्होने अपने समूह सदस्यों के साथ मिलकर लगभग 4000 बच्चों की ड्रेस सिलकर दी जिसमे समूह को लगभग 1,40,000 का फायदा हुआ, इसके बाद इन्होंने समूह से 40,000 रू0 लिये तथा कुछ पति से पैसे लिये और सिलाई करने की बड़ी मशीन खरीदी जिसके द्वारा आज रायबरेली जिले के अंदर तथा दूसरे जिलो में भी स्कूल के बच्चों की ड्रेस सिलने का कार्य कर रही है। अब प्रतिमाह इनको लगभग 10000 रू0 की आमदनी हो रही है एवं इनका परिवार खुशहाल है और बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ सारी जरूरते पूरा हो रही है।

## मजदूरी मांगने पर मारपीट का आरोप

- सिर व शरीर पर काफी चोटों सहित दाहिना हाथ फ्रैक्चर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तारागढ़ी में मजदूरी मांगने पर घर में घुसकर पीटने का आरोप पीड़ित ने पड़ोस के आरोपी भाईयों पर लगाया है। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तारागढ़ी निवासी त्रिभुवन सिंह पुत्र स्व0 मान सिंह के मुताबिक उसके पिता की मार्ग दुर्घटना में मौत बाद मां मानसिक विक्षिप्त है। वह मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता है। बीते सोमवार की सुबह वह पड़ोसी के घर 5 दिन की मजदूरी 1500 रुपये मांगने गया था। जिसपर रात 10 बजे वह घर में खाना खा रहा था तभी पड़ोसी भाईयों ने उसके घर आकर कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई उनके जाकर पैसे मांगने की और उसे घर में घुसकर गिरा-गिराकर मारने लगे। फिर घसीटते हुए घर से बरामदे में लाकर जमीन में गिराकर बहुत पीटा। चिल्लाने पर दोनों भाग निकले। घटना बाद डायल 112 के पहुंचने पर दोनों भाग गये। जिससे उसके सिर व शरीर पर काफी चोटों सहित दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित की तहरीर के बाद कोतवाली प्रभारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## 50 लाख की लागत वाले निर्माण कार्यो की सीडीओ ने की समीक्षा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद में कराए जा रहे 50 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान सीडीओ ने जलनिगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्धता तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूरे कराए जाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनको तुरन्त हैण्डओवर कराने की प्रक्रिया पूर्ण करायी जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्यप्रकाश, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, सीवीओ डा0 अनिल पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार, अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम शहरी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर आशुतोष कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कलर बेल्ट टेस्ट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



शुक्लागंज नगर में संचालित समाजसेवी संस्था आरकेएस सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित आरकेएस स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने कानपुर ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में प्रतिभाग किया जिसमें वाइट बेल्ट से रुद्रांश शुक्ला अभिमन्यु सिंह आर्यन पाल रामजी गुप्ता तथा ग्रीन बेल्ट से रिया सुदर्शन ग्रीन प्रथम बेल्ट से फरयाल ओबैद ब्लू बेल्ट से रिचा गौतम तथा सुहानी गौतम ब्लू प्रथम बेल्ट से दुर्गा त्रिवेदी ने प्रतिभाग किया। इस संस्था के संचालक दिव्या मौर्य (प्रशिक्षक ताइक्वांडो) तथा संस्था अध्यक्ष सौरभ सिंह ने इन सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी और भविष्य में संघ द्वारा आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों की तैयारी और उचित ढंग से कराने की जिम्मेदारी उठाई और सभी नगर के निवासी खिलाड़ियों से अपील की जो भी खिलाड़ी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण खेल क्षेत्र में अपने भविष्य को नहीं समझ पा रहे हैं वह सभी आकर यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। संस्था द्वारा संचालित फाउंडेशन बैच में निर्धन बालिकाओं के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

## सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में छत पर सो रही महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजन झाड़-फूंक के लिए ओझाओं के यहां चक्कर लगाते रहे। जब हालत बिगड़ने लगी तो मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मियागंज के मोहल्ला बारादरी निवासी शान मोहम्मद की पत्नी सना मजवी सोमवार की रात को छत पर सो रही थी इसी बीच उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ओझाओं के यहां झाड़फूंक कराते रहे। फायदा नहीं हुआ तो अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## नशेबाजी में अधेड़ को किया मरणासन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशालपुर में नशे की हालत में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक ने अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला कर मरणासन्न कर दिया। सूचना पर पहुंची पीआरवी घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पत्नी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। आरोपी की तालाश की जा रही है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशालपुर निवासी शांतिदेवी ने बताया कि गांव का ही रहने वाला रामखेलावन लोध पुत्र मुझई मंगलवार दोपहर नशे की हालत में गाली गलौज कर रहा था। उसके पति गंगाराम लोध पुत्र स्व. शिवसहांय ने इसका विरोध किया। आरोपी ने उसके पति पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घायल के घरवालों की सूचना पर पहुंची पीआरवी-2939 ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा है। चर्चा यह भी रही हमला करने वाला अवैध रूप से शराब का कारोबार करता है। इस संबंध में एसओ अचलगंज प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर भेजी गयी थी लेकिन आरोपी फरार हो गया। घायल की पत्नी की तहरीर पर मारपीट व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नशे का नश्तर

पंजाब में लगातार बढ़ते नशीली दवाओं के शिकंजे का खतरा जितना भयावह है, हम उसका अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे वक्त में जब नशीली दवाओं के सेवन करने वाले वयस्कों, युवाओं व बच्चों की संख्या निरंतर बढ़ रही है तो इस संकट की घातकता को खत्म करने के लिये समस्या की जड़ पर प्रहार करना जरूरी होगा। बीते गुरुवार को लोकसभा में सामाजिक न्याय और आधिकारिता पर स्थायी संसदीय समिति द्वारा पेश की गई रिपोर्ट बेहद चिंताजनक तसवीर उकेरती है। इस रिपोर्ट के आंकड़े विचलित करने वाले हैं। रिपोर्ट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पंजाब व हरियाणा देश के सबसे अधिक नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले राज्यों में शामिल हुए हैं। वहीं चंडीगढ़ को सर्वाधिक नशीले पदार्थों के सेवन करने वाले केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे स्थान पर रखा है। सबसे दुखद व खतरनाक बात यह है कि नशीली दवाओं के सेवन करने वालों में बड़ी संख्या बच्चों की भी है। निस्संदेह, पंजाब लंबे समय से इस सामाजिक बुराई से जूझ रहा है, लेकिन सामने आये हालिया आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। ये आंख खोलने वाले आंकड़े बताते हैं कि तीन करोड़ आबादी वाले पंजाब में करीब 66 लाख से अधिक लोग नशीली दवाओं के सेवन करने वाले हैं। जिसमें 21 लाख लोग अफीम से बने नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। विडंबना यह है कि हाल के वर्षों में राज्य में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों लोगों की संख्या आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ी है। जो सरकारों के उन दावों को नकारती है कि नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाये जा रहे हैं। हालिया आंकड़े इस बात पर बल देते हैं कि राज्य सरकार की ओर से मादक द्रव्यों के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियानों को युद्ध स्तर पर शुरू करने की जरूरत है। नशा उन्मूलन के खिलाफ जहां सरकारी मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने की जरूरत है, वहीं समाज में भी जनजागरण अभियान तेज करने की जरूरत है।

असली सवाल यह है कि सरकारों द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियान के परिणाम जमीनी स्तर पर नजर क्यों नहीं आ रहे हैं। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने दावा किया था कि उसके नशीली दवाओं के विरोध में चलाये गये विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि पिछले एक साल में एनडीपीएस अधिनियम के तहत चलाये गये अभियान में 12,218 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। हालांकि, यह भी एक हकीकत है कि ज्यादातर मामले छोटे-मोटे ड्रग्स तस्करों से संबंधित ही थे। जबकि वास्तविकता यह है कि इस संकट पर काबू पाने के लिये नशीले पदार्थों के कारोबार में लगी बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसा जाना जरूरी है। इस संकट का एक पहलू यह भी है कि सीमा पार से नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। लगातार ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल होकर नशे की खेप व हथियार गिराते रहते हैं। इतना ही नहीं, भारतीय सीमा से भी ड्रोन नशीले पदार्थों की खेप लेने सीमा पार जाने लगे हैं। हाल ही में बाढ़ की आड़ में पाकिस्तान से लाई गई 77 किलो हेरोइन व हथियारों के साथ चार तस्करों की गिरफ्तारी बताती है कि सीमा पार से कितना बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। निस्संदेह, यह पुलिस व खुफिया विभाग की बड़ी कामयाबी भी है। अन्यथा यह नशा कितने घरों को बर्बाद करने का जरिया बनता, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। बार-बार पड़ताल से यह बात सामने आती रही है कि नशे के इस खतरनाक कारोबार में कानून लागू करने वालों, तस्करों तथा राजनेताओं का अपवित्र गठबंधन लगातार फल-फूल रहा है। निस्संदेह, इस गठजोड़ को खत्म किये बिना नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया जाने वाला कोई अभियान अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। आये दिन नशे के अधिक सेवन से युवाओं के मरने की खबरें इस भयावह संकट की ओर इशारा कर रही हैं। यदि नशे के खिलाफ बड़े कदम समय रहते न उठाए गये तो लाखों युवा बर्बादी की राह पर जा सकते हैं।

# दुर्भाग्य के कारण ही नागासाकी पर गिरा परमाणु बम



अशोक मधुप

**साल 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा दो परमाणु बम 'लिटिल बॉय' और 'फैट मैन' का इस्तेमाल किया गया था। 'लिटिल बॉय' आठ बजकर 15 मिनट पर अमेरिकी बॉम्बर 'एनोला गे' से लिटिल बॉय हिरोशिमा शहर के ऊपर गिरना शुरू हुआ। लिटिल बॉय को एनोला गे से नीचे आने में पूरे 43 सेकेंड का समय लगा। एक ही क्षण में वहां की इमारतों को छोड़ धरती पर मौजूद हर चीज गायब हो गई। विस्फोट का असर इतना भयंकर था कि ग्राउंड जीरो से 15 किलोमीटर दूर तक हर इमारत की खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए। ये अपने लक्ष्य अओई ब्रिज से 250 मीटर दूर शीमा सर्जिकल क्लीनिक के ऊपर फटा। इसकी शक्ति 12500 टन टीएनटी के बराबर थी। हिरोशिमा शहर की करीब दो तिहाई इमारतें एक सेकंड के अंदर ध्वस्त हो गईं। एक क्षण में ही हिरोशिमा शहर के करीब 80 हजार लोगों की मौत हो गई। धमाके की वजह से हवा से ऑक्सीजन खत्म हो गई थी और इसकी वजह से शेल्टर में छिपे हुए लोग भी सांस न ले पाने की वजह से मारे गए थे। बम गिरने पर उसके केंद्र बिंदु के एक किलोमीटर के क्षेत्र की एक-एक चीज भाप बन कर उड़ गई। हिरोशिमा पर हमला किए जाने के तीन दिन बाद यानी नौ अगस्त को अमेरिका ने जापान के एक अन्य शहर नागासाकी को निशाना बनाया और यहां फैट मैन नाम का परमाणु बम गिरा दिया। इसका वजन 4.8 टन था। बम गिरते ही बड़ी संख्या में लोग और जानवर उसी वक्त मर गए क्योंकि ऊष्मा की किरणों ने उनके शरीर की पानी की लगभग हर बूंद को सोख लिया था। विस्फोट से निकली ऊष्मा इतनी घातक थी कि उसने त्वचा को थर्ड डिग्री बर्न्स से जला दिया।**

अमेरिका का दूसरा परमाणु जापान के शहर नागासाकी की जगह क्योटो पर गिराया जाना था। सौभाग्य देखिए कि अमेरिका के युद्ध मंत्री की कृपा से वह बच गया। तीसरे शहर का भाग्य ने साथ दिया। क्योटो के लक्ष्य बदलने के बाद तै था कि कोकुरा पर बम गिराया जाए,पर आकाश में बादल होने के कारण चालक दल ने उसे छोड़कर उसकी जगह नागासाकी को अपना निशाना बनाया।

अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व ने टोक्यो, कावासाकी, योकोहामा, नगोया, ओसाका, कोबे, क्योटो, हिरोशिमा, कुरे, यवाता, कोकुरा, शिमोसेंका, यामागुची, कुमामताओ, फुकुओका, नागासाकी और ससेबो जैसे शहरों को हमले के लिए चुना। हिरोशिमा को अमेरिकी हमले में अबतक कम नुकसान हुआ था, इसलिए क्योटो को परमाणु टारगेट में इसे टॉप पर रखा गया। टोक्यो पहले ही तबाह हो चुका था इसलिए दूसरे नंबर पर क्योटो को रखा गया और योकोहोमा तीसरे नंबर पर।टारगेट कमेटी के वैज्ञानिकों ने क्योटो को प्राथमिकता दी क्योंकि ये शहर कई विश्वविद्यालयों का केंद्र था और उन्हें लगा कि वहां के लोग ये समझ पाएंगे कि परमाणु बम और अस्त्रों जैसा एक सामान्य हथियार नहीं था, ये मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। अब क्योटो टारगेट हिट लिस्ट में टॉप पर था और नागासाकी नीचे।

वह 1920 का दशक था। कहा जाता है कि अमेरिका के युद्ध मंत्री हेनरी एल. स्टिमसन अपनी पत्नी के साथ हनीमून मनाने के लिए जापान के क्योटो शहर आए थे। इस शहर के खूबसूरत नजारों ने उनके मन को मोह लिया और वह इसकी सुंदरता और संस्कृति को तबाह होते नहीं देखना चाहते थे। अमेरिका ने जब परमाणु हमले के लिए शहरों की लिस्ट बनाई तो स्टिमसन तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति हेनरी ट्रूमैन के सामने क्योटो को इस लिस्ट से हटाने की मांग को लेकर अड़ गए।

स्टिमसन जंग से जुड़े फैसलों को प्रभावित करने की क्षमता रखते थे। उनके अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रूमैन से अच्छे संबंध थे। वो ट्रूमैन को ये समझाने में कामयाब रहे कि अगर क्योटो पर हम परमाणु हमला करते हैं तो आनेवाले कई सालों तक जापान और अमेरिकी के रिश्ते में नरमी नहीं आ सकती क्योंकि क्योटो जापानियों के लिए एक शहर नहीं, एक धरोहर है, उनकी संस्कृति है... ये खत्म हो गया तो दोनों देशों के बीच की दूरी पाटने में सदियों लग सकते हैं। और इस तरह क्योटो शहर परमाणु हमले से बच गया।क्योटो तो बच गया। परमाणु बम गिराने के लिए उसकी जगह कोकुरा को चुना गए। कोकुराके बाद नागासाकी का नंबर था।

नौ अगस्त को अमेरिकी बमवर्षक विमान जापान के



कोकुरा शहर पर परमाणु बम गिराने जा रहे थे, लेकिन उन्हें अपना टारगेट बदलना पड़ा। टारगेट बदलने का कारण कोकुरा शहर पर बादल छाना था। हिरोशिमा धमाके के बाद काले धुएं ने इस शहर के आसमान को घेर रखा था। ये धुआं और बादल ही कोकुरा के लिए रक्षक बने और अमेरिकी पायलटों ने अपने सेकेंड टारगेट नागासाकी पर 'फैटमैन बम' गिराने का फैसला किया।

साल 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा दो परमाणु बम 'लिटिल बॉय' और 'फैट मैन' का इस्तेमाल किया गया था। 'लिटिल बॉय' आठ बजकर 15 मिनट पर अमेरिकी बॉम्बर 'एनोला गे' से लिटिल बॉय हिरोशिमा शहर के ऊपर गिरना शुरू हुआ। लिटिल बॉय को एनोला गे से नीचे आने में पूरे 43 सेकेंड का समय लगा। एक ही क्षण में वहां की इमारतों को छोड़ धरती पर मौजूद हर चीज गायब हो गई। विस्फोट का असर इतना भयंकर था कि ग्राउंड जीरो से 15 किलोमीटर दूर तक हर इमारत की खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए। ये अपने लक्ष्य अओई ब्रिज से 250 मीटर दूर शीमा सर्जिकल क्लीनिक के ऊपर फटा। इसकी शक्ति 12500 टन टीएनटी के बराबर थी। हिरोशिमा शहर की करीब दो तिहाई इमारतें एक सेकंड के अंदर ध्वस्त हो गईं। एक क्षण में ही हिरोशिमा शहर के करीब 80 हजार लोगों की मौत हो गई।

धमाके की वजह से हवा से ऑक्सीजन खत्म हो गई थी और इसकी वजह से शेल्टर में छिपे हुए लोग भी सांस न ले पाने की वजह से मारे गए थे। बम गिरने पर उसके केंद्र बिंदु के एक किलोमीटर के क्षेत्र की एक-एक चीज भाप बन कर उड़ गई। बिजली से चलने वाली ट्राम का भी नामोनिशान नहीं बचा। ऐसी तबाही दुनिया ने कभी नहीं देखी थी और ये तबाही मचाई थी लिटिल बॉय परमाणु बम ने।

हिरोशिमा पर हमला किए जाने के तीन दिन बाद यानी नौ अगस्त को अमेरिका ने जापान के एक अन्य शहर नागासाकी को निशाना बनाया और यहां फैट मैन नाम का परमाणु बम गिरा दिया। इसका वजन 4.8 टन था। इसे बी-29 बॉक्सकार बमवर्षक विमान से नीचे गिराया गया था। बम गिरते ही बड़ी संख्या में लोग और जानवर उसी वक्त मर गए क्योंकि ऊष्मा की किरणों ने उनके शरीर की पानी की लगभग हर बूंद को सोख लिया था। विस्फोट से निकली ऊष्मा इतनी घातक थी कि उसने त्वचा को थर्ड डिग्री बर्न्स से जला दिया। ये धमाका बेहद जबरदस्त था, जहां बम गिरा, उससे 500 किलोमीटर दूर स्थित एक प्राइमरी स्कूल का नामोनिशान तक मिट गया था। एक किलोमीटर के दायरे में मौजूद हर चीज भाप बनकर उड़ने लगी। तब ऐसा लगा मानो शहर अचानक से राख में तब्दील हो गया हो। एक सेकेंड से भी कम समय में नागासाकी जेल की तीन इमारतें ढह गईं।

परमाणु बम का सबसे पहले विचार 1939 में आया। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने 1939 में पत्र लिख कर अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलीन डी रूजवेल्ट को न्यूक्लियर फ्यूजन की विनाशकारी ताकत के बारे में बताया। जर्मन रसायनविज्ञानी ऑटोहान ने इसकी खोज की थी। पत्र में कहा गया था कि इस प्रक्रिया का नतीजा 'एक नए तरह का अत्यंत शक्तिशाली बम' होगा। रूजवेल्ट ने इसके बाद यूरेनियम पर सलाहकार बोर्ड का गठन किया। साल 1942 में अगस्त के महीने में अमेरिका ने आधिकारिक रूप से परमाणु बम बनाने के लिए एक बेहद खुफिया कार्यक्रम का फैसला किया। इस प्रोजेक्ट का नाम बाद में मैनहटन प्रोजेक्ट रखा गया। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने दो अरब डॉलर का बजट दिया। न्यू मेक्सिको के लॉस अलामोस की एक खुफिया लैब में बम बनाने का काम शुरू हुआ। इसके लिए रॉबर्ट ओपेनहाइमर को साइंटिफिक डायरेक्टर बनाया गया। इस प्रोजेक्ट के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के शीर्ष भौतिक विज्ञानियों की टीम बनी। इसके साथ ही हजारों ऐसे लोग भी काम पर लगे जो नाजी शासन से भाग कर आए थे। 1943 में 12 अप्रैल को रूजवेल्ट की मौत हुई और हैरी ट्रूमैन अमेरिका के राष्ट्रपति बने। तब उन्हें अब तक बेहद खुफिया रहे मैनहटन प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी मिली। 1945 में यह बनकर तैयार ही नही हुआ कि वैज्ञानिकों ने लैब में इसका परीक्षण भी करके देख लिया। अब घरातल पर सच्चाई परखी जानी थी। और उसके लिए जापान ही उपयुक्त रहा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

विचार

# सावधान 'संसद चालू आहे'

भारत को पूरे विश्व में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र माना जाता है। इसकी असली वजह यह है कि इस प्रणाली के तहत संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर जिस प्रकार जनता की चुनी हुई सरकार को संसद के माध्यम से सीधे जनता के प्रति जवाबदेह बना कर गये हैं और देश की पूरी प्रशासन व्यवस्था को संविधान के प्रति उत्तरदायी बना कर लोकतान्त्रिक मूल्यों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा गया है उससे पूरी दुनिया प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकती थी। इसके साथ भारत में जिस प्रकार न्यायपालिका को पूर्ण स्वतन्त्र बना कर इसे सरकार का हिस्सा नहीं बनाया बल्कि सरकारी कामकाज की समीक्षा का अधिकार दिया गया उससे दुनिया के वे देश सर्वाधिक प्रभावित हुए जो उपनिवेशवाद या साम्राज्यवाद के चंगुल से आजाद होने के लिए छटपटा रहे थे। आज राज्यसभा में दिल्ली की सरकारी सेवा के बारे में जो बहस हुई उससे एक बार फिर सिद्ध हो गया कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र हैं और हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों में वह क्षमता है कि वे समय की मांग के अनुसार स्वयं को ऊंचा उठा सकें। दरअसल हमें अपने जन प्रतिनिधियों से ऐसी ही अपेक्षा रहती है। हालांकि पूरी तरह से यह नहीं कहा जा सकता कि बहस का स्तर पूर्व की बहसों के अनुरूप रहा हो क्योंकि इस सदन में एक समय में देश की हर जानी-मानी हस्ती रहती आयी है।

आजादी के बाद आचार्य नरेन्द्र देव से लेकर श्री प्रणव मुखर्जी तक इस सदन में बैठे हैं। मगर दूसरी तरफ लोकसभा में शोर-शराबे के बीच विधेयक भी पारित होते रहे। मगर एक महत्वपूर्ण घटना इस सदन में भी हुई। कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता लोकसभा अध्यक्ष ने बहाल करने के आदेश अपने सचिवालय के माध्यम से जारी किये। उनकी सदस्यता उसी समय बहाल हो गई थी जब सूरत की अदालत द्वारा उन्हें मानहानि के मामले में दी गई दो साल की सजा पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। इस फैसले के बाद वह खतावार नहीं रहे थे क्योंकि मानहानि का मुकद्दमा अब पुनः सूरत की अदालत में ही चलेगा और अदालत को अपना फैसला सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उठाये गये कानूनी नुक्तों की रोशनी में करना पडेग्गा। मगर आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस देश के लोगों की आस्था संसद में बरकरार रहनी चाहिए और उनमें विश्वास होना चाहिए कि हर पांच साल बाद अपने एक वोट की ताकत से वे जो प्रतिनिधि चुनते हैं वे संसद में पहुंच कर जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं या नहीं। संसद का यह सावन सत्र केवल 11 अगस्त तक ही चलेगा और अभी तक मणिपुर के मुद्दे पर दोनों में से किसी एक सदन में भी चर्चा नहीं हो पाई है। आज अर्थात बुधवार से लोकसभा में सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा रखे गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जायेगी। बेशक संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का ही होता है और सदन चलाने में सत्तारूढ़ दल की भूमिका ही प्रमुख रहती है। अतः भारत के लोग अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली बहस को बहुत उत्सुकता से देखेंगे। यह भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि इस संसदीय लड़ाई में अन्त में जीत भाजपा की ही होगी क्योंकि उनके पास फिलहाल 538 के सदन में 332 सदस्यों का समर्थन है। मगर लोकतन्त्र केवल संख्या बल का ही शासन नहीं होता है बल्कि यह देश के सभी पक्षों का शासन होता है इसी वजह से सरकार की हर नीति व फैसले पर संसद में बहस कराई जाती है। यही वजह थी कि खुद संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने ही यह नियम बनाया था कि कोई भी विधेयक शोर-शराबे या हंगामे के बीच पारित नहीं कराया जाना चाहिए। मगर अब इस नियम को नहीं माना जा रहा है और कभी-कभी तो स्वयं सत्तारूढ़ दल के सदस्य ही नहीं चलने देते।

मगर सदन की कार्यवाही में सरकार की स्थिति इस प्रकार होती है कि इन सदनों के अध्यक्ष मन्त्रिमंडल के सदस्यों तक को पहले एक सांसद मान कर उनके विशेषाधिकारों व अन्य अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। सदन में वे मन्त्री एक सांसद होने की वजह से ही होते हैं। हालांकि कोई भी व्यक्ति सरकार में मन्त्री छह महीने तक बिना सांसद बने भी रह सकता है। यह प्रधानमन्त्री का विशेषाधिकार होता कि वह किसी भी नागरिक को अपने मन्त्रिमंडल में शामिल करें। मगर उसे छह महीने के भीतर सांसद बनना पड़ता है। इसके बहुत से उदाहरण हैं। आज की परिस्थितियों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हम संसद की सार्थकता सिद्ध करें जिससे देश की जनता में इसके प्रति विश्वास कायम रहे। जनता का यह विश्वास ही लोकतन्त्र की सफलता की गारंटी होता है। राज्यसभा में आज इसी तरफ एक अच्छा प्रयास हुआ है। अतः बुधवार से शुरू होने वाली अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा ज्ञानमूलक और आम लोगों में विश्वास पैदा करने वाली होनी चाहिए।

लोकतन्त्र में ऐसा भी होता आया है कि कभी-कभी सरकारें स्वयं ही अपने प्रति सदन का विश्वास प्राप्त करने के लिए 'विश्वास प्रस्ताव' रखती रही हैं यह 'अविश्वास प्रस्ताव' के उलट प्रक्रिया होती है। 2008 के जुलाई महीने में लोकसभा में यही हुआ था जब तत्कालीन मनमोहन सरकार ने भारत-अमेरिका परमाणु करार के मुद्दे पर अपने प्रति 'विश्वास प्रस्ताव' रखा था।

साहित्य

# सुशासन को आखरी...



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

सुशासन को आखरी छोर तक ले जाना है

भ्रष्टाचार को रोककर सुशासन को
आखरी छोर तक ले जाना हैं
सरकारों को ऐसी नीतियां बनाना हैं
भारत को सोने की चिड़िया बनानां हैं

आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में भी
अपनी जड़ों से जुड़कर रहना है
प्रौद्योगिकी का उपयोग
कुशलतापूर्वक करना है

प्रौद्योगिकी पर जोर देकर
विकास को बढ़ाना हैं
कल के नए भारत को
साकार रूप देना हैं

साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाना हैं
संकल्प लेकर सुशासन को

## झरोखा

आखिरी छोर तक ले जाना हैं

भारत को परिवर्तनकारी
पथ पर ले जाना हैं
सबको परिवर्तन का सक्रिय
धारक बनाना हैं

न्यूनतम सरकार अधिकतम
शासन प्रणाली लाना हैं
सुशासन को आखिरी
छोर तक ले जाना हैं

भारतीय लोक प्रशासन को
ऐसी नीतियां बनाना हैं
वितरण प्रणाली में भेदभाव
क्षमता अंतराल को दूर करना हैं

लोगों के जीवन की गुणवत्ता
कौशलता विकास में सुधार करके
सुखी आरामदायक बेहतर
खूबसूरत जीवन बनाना हैं

सुविधाओं समस्यायों समाधानों
की खाई पाटना हैं
आम जनता की सुविधाओं को
अधनुतिक तकनीकी से बढ़ाना हैं



# राशिफल

**मेष**:- बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

**बृषभ**:- अपनी भावुकता पर नियंत्रण रखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**मिथुन**:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कर्क**:- भौतिक-सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे-संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

**सिंह**:- घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

**कन्या**:- भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

**तुला**:- दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

**वृश्चिक**:- निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनु**:- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मकर**:- भावनाओं पर नियंत्रण रख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रोत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कुंभ**:- किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**मीन**:- राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

# चीते बचेंगे कैसे



आदित्य नारायण

चीतों की कब्रगाह बने मध्यप्रदेश के कूनो नैशनल पार्क में एक और मादा चीते की मौत के साथ ही अब तक 9 चीतों की मौत हो गई है। बचे हुए 15 चीतों में से भी दो बीमार हैं। यद्यपि दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के विशेषज्ञ चीतों की मौत को लेकर एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मादा चीता धात्री की मौत फ्लाई लाखा संक्रमण से कीड़े पड़ने के कारण हुई और यह संक्रमण तेजी से फैल रहा है। पिछले दस दिनों से धात्री को ट्रैंकूलाइज करने की कोशिश की जा रही थी। फ्लाई लाखा के खतरे को देखते हुए बाकी चीतों की गर्दन से रेडियो कॉलर हटा दिए गए हैं। यद्यपि केन्द्र यह कहता रहा है कि सभी चीतों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। पहले यह कहा गया कि नामीबिया से लाए गए चीतों को यहां का गर्म मौसम रास नहीं आ रहा। कभी यह कहा गया कि चीतों की मौत आपसी संघर्ष के कारण हुई। कुल मिलाकर चीता प्रोजैक्ट को लगातार झटके मिल रहे हैं। चीतों की मौत को लेकर सियासत भी कम नहीं हो रही। कूनो में चीतों को बसाने का प्रयास दुनिया के सबसे बड़े वन्य जीव स्थानांतरण में से एक है। कूनो में चीतों की अब तक मृत्युदर सामान्य मापदंडों के भीतर ही है। चीता संरक्षण का इतिहास बताता है कि जब दक्षिण अफ्रीका ने वर्ष 1966 में चीतों को फिर से बसाने की कोशिश शुरू की तो उसमें 26 साल लग गए। अफ्रीका के माहौल में ढलने के लिए चीतों को समय लगा और इस बीच करीब 200 की मौत भी हुई। हालांकि, भारत में इतने बड़े पैमाने पर नुक्सान की संभावना नहीं है। जानकार बताते हैं कि निश्चित तौर पर प्रोजैक्ट चीता इसी तरह के बढ़ते दर्द से गुजरेगा। हालांकि, घबराने की जरूरत नहीं है। दक्षिण अफ्रीका एक्सपर्ट की यह राय है जो कि सरकार के चीता प्रोजैक्ट स्टीयरिंग कमेटी के परामर्श पैनल में भी शामिल है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में मिलाकर वैश्विक चीता आबादी का हिस्सा 40 प्रतिशत है। दुनियाभर में जानवरों की ष्निरंतर गिरावट को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने कमजोर प्रजातियों के संरक्षण का प्लान बनाया। इसी कड़ी में चीतों को देश के भीतर और बाहर फिर से बसाना शुरू किया गया। कुछ सालों के बाद उन्हें सफलता मिली और यह देश आगे की गिरावट को रोकने में सक्षम हो गया। फिलहाल चीतों की मेटा-जनसंख्या हर साल 8 प्रतिशत बढ़ रही है जो कि संख्या के लिहाज से 40-60 है। हाल ही में विशेषज्ञों ने एक स्टेटस रिपोर्ट दी है कि भारत में युवा व्यस्क चीते लाए जाएं क्योंकि युवा चीते नए वातावरण के लिए अधिक अनुकूल होते हैं और पुराने चीतों की तुलना में उनकी जीवित रहने की दर अधिक होती है। छोटे नर चीते अन्य चीतों के प्रति कम आक्रामक होते हैं जिससे अंततः विशिष्ट प्रतिस्पर्धा मृत्युदर का जोखिम कम हो जाता है। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर डाला है कि युवा चीतों को रिलीज किए जाने के बाद इनकी लम्बी जीवन प्रत्याशा होती है जो उच्च संरक्षण मूल्य और प्रजनन क्षमता प्रदान करती है। हालांकि शुरूआत में चीता शावक की मृत्यु दर अधिक होने की उम्मीद है क्योंकि मादा चीता एशिया में विभिन्न जन्म अंतरालों के अनुकूल होती है। रिपोर्ट में 'सुपरमॉम्स' के महत्व को भी रेखांकित किया गया। 'सुपरमॉम्स' अत्यधिक सफल, फिट मादा चीते हैं जो दक्षिण अफ्रीका के जंगली चीतों की आबादी को बनाए रखती है। विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में लाई गई सात जंगली मादाओं में से केवल एक के 'सुपरमॉम्स' होने की संभावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगले दशक में दक्षिण अफ्रीका आबादी से कम से कम 50 और चीतों को लाना भारतीय आबादी को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। दीर्घकालिक आनुवंशिक और जनसांख्यिकीय व्यवहार्यता के लिए दक्षिण अफ्रीकी और भारतीय चीतों की आबादी के बीच निरंतर अदला-बदली भी आवश्यक होगी। विशेषज्ञों ने भारतीय अधिकारियों को यह सुझाव देते हुए कि कुनो एक सिक रिजर्व हो सकता है, वैकल्पिक स्थलों की पहचान करने की सलाह दी है। सिंक रिजर्व ऐसे आवास हैं जिनमें सीमित संसाधन या ऐसी पर्यावरणीय स्थितियां होती हैं जो किसी प्रजाति के अस्तिव या प्रजनन के ष्लिए कम अनुकूल होती है। सिंक रिजर्व स्रोत रिजर्व से जानवरों को बढ़ाने पर निर्भर है। विशेषज्ञों ने 50 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र वाले दो अतिरिक्त वन्य जीव पार्कों को स्थापित करने की भी सिफारिश की है। कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने परियोजना के प्रबंधन को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की है। बेहतर निगरानी और समय पर उपचार से चीतों की मौत को रोका जा सकता है। बेहतर यही होगा कि कूनो प्रबंधन संक्रमण को बढ़ने से रोके और विशेषज्ञों की सलाह मानकर कदम उठाए। क्योंकि लगातार मौतों से भारत की छवि पर आंच आ रही है। थोड़ी सी भी चूक चीता प्रोजैक्ट के लिए महंगी और खरतनाक साबित हो सकती है।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# कटान प्रभावित क्षेत्रों का डॉ. रोशन जैकब ने किया औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



- आयुक्त ने विस्थापित परिवारों से की मुलाकात, जाना कुशलक्षेम
- अवशेष 22 विस्थापित परिवारों को जल्द बसाए तहसील प्रशासन : आयुक्त
- आपात बाढ़रोधी परियोजना से बचा बझेड़ा, आयुक्त ने की सिंचाई महकमे की सराहना

कटान प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने के उद्देश्य से मंगलवार को आयुक्त, लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब जनपद खीरी पहुंची, जहां उन्होंने डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम संग तहसील सदर व गोला के कटान प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। विस्थापित परिवारों को प्रशासन से उपलब्ध कराई जा रही सहायता की जमीनी हकीकत जानी।

सर्वप्रथम आयुक्त डॉ रोशन जैकब डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ तहसील सदर, ब्लाक फूलबेहड़ के मिलपुरवा बंधे पर पहुंची, जहां उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने बताया कि आज रात पानी बढ़ा है, परंतु किसी भी घर में जलभराव नहीं है। आयुक्त के पूछने पर एसडीएम ने बताया कि अहिराना के 97, नरहर-03, गूम-02 कट गए। प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों को अनुमन्य सहायता उपलब्ध करा दी है। विस्थापित परिवारों को श्रीनगर में जमीन देकर बसाया गया है। अवशेष 22 विस्थापित परिवारों को जमीन दी जायेगी। आयुक्त ने निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को बसाकर उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। उन्होंने निर्देश दिया कि गांव में छिड़काव कराए, स्वास्थ्य टीमें परीक्षण करते हुए दवाएं वितरित करें। एसडीएम को निर्देश दिए कि भविष्य में बाढ़ की संभावनाओं के दृष्टिगत सभी मुकम्मल तैयारियां सुनिश्चित करते हुए पूरा प्लान चॉकआउट कर लें। सिंचाई महकमे के अफसरों ने नक्शे पर आयुक्त को पूरी वस्तुस्थिति बताई।

इसके बाद आयुक्त ने डीएम, एसपी के साथ ग्राम श्रीनगर में विस्थापित परिवारों को बसाए गए स्थल पहुंचीं, जहा स्थलीय निरीक्षण कर विस्थापित परिवारों से संवाद किया, उनका कुशलक्षेम जाना। ग्रामवासियों ने प्रशासन के प्रयासों को सराहा। प्रशासन से 22 और परिवारों को बसाने के लिए कार्ययोजना जानी। निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को बसाने के लिए सर्वे कराते हुए जमीनों का चिन्हांकन कराए। इस दौरान ईई बाढ़ खंड राजीव कुमार, ईई खंड शारदानगर जेपी सिंह, बीडीओ फूलबेहड़ पीयूष सिंह, सीओ गोला प्रवीण यादव, प्रधान (जंगल नंबर-11) तेज लाल निषाद, प्रधान (करदहिया मानपुर) प्रीतम यादव, प्रधान (गूम) राजकिशोर, ब्लॉक प्रमुख प्रति. विश्वनाथ सिंह मौजूद रहे।

### बझेड़ा में कमिश्नर ने देखे आपातरोधी कटाव निरोधक कार्य, ग्रामीणों से लिया फीडबैक

लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ रोशन जैकब डीएम, एसपी, सीडीओ संग तहसील गोला, ब्लॉक बिजुआ के ग्राम बझेड़ा पहुंची, जहां उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा कराए आपातरोधी कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त ने ग्रामीणों से उनका फीडबैक जाना। ग्रामवासियों ने आयुक्त के समक्ष प्रशासन के प्रयासों को सराहा। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि सिंचाई विभाग ने समय रहते आपातरोधी कार्य कराए। इसी कारण आज उनका पूरा गांव सुरक्षित है। आयुक्त के पूछने पर ईई बाढ़खंड राजीव ने बताया कि बझेड़ा में फ्लड फाइटिंग, इरोजन वर्क, कटावरोधी कार्य करते हुए गांव सुरक्षित किया। वर्तमान में ग्राम समूह की आबादी कटान से पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसपर आयुक्त ने सिंचाई महकमे की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि इसकी सतत् निगरानी एव पर्यवेक्षण किया जाए। आयुक्त के पूछने पर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि ग्राम कोरियाना में 31 (21 पक्के एवं 10 कच्चे घर), नयापुरवा में 19 (17 पक्के, 02 कच्चे) मकान कट गए। सभी विस्थापित परिवारों को जमीन देकर बसाया जा चुका है। प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट एवं अन्य मुकम्मल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस मोके पर सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, ईई राजीव कुमार, जेपी सिंह, तहसीलदार विनोद गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने हाईवे पर लगातार पेट्रोलिंग कर कावड़ियों को पहुंचाई मदद



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में एक ऐसा थानेदार जो लोगो की सहयता के साथ साथ सावन माह के पवित्र अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद बलवंत शाही मय पुलिस फोर्स के हाइवे पर लगातार पेट्रोलिंग कर जगह जगह भंडारे की व्यवस्था कही प्रसाद की व्यवस्था, कांवडियो के रुकने उनके स्नान करने की व्यवस्था। कांवडिओ के पैर में पैदल चलने की वजह से छाले व अन्य तरह की चिकित्सीय उपचार उपचार खुद अपने हाथों से प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद बलवंत शाही की देखरेख में हैदराबाद पुलिस उनके पैरो में मरहम भी लगाती हैं। कांवड़िओ द्वारा थाना हैदराबाद पुलिस की दूर तक हो रही भूरि भूरि प्रशंसा हो रहा उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन।

## खबरें एक नजर में

### सफाई कर्मियों को वितरित किये छाते



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** 8 अगस्त को लखीमपुर नगर पालिका के सभागार में सभी सफाई कर्मियों को वितरित किए गए छाते,एके हुंडई की तरफ से नपा अध्यक्ष डॉ इरा ने नगर पालिका सभागार में सभी सफाई कर्मियों को छाते वितरित किए,कार्यक्रम के दौरान सभासद कौशल तिवारी, हुंडई सेल्स हेड दिव्येश,सेल्स कोऑर्डिनेटर विनय सक्सेना समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### ओडीओपी : प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, कानपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत दक्षता/कौशल विकास/ उद्यमिता विकास प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण सम्बन्धी प्रशिक्षण योजना संचालित है। गुप्ता से की जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत गुड उत्पाद से सम्बान्धित 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन बेबसाइट www. diupmsme.upsdc.gov.in पर यथा ट्रेड-गुड उत्पाद से सम्बन्धित ऑनलाईन आवेदन पत्रों के सापेक्ष अभ्यर्थियों के चयन के लिए उनकी अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा 09 अगस्त को गुड उत्पाद से सम्बन्धित साक्षात्कार समय 11 बजे से अपरान्ह कार्यालय, जिला उद्योग एवम् उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र में किया जाना प्रस्तावित है। कृपया उक्त ट्रेडों से सम्बन्धित उपरोक्तानुसार निश्चित तिथि, समय व स्थान पर अपने मूल प्रपत्रों के साथ प्रस्तावित साक्षात्कार में प्रतिभाग करे।

### हटवाया गया कोर्ट के बाहर का अतिक्रमण

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।** न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन को कैंपस के बाहर पसरे अतिक्रमण और गंदगी पर स्वतरू संज्ञान लेकर आदेश देना पड़ा तब कहीं जाकर सक्रिय हुए नगरपालिका प्रशासन का बुलडोजर वहां गरजा और अतिक्रमण और गंदगी साफकराए गए। गौरतलब है कि उरई रोड पर स्थित न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन परिसर के बाहर तमाम अवैध अतिक्रमण पसरा हुआ था जिससे गंदगी ने भी वहां अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया था। इस मसले पर कोर्ट ने स्वतरू संज्ञान लेकर पालिका प्रशासन को आदेशित किया जिस पर नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर मौर्य की देखरेख में परिसर और मुख्य गेट पर बुलडोजर गरजा और सफाई कर्मचारियों की मदद से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें अतिक्रमण को मौके पर हटा दिया गया। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक हरिशंकर निरंजन, राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार यादव भी मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी मौर्य ने बताया कि इस संबंध में एक पत्र न्यायालय कोर्ट से आया था जिस का पालन करते हुये अतिक्रमण हटाया गया क्योंकि इससे लोगों को आने जाने मे परेशानी हो रही थी तथा साफसफाई न हो पाने से गंदगी फैल रही थी। मच्छरों के आदि पनपने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ था।

# मतदेय स्थलों की सूची तैयार हुआ आलेख्य प्रकाशन

## 14 अगस्त तक दें सुझाव, आपत्तियां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन करते हुए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला गोकरननाथ, 140-श्रीनगर (अ0जा0), 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता (अ0जा0), व 144 मोहम्मदी के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की सूची तैयार कर ली गई है, जिसका आलेख्य प्रकाशन 08 अगस्त को कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि 08 अगस्त को प्रकाशित की गई मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची निःशुल्क निरीक्षण के लिए सम्बन्धित तहसील कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, खीरी एवं ऑनलाइन डीईओ पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

08 अगस्त 2023 को आलेख्य के रूप में प्रकाशित की। मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची में यदि किसी प्रकार की आपत्ति/सूझाव हो, तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, खीरी में विलम्बतम 14 अगस्त 2023 तक किसी भी कार्य दिवस में दिया जा सकता है।

# मानसिक जागरुकता शिविर में रोगियों को मिला इलाज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- मानसिक बीमारियों से बचाव के लिए तनावमुक्त रहने के साथ भरपूर नींद लेना जरूरी : डॉ. अखिलेश



मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अधीक्षक, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला डॉ. गणेश के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य व इससे जुड़ी अन्य बीमारियों के रोकथाम, बचाव और इलाज पर अपने विचार रखे।

मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने 90 विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय उपचार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए व्यक्ति को नींद 6 से 8 घंटे लेना जरूरी है। इसके अलावा प्रतिदिन व्यायाम, साफ सफाई, शुद्ध और ताजा भोजन, धूम्रपान का सेवन न करना समेत अन्य जरूरी आदतों को को अपने दैनिक जीवन में जरूर शामिल करना चाहिए, इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा 10 मानसिक मंदित व्यक्तियों का मानसिक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय ने जनसामान्य को मानसिक बीमारियों के लक्षणों जैसे- नींद न आना, उलझन, घबराहट, मिर्गी के दौरे, डिप्रेशन, सिर में दर्द, चक्कर आना, आत्महत्या के विचार आना,अपने आप से बात करना, शक करना, भूत प्रेत की छाया दिखना, डर लगना, पढ़ाई में मन न लगना आदि के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमजन मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी चिकित्सकीय उपचार व परामर्श के लिए जिला चिकित्सालय, मोतीपुर ओयल में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक आने की सलाह दी। इसके अलावा उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को फॉलोअप वा परामर्श के लिए जिला चिकित्सालय के मानसिक स्वास्थ्य हेल्प लाइन नंबर 9120984643 पर एवं किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या होने पर परामर्श के हेतु टेली मानस हेल्प लाइन नंबर 14416 पर संपर्क करने की सलाह दी गई शिविर में साइकेट्रिक नर्सिंग ऑफिसर विवेक मित्तल द्वारा मरीजों को दवा का वितरण किया गया।

शिविर में मरीजों की ब्लड प्रेशर की जाँच मंजीत सिंह, जावित्री देवी द्वारा 160 जांचे की गई। मधुमेह की जांच लैब तकनीशियन प्रमोद कुमार एवं दीपिका शर्मा द्वारा करीब 120 जांचे की गई। इस मौके पर सीएचसी के डॉ अजय कुमार वर्मा, एनसीडी डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. यसडी गोस्वामी सहित समस्त स्टाफ, आशा व एएनएम उपस्थित रहीं।

# खीरी में उत्साह, उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव

- बेटियों को बचाने, पढ़ाने का लिया संकल्प
- महिला अस्पताल, सीएचसी बेहजम, मितोली, फरधान, मितौली ने मनाया कन्याओं का जन्मोत्सव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग अनुपात में सुधार को लेकर सोमवार को जिला महिला अस्पताल, सीएचसी पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।

जिला महिला चिकित्सालय में महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा विष्ट व जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा के साथ नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट का वितरण किया। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस दौरान प्रचार-प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम, फरधान, मितौली सहित अन्य सीएचसी में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों के साथ नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट प्रदान की।

### विद्युत चेकिंग में दो उपभोक्ता चोरी करते पकड़े गए

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विभाग की कार्रवाई के बाद भी लोग बिजली चोरी बंद नहीं कर रहे हैं। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, विनोद कुमार व संविदा कर्मचारियों की टीम ने नगर में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान लाखन सिंह दलालनपुरा, हफीज व हनीफ दबगरान मीटर से पहले कट लगाकर बिजली जलाते हुए मिले। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़े गए लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। कहा कि नगर में चेकिंग अभियान लगातार चल रहा है। उन्होंने लोगों से बिजली चोरी न करने की अपील की है।

# टीकाकरण अभियान ने पकड़ी गति

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

गर्भवती महिलाओं व बच्चों में होने वाली बीमारियों के बचाव के लिए मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। योजना के अंतर्गत बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा रहा है। सरकार टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण योजना चला रही है। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं व बच्चों को डिफ्थेरिया, बलगम, टिटनस, पोलियो, तपेदिक, खसरा, हेपिटाइटिस-बी जैसे सात टीके लगाये जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर सहन बिहारी गुप्ता, एएनएम श्याम कुमारी एवं नीतू आशा की टीम ने जीरो से पांच साल तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का नगर के मोहल्ला खंडेराव में टीकाकरण किया। टीम ने लोगों को प्रेरित किया कि वह बीमारियों से बचने के हर गर्भवती महिला व जीरो से पांच साल तक के बच्चे को टीका अवश्य लगवाएं। टीकाकरण के माध्यम से उन्हें सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल व जमीअत उलमा के सदर व शहर काजी मोलाना सुल्तान अहमद ने लोगों से अपील की है कि सात अगस्त से बारह अगस्त तक चलाए जा रहे अभियान में मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत टीके अवश्य लगवाएं। ताकि बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा कवच उपलब्ध हो सके।

# पंच प्रण की दिलायी जायेगी शपथ : जिलाधिकारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अनुज सिंह अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा आयोजन किया जाना है, इसी क्रम मे 09 अगस्त 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि को पंच प्रण की शपथ दिलाई जायेगी कि मैं शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा।

मैं शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूँगा।

# आजमगढ़ घटना पर जालौन के विद्यालयों में रही अभूतपूर्व बंदी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- शिक्षक को अनावश्यक कानूनी बेड़ियों से जकड़ना समाज के लिए घातक
- बगैर जांच किए कार्यवाही करना निंदनीय
- शिक्षक बोले एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई का करेंगे विरोध

मंगलवार को आजमगढ़ जनपद के चिल्ड्रन गर्ल्स पब्लिक स्कूल में हुई दुखद घटना के बाद बिना किसी जांच के कक्षा अध्यापक एवं प्रधानाचार्या की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश के समस्त निजी विद्यालय संगठनों के आह्वान पर जनपद जालौन के समस्त सीबीएसई विद्यालयों में अभूतपूर्व बंदी रही तथा अन्य बोर्डो के विद्यालय भी या तो बंद रहे या शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया।

शिक्षक नेता अशोक राठौर, इं. अजय इटौरिया प्रबंधक बीकेडी एल्ड्रिच, रजनीश सिंह प्रधानाचार्य मार्निग स्टार ने संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे की मौत का जितना दुख बच्चे के माता-पिता एवं परिजनों को होता है उससे ज्यादा दुख विद्यालय परिवार को भी होता है। बच्ची की खुदकुशी की घटना अत्यंत कष्टकारक है तथा हम सभी उस बच्ची की आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं तथा परिजनों से गहरी संवेदना रखते हैं परन्तु बिना जांच एवं एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई का विरोध करते हैं। आज के परिवेश में बच्चों की देखभाल सही से न हो पाने के कारण एवं उनको जरा-जरा सी बात पर क्रोध आने से एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि समाज को दिशा देने वाला शिक्षक आज असमंजस की स्थिति में है क्योंकि उसे पता है कि अगर डांटेंगे नहीं तो बच्चे में सुधार नहीं होगा और यदि डांटने पर कोई गलत कदम बच्चे ने उठा लिया तो फिर उसके खिलाफ अनचाही दण्डात्मक कार्यवाही होगी। घटना के विरोध में पूरे जनपद के सीबीएसई स्कूलों सहित समस्त बोर्डो के विद्यालयों के शिक्षक ने काली पट्टी बांधकर घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शित किया तथा शिक्षक समुदाय ने शासन से मांग की कि शिक्षक को अनावश्यक कानूनी बेड़ियों से जकड़ना समाज के लिए एक स्वस्थ परंपरा नहीं होगी अतः अन्य विभागों की तरह शिक्षा विभाग में भी किसी भी घटना के बाद उसकी बिना जांच किए हुए भविष्य में विद्यालयों के साथ अनावश्यक एवं अप्रिय कार्यवाही न की जाए। इसमें एस आर पब्लिक स्कूल, बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, मॉर्निंग स्टार, मार्निंग स्टार गर्ल्स, राम श्री पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, विनायक एकेडमी, मिजपा, बीएसबी एजुकेशन, देहली वर्ल्ड, एमआर जयपुरिया, सूरज ज्ञान पब्लिक स्कूल कोंच, एमएलबी एवं कन्हैया लाल मेमोरियल जालौन आदि विद्यालय पूरी तरह से बंद रहे तथा अन्य बोर्डो के विद्यालयों के हजारों शिक्षकों ने भी अपना समर्थन दिया।

# शिकायत से नाराज हमलावरों ने महिला को दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

पूर्व के मामले में बेवा महिला द्वारा पुलिस से शिकायत करने से नाराज आरोपी अपने साथियों के साथ कुल्हाड़ी व डंडे लेकर महिला के घर में घुस गया। जहां उसने महिला के साथ गाली, गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता ने मामले की तहरीर एसपी को दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी बकरीदन बेवा नूर शाह ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके मोहल्ले के ही शाहिद पूर्व में गलत नीयत से उसके घर में घुस आए थे। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। इस बात से वह उससे रंजिश मान बैठे। बीते रविवार की शाम जब वह घर में अकेली थी तभी शाहिद अपने साथी शमीम, रशीद व जाहिद के साथ कुल्हाड़ी व लाठी, डंडे लेकर जबरन उसके घर में घुस आए। घर में घुसकर उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। जब उसने बताया घर में कोई नहीं वह गाली, गलौज न करें। इससे नाराज उक्त सभी ने उसके साथ लाठी, डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। जब वह बचने के लिए चिल्लाई तो आसपास के लोगों को आता देख उक्त सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर एसपी ने कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में एसएसआई आनंद सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# परिषदीय शिक्षकों की मांगों को प्रदेश सरकार तत्काल करे पूरा : केपी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



### नौ को होगी शिक्षकों की समस्याओं पर बैठक

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक जालौन की बैठक 9 अगस्त दिन बुधवार को कन्या जूनियर हाईस्कूल मुरलीमनोहर में संपन्न होगी। किसी शिक्षक को कोई समस्या हो वह लिखित रूप से बैठक में प्रस्तुत कर सकता है। शिक्षकों की समस्या का निराकरण कराया जाएगा। यह जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष लालजी मिश्रा व ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र निरंजन ने संयुक्त रूप से दी है।

पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश समेत परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन यूपीएस कैंथवां आहूत हुई। जिसमें विभन्न मागों को पूरा कराने की रणनीति पर चर्चा की गई।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई कुठौंद की बैठक का आयोजन प्रधानाध्यापक कृष्ण प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष संजय निरंजन ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व सरकार को लगातार शिक्षकों की समस्याओं से अवगत करा रहा है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

ब्लॉक मंत्री कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों की 18 सूत्री मांगें हैं। जिनके निस्तारण कि लिए संघ लगातार प्रयासरत है। कई बार प्रांतीय नेतृत्व के माध्यम से सरकार को इन मांगों से अवगत कराया जा चुका है। फिर भी सरकार शिक्षकों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। प्रचार मंत्री अजय निरंजन ने कहा कि पुरानी पेंशन बाहली, राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को उपार्जित अवकाश एवं प्रतिकर अवकाश, प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति समेत विभिन्न मांगों को पूरा कराने के लिए रणनीति बनाई जानी चाहिए। ताकि सरकार इस पर ध्यान दे।

उन्होंने संगठन के चरणबद्ध होने वाले कार्यक्रम के बारे में भी बताया। बैठक का संचालन मनोज निरंजन ने किया। इस मौके पर ब्लाक उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, अमर सिंह गौतम, वीरेंद्र कुशवाहा, ऋषि मिश्रा, जीवन त्रिपाठी, सुरेंद्र निरंजन, आशीष कुशवाहा, जगत सिंह, मानसिंह, उदय नारायण, विजय बहादुर, कृष्ण बिहारी, गुलजार आलम, नरेशचंद्र, रणविजय चौहान, राजेश्वर सिंह, सुनील कुमार, ज्ञानेंद्र आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं को दी आत्मरक्षा की जानकारी

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि नयूज।**

विकास खंड बिसवां थाना रामपुर कलां क्षेत्र में मंगलवार को मिशन शक्ति के तहत ग्राम चहारपुर में रमाकांत त्रिपाठी के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन ग्राम चहारपुर में रमाकांत त्रिपाठी के आवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना रामपुर कलां की आरक्षी राधा पुंडीर द्वारा गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जानरूक किया गया, और बताया गया कि गांव में किसी तरह की घटना होने पर 112, घेरलू हिंसा के लिए 1090, बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों के लिए चाइल्ड लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, एंबुलेंस सेवा 108और 102 आदि नंबरों पर फोन करके पुलिस की मदद ली जा सकती है। इस अवसर पर, पूजा त्रिपाठी, रजनी देवी, साधना त्रिपाठी, प्रतिभा रामकुमारी, राखी, प्रकाशनी, संतोष कुमारी, मैकिन,भावना, कमला देवी, जयकोरा, रोली वर्मा, रुकसाना, मोहिनी के साथ भारी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के हेड कांस्टेबल राजेश कुमार शर्मा के साथ ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, प्रधान कौशल यादव, विवेक त्रिपाठी और अविरल त्रिपाठी ने व्यवस्था संभाली।

## न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय हरगांव सीतापुर

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 209 (ज) उ.प्र.रा.सं. 2006

ग्राम दीपपुर परगना हरगांव
तहसील व जिला सीतापुर
तारीख पेशी - 16.08.2023

अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि. हरगांव परगना हरगांव तहसील व जिला सीतापर द्वारा अधिशासी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह।

प्रार्थी

बनाम

1. विराट कन्या इण्टर कालेज समिति हरगांव परयगना हरगांव तहसील व जिला सीतापुर द्वारा अध्यक्ष अभय सिंह पुत्र ओमकार सिंह।
2. गांव सभा दीपपुर परगना हरगांव तहसील व जिला सीतापुर द्वारा प्रधान।
3. सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्टर महोदय सीतापुर।

विपक्षीगण

# माता-पिता बच्चों के लिए असुरक्षित वाहनों का प्रयोग बंद करें : डीएम

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

> जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



**जिला** सड़क सुरक्षा समिति तथा जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट लोकसभागार में करते हुए जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने तथा यातायात संबंधी दिये गये आदेशों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों यातायात नियमों का पालन कराने एवं अपने कर्तव्यो का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों से कहा कि आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें, जिससे कि होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी छात्र-छात्राएं असुरक्षित वाहनों (ई-रिक्शा) से विद्यालय आते हैं, ऐसे वाहनों से दुर्घटना होने की अधिक संभावना होती है, विद्यालय प्रशासक इन बच्चों के माता-पिता/अभिभावक से संपर्क स्थापित करके इसके प्रति जागरूक करें, जिससे माता-पिता बच्चों के लिए असुरक्षित वाहनों का प्रयोग बंद करें।

जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को स्कूली वाहनों के फिटनेश प्रमाण पत्रों की जाँच कराने एवं निर्धारित मानकों को पूरा करने के उपरांत ही संचालन कराने के निर्देश दिए। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जाने हेतु जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता हेतु जागरूक किये जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर इसके बारे में राजकीय चिकित्सालय एवं जनपद के समस्त सरकारी/प्राईवेट अस्पतालों में आने वाली जनता को बोर्ड इत्यादि लगाकर जागरूक किया जाए जिससे कि आम नागरिक भी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित हो। उन्होने अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी तथा एनएचएआई को अपने अपने मार्गो पर साईन बोर्ड, स्पीड साईन बोर्ड, ब्रेकर, जेब्रा क्रसिंग, फुटपाथ की मरम्मत एवं झाडियों को कटवाने एवं आबादी क्षेत्रों में साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई को निर्देश दिये कि जनपद में चिन्हित किये गये नवीन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों/ब्लैक स्पॉट्स का टीम बनाकर निरीक्षण करें तथा सुरक्षात्मक कार्य हेतु कार्य योजना बनाकर अगले तीन दिवस में प्रस्तुत करें। एनएचएआई द्वारा अवगत कराया गया कि भारराप्रा के अंतर्गत आने वाले मार्गों पर टोल प्लाजा में केन, एम्बुलेंस एवं पेट्रोलिंग वाहन की व्यवस्था की गई है जिसका उपयोग करने हेतु 133 डायल कर आपातकालीन स्थिति में 24 घंटे सहायता प्राप्त की जा सकती है। मार्ग पर पेट्रोलिंग एवं आकस्मिक स्थिति हेतु वहां निरंतर तैयार रहता है जिसमें पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है। एंबुलेंस के आवागमन हेतु टोल प्लाजा पर एक-एक इमरजेंसी लेन उपलब्ध है। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रशा), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रव), अधिशासी अभियन्ता लोनिवि, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, यातायात निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, एनएचएआई के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

फतेहपुर। समृद्धि न्यूज



**विद्युत व्यवस्था** के सुधार बकाया बिलों की वसूली और विद्युत चोरी रोकने तथा उपभोक्ताओं से सीधे संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए गए चेकिंग अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम ने आज ज्वाला गंज मसवानी पीरनपुर शांति नगर और बेरूई हार में जांच पड़ताल की। उपखंड अधिकारी मयंक वर्मा के नेतृत्व में तथा धीरेंद्र सिंह तकनीशियन विधुत की देखरेख में टीम ने आज कई मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम को बेरूई हार में मोहम्मद हसन मोहम्मद आमिर और राजदा खातून के विद्युत मीटर संदिग्ध पाए गए। इन मीटरों को उतारकर नए मीटर लगवाए गए। उतारे गए मीटरों को शोध के लिए डिविजनल शोध साला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही विभागीय स्तर पर की जाएगी। धीरेंद्र सिंह तकनीशियन विधुत ने संवाददाता को पूछने पर बताया कि पूरी टीम ने ज्वाला गंज पीरनपुर और मसवानी में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिजली बिल के बकायेदारों को समय से बकाया राशि जमा करने की हिदायत दी गई। उपभोक्ताओं को यह भी बताया गया कि समय से विद्युत बकाया की धनराशि समय से जमा करने पर विभाग और भी बेहतर सुविधा दे पाएगा । उपखंड अधिकारी मयंक वर्मा पंचम तथा टीम धीरेंद्र सिंह तकनीशियन विधुत के अलावा अवर अभियंता मंगल सिंह बेरुइहार,अवर अभियंता अमर बहादुर यादव शांतिनगर, अनिल गुप्ता विजय सिंह धर्मेंद्र सिंह और शिवकरण सिंह आदि मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### हृदयनारायण के निधन पर शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें प्राथमिक विद्यालय मरूई से 2006 में सेवानिवृत्त हुए खानपुर शहापुर निवासी 80 वर्षीय हृदय नारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उमानाथ शुक्ल की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई ।इस अवसर पर पंडित सिद्ध नाथ त्रिपाठी उमा नाथ शुक्ला माता बदल ओम प्रकाश अवस्थी रामकिंकर सत्यदेव सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बे के बिजली पॉवर हाउस के समीप एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार कानपुर जनपद के चकेंहड़ी थाना क्षेत्र के गढ़ी गाँव निवासी अभिजीत सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अभिषेक व कल्लू का 35 वर्षीय पुत्र अवध बाइक पर सवार होकर किसी काम से फतेहपुर जनपद आये थे। जब वह बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बे के बिजली पॉवर हाउस के समीप पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। चार पहिया वाहन के टक्कर से बाइक सवार दोनों रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे सरकारी एम्बुलेन्स के एमटी अजय कुमार व पायलेट नरेंद्र सिंह ने बताया कि यह दोनों घायल बाइक सवार हैं। इनकी बाइक में चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे यह दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए है।

### सिर में फावड़ा लगने से मजदूर घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पत्थरकटा मुहल्ले के समीप फावड़े से मिट्टी की खुदाई का काम चल रहा था। तभी एक मजदूर का फावड़ा दूसरे मजदूर के सिर में लग गया। जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पत्थरकटा मोहल्ला निवासी पप्पू का 17 वर्षीय पुत्र सलमान मजदूरी कर फावड़े से मिट्टी की खुदाई कर रहा था। तभी मिट्टी की खुदाई करते समय एक मजदूर का फावड़ा सलमान के सिर में लग गया। जिससे उसका सिर फट गया। घायल अवस्था मे सलमान को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसको भर्ती भर्ती कर इलाज कर रहे हैं।

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, चालक घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कस्बे में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटने से रिक्शा चालक घायल हो गया। जिसकी सूचना सरकारी एम्बुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रंजीतपुर गांव निवासी सरजू प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र रामबाबू ई-रिक्शा चालक है। रोज की भांति आज भी वह अपना ई-रिक्शा लेकर सवारी की तलाश में हुसैनगंज कस्बा आया हुआ था। तभी उसका ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा पलटने से चालक घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी सीएचसी हुसैनगंज पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

### छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव के बाहर एक कक्षा सात के छात्र ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसका शव सुबह पेड़ पर लटकता हुआ देख ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी। जिससे मृतक के घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी हरिओम का 14 वर्षीय पुत्र अविनाश कक्षा सात का छात्र था। कल शाम कोचिंग पढ़कर घर आने के बाद अचानक घर से गायब हो गया। जिसका शव आज गांव के समीप एक आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता हुआ देख ग्रामीणों ने छात्र के परिजनों को जानकारी दी तो मृतक के घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डेढ़ माह बाद घायल की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली पुलिया के समीप पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर इलाज लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान कानपुर में डेढ़ माह बाद उसकी कल मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के 50 नंबर गेट के समीप निवासी स्व. सुखराम का 60 वर्षीय पुत्र राम प्रसाद को 19 जून को अंदौली पुलिया के समीप पिकअप ने टक्कर मार दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर इलाज लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान कानपुर में डेढ़ माह बाद उसकी कल मौत हो गई। वहीं मृतक के शव को फतेहपुर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।

### आईजीएल परिवार के द्वारा मोक्ष धाम पर कराया गया वृहद् वृक्षारोपण कराया

**सहजनवा गोरखपुर।** इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में तथा प्रख्यात समाजसेवी परशुराम शुक्ल के अनुरोध पर मोक्ष धाम पर वृहद् वृक्षारोपण कराया गया । इसके साथ ही सभी वृक्षों की सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु आयरन टी गॉर्ड भी उपलब्ध कराया गया । क्षेत्र के सभी समाजसेवियों द्वारा एस के शुक्ल को सम्मानित किया गया और कहा गया की आपके द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे सामाजिक कार्यो को समाज सदैव स्मरण रखेगा और आप इस युग के प्रेरणा स्रोत है। एस के शुक्ल द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य लोगो को झुककर अभिवादन किया गया तत्पश्चात परशुराम शुक्ल जी को अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया।

# कई महीनों से खराब पड़ा है स्कूल का नल, प्रधान बेपरवाह

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**क्षेत्र** के सतरही गांव में बने प्राथमिक विद्यालय में लगे इंडियामार्का नल कई महीनो से खराब है जिम्मेदार पूरी तरह से जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। विद्यालय में पंजीकृत एक सैकड़ा से अधिक नौनिहाल बच्चों को हैंडपंप से निकल रहा दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ,यही नहीं इस विद्यालय के निकट समूचे गांव की आस्था से जुड़ा पालीवीर बाबा का प्रसिद्ध मंदिर है जहां प्रतिदिन गांव के लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं ।पालीवीर बाबा के अगल-बगल हनुमान जी महाराज व महादेव भोले शंकर की शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठित उक्त मंदिर में स्थापित है । सावन का महीना एवं मलमास माह में भगवान शंकर जी के मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों को अपने घरों से पानी लेकर गांव से करीब 400 मीटर दूर जाना पड़ रहा है, वही मासूम बच्चों का भी वही हाल है तीन हैंड पंप वहां लगे होने के बाद भी स्कूली बच्चे जहां दूषित पानी पी रहे हैं। मंदिर में चढ़ाने के लिए वहां शुद्ध जल उपलब्ध नहीं है। ग्राम प्रधान का कहना है कि उक्त तीनों हैंडपंप हमने 6 माह पूर्व बनवाए थे अप पंचायत में हैंडपंप रिपेयरिंग के लिए पैसा नहीं है ऐसी स्थिति में हम कुछ नहीं कर सकते। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया इस संबंध में हमने शिक्षा विभाग से लेकर ग्राम पंचायत के मुखिया से ही शिकायत की है लेकिन हैंड पंप बनवाने से दे लगातार आने आनाकानी की जा रही है हमने स्कूल के सभी बच्चों को कह दिया गया है कि वह पीने के लिए पानी अपने-अपने घरों से लाएं। ऐसी स्थिति में नौनिहालों के जिंदगी के साथ हो रहे खिलवाड़ के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है या किसी बड़ी घटना का विकास विभाग इंतजार कर रहा है सरकार लगातार हैंडपंप मरम्मत रिबोर के लिए कृत संकल्पित है। प्रधान का कहना है कि पानी की टंकी लग रही है साल 2 साल में पानी की व्यवस्था सही हो जाएगी इसका मतलब यह है तब तक नौनिहाल बच्चे दूषित पानी पीते रहे शिक्षक ने यह भी बताया कि इन हैंडपंपों से लाल पानी निकलता है जो पीने योग्य नहीं है अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इन नौनिहालों के साथ उनके स्वास्थ्य की खबर किसी को होगी या ऐसे ही दूषित पानी पीकर बच्चे बीमार होते रहेंगे।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पुलिस अधीक्षक को किया भेंट



फतेहपुर। समृद्धि न्यूज

**आजादी का** अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा 2.0 के क्रम में आज पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह को फतेहपुर को एल. पी. साहू सहायक अधीक्षक डाक घर, अभय सिंह विकास अधिकारी भारतीय डाक जीवन बीमा, द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा भेंट किया गया।

# शिक्षा और संस्कार जीवन के अनमोल रत्नः पूनम सिंह

**बाराबंकी।** शिक्षा और संस्कार जीवन के अनमोल रत्न है। इनके बगैर उन्नति और खुशहाली सम्भव नहीं है। गाँव के सभी पढ़े लिखे युवा अपने से छोटों को पढ़ाने सिखाने हेतु आगे आएं ताकि देश को 2047 में विश्व गुरु बनाया जा सके। अपने अपने गाँव को शिक्षित और संस्कार वान बनाना युवाओं का दायित्व है। उक्त विचार सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह की पत्नी पूनम सिंह ने गुलज़ार फाउंडेशन द्वारा आयोजित व नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रायोजित युवा संवाद ञ्च 2047 कार्यक्रम हूँसेपुर बनीकोडर में व्यक्त किये। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित पंच प्रण आधारित युवा संवाद ञ्च2047 की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय दास ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत महान है इसके संरक्षण से ही देश की महानता बरकरार रखी जा सकती है। डॉ दास ने यह भी कहा कि हमको गर्व है कि अवध की धरती के संस्कार पूरी दुनियाँ को उजाला दे रहे हैं। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नमामि गंगे अंतर्गत जिला गंगा संरक्षण समिति के सदस्य प्रदीप सारंग ने संविधान में उल्लिखित नागरिकों के 11 कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए नदियों की स्वच्छता और पवित्रता बनाये रखने की अपील की। समाजसेवी व चाइल्ड लाइन के निदेशक रत्नेश कुमार ने राष्ट्र विकास हेतु बच्चों की उचित शिक्षा व संरक्षण में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से बताया गया। जिला पंचायत सदस्य चक्खन यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बनीकोडर विक्रांत जी सहित विशिष्ट अतिथि पंकज गुप्ता पंकी, हिंदू राष्ट्रीय मंच के संस्थापक मनोज श्रीवास्तव, आदि ने भी संबोधित किया।ग्रीन गैंग पर्यावरण सुलोचना यादव सहायक शिक्षक नीतीश कुमार चाइल्ड लाइन टीम लीडर अवधेश कुमार शिवम कुमार यादव सुरेन्द्र कुमार दिनेश प्रसाद वर्मा डॉ मोहम्मद सुहेल जैनुल आबेदीन प्रीति डॉक्टर खदीजा समाजसेवी रमेश रावत रजत वर्मा ने संचालन किया।

# रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में धोती व हाइजीन किट का वितरण



फतेहपुर। समृद्धि न्यूज

**आज इंडियन** रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में गढ़ीवा एवं कांशीराम कालोनी (महर्षि विद्या मंदिर के पीछे) में जरुरतमंद, दिव्यांग, बेसहारा वृद्धजन व महिलाओं को धोती व हाइजीन किट वितरण व टीबी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक हाइजीन किट में नहाने का साबुन,कपड़ा धुलने का साबुन, टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर आयल, सेनेटरी पैड,रेजर इत्यादि वस्तुएं 250 महिलाओं को एवं 18 धोती बुजुर्गो को दी गई।डॉ अनुराग द्वारा टीबी मरीजों के लिए बताया कि जिन मरीजों को एक महीने से खांसी आ रही हो वह जिला टीबी अस्पताल में निःशुल्क जांच कराकर,औषधि, पोषण सामग्री व 500 रुपये भी प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी जिला सचिव अजीत सिंह, आजीवन सदस्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव,अभिनव श्रीवास्तव, अनुज कुमार श्रीवास्तव, सुरेश कुमार व टीबी चैंपियन कल्पना एवं प्रमुख सहयोगी आचार्य रामनारायण उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में युवक को पीटा

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के सरौली गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक भतीजे ने अपने चाचा को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसकी शिकायत परिजनों ने स्थानीय पुलिस की तो पुलिस घायल को सरकारी एम्बुलेन्स से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरौली गाँव निवासी छेद्दू सिंह का 45 वर्षीय पुत्र राम प्रताप सिंह को जमीनी विवाद के चलते परिवारिक बड़े भाई वीरेंद्र सिंह के लड़के जितेंद्र सिंह उर्फ पेटू ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित के परिजनों ने स्थानीय पुलिस से की तो पुलिस सरकारी एंबुलेंस से घायल को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल में पहुंचाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे है। जिला अस्पताल में घायल राम प्रताप ने बताया कि ज़मीनी विवाद के चलते हमारे बड़े भाई वीरेंद्र सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह ने लाठी डंडो से हमको मारपीट कर घायल कर दिया है। जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की है।

# गौशाला के कर्मचारियों पर जानवरों को छुट्टा छोड़ने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**विकासखंड** हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत घरकोइया में स्थित गौशाला के कर्मचारियों पर न्याय पंचायत खरसतिया के कई गांवों के ग्रामीणों ने छुट्टा व अवारा मवेशियो को खुला छोड़ देने का आरोप लगाया है । इस संबंध में उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्रामीणों ने कार्यवाही कर समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

न्याय पंचायत के बहरामपुर सतरही बम्हरौली आदि गांव से शिकायत करने तहसील मुख्यालय आए संतलाल रवि कुमार आलोक सिंह यादव कैलाश यादव सुमित शिवा कनौजिया माता नागेश्वर अखिलेश कुमार राजेश कुमार दीपक धर्मेंद्र राम अधार सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के आवारा एवं छुट्टा मवेशियों को घरकोइया गौशाला में लाकर बंद किया जाता है, परंतु गौशाला के कर्मचारियों द्वारा आवारा पशुओं को एक-दो दिन रखने के बाद पुनः छोड़ दिया जाता है जिसकी वजह से इन गांवों के ग्रामीणों किसानों की फसलें आवारा मवेशियों द्वारा चर ली जाती है। वही इन मवेशियों की वजह से दुर्घटनाएं भी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने ग्राम चौपाल में खंड विकास अधिकारी को इस समस्या से अवगत भी कराया गया था फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसकी वजह से गौशाला के कर्मचारी निरंकुश हो गये हैं और ग्रामीणों द्वारा जानवरों को बंद किए जाने पर एक-दो दिन रखने के बाद छोड़ देते हैं ग्रामीणों ने बताया कि अभी उन्होंने रविवार की शाम आवारा पशुओं को गौशाला में बंद कराया था परंतु वही आवारा पशु आज सुबह फिर गांव में पहुंच गए और फसलों को नुकसान पहुंचाने लगे हैं।

# आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में हुआ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

**इण्डिया** ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में अल्पाइन फाउंडेशन ट्रस्ट एवं चन्दन पैथोलाजी के सहयोग से महिला हाइजीन एवं जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत एस के शुक्ल मुख्य अतिथि, प्लांट हेड एवं डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा निदेशक एवं स्वास्थ्य सेवा उत्तर प्रदेश डॉ कंचन लता पांडेय रही और विशिष्ट अतिथि बिजनेस हेड एस के शुक्ल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। एस के शुक्ल ने अपने सम्बोधन में स्वच्छता का संदेश दिया और कहा की नारी शक्ति स्वस्थ्य रहेगी तो पूरा घर और समाज स्वस्थ्य रहेगा। डॉ कुसुम लता पांडेय ने मासिक चक्र के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और कहा की स्वच्छता अपनाकर खुद को सुरक्षित रख सकती है बल्कि महिलाये घरो में खाना बनाते समय कैसे हाइजीन का ख्याल रखकर पुरे परिवार को बीमारी से बचा सकती है इसके बार में भी विस्तार से बताया। इसके साथ ही एस के शुक्ल को धन्यवाद दिया की वे चिकित्सा शिविर का सदैव आयोजन कराकर समाज को सकारत्मक सन्देश दे रहे है। डॉ अमृता सिंह राव ने संस्था की तरफ से सभी तीन सौ से अधिक उपस्थित महिलाओं को निशुल्क सेनेट्री पैड वितरित कराया। चंदन पैथोलाजी की तरफ से 100 से अधिक पुरुष और 70 महिलाओं का रक्त सैम्पल लेकर जांच किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ कमलेश सिंह , अविका वर्मा ,साक्षी वैश्य , वैष्णवी के देख रेख में किया गया।

समृद्धि न्यूज़
हिन्दी दैनिक



# पालिका अपने संसाधनों से विकास कार्य कराने के लिए कटिबद्ध : ज्योति गुप्ता

इटावा। समृद्धि न्यूज

**राजनैतिक** भावना से सत्ता पक्ष के नेता पक्का तालाब समेत अन्य विकास कार्यो को रोकने के लिए डीएम को भी पत्र लिख चुके हैं, जिससे साफ है कि राजनीतिक विद्वेष के चलते शहर के विकास कार्य को रोका जा रहा है। पक्का तालाब पर नगर पालिका द्वारा पूर्व में ही टेंडर कर लिए गए थे और उसके बाद वहां निर्माण कार्य शुरू कराया गया था लेकिन इसके बावजूद वहां निर्माण कार्य रुकवा दिया गया और पर्यटन विभाग से निर्माण कार्य कराने की बात कहीं जा रहीं हैं।



यह बात नगर पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने सभासदों के साथ प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने कहा पालिका शहर में अपने संसाधनों से विकास कार्य कराने के लिए कटिबद्ध हैं और इसी विकास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका इटावा ने ऐतिहासिक पक्का तालाब के सौंदर्यीकरण की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ली है। इस संबंध में पालिका द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है, गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ ही यहां आने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पालिका ने पक्का तालाब के चारों ओर हार्डस्केप का कार्य, साथ ही ऑक्सीनेशन प्लांट, चारों ओर एसएस रेलिंग लगाने का कार्य, वेंडर जोन निर्माण, तालाब पर रॉकरी लैंडस्केप, लैंडस्केप के द्वारा सुंदरीकरण, साथ ही तालाब के अंदर फ्लोटिंग फाउंटेन की भी व्यवस्था होगी, आम जनता के लिए पक्के तालाब के चारों ओर विद्युतीकरण के लिए 227 लाख रुपए का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पालिका ने सभी वार्डो व शहर क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के संबंध में लगभग 62 लाख की लागत से 900 विद्युत लाइट खरीदने का भी निर्णय बोर्ड बैठक में लिया था इस संबंध में भी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त से स्वीकृत हुए तीन प्रमुख चौराहों पक्का तालाब, नुमाइश चौराहा व भरथना चौराहा के सौंदर्यीकरण की योजना भी पूर्व में तैयार की गई थी। इस संबंध में निर्माण कार्य शुरू करा दिए गए हैं।

## पुलिस ने किया चोरी की झूठी सूचना का खुलासा

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बिठौली पुलिस ने दुकान में चोरी की झूठी सूचना देने वाले युवक का खुलासा किया। वादी अनुज पुत्र रामदास गुविश्वार थाना बिठौली जनपद इटावा द्वारा थाना बिठौली पर अपनी दुकान में चोरी की झूठी सूचना दी गयी, सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना बिठौली द्वारा घटनास्थल पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तो वादी की दुकान में गैस सिलेण्डर, अन्य कीमती सामान, गोलक में पैसे मौजूद पाये गये जिस पर प्रभारी निरीक्षक थाना बिठौली द्वारा वादी से झूठी सूचना देने के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो उसने बताया 4 अगस्त को जब मैं दुकान बन्द करके अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में मेरी गोबिन्द पुत्र दीवान सिंह से कहासुनी हो गयी । जिस कारण मैनें थाने पर झूठी सूचना दे दी थी। वादी की दुकान में सभी सामान उपलब्ध पाया गया।

# तेज रफ्तार कार ने एक परिवार के चार लोगों को रौंदा

- इलाज के दौरान मां बेटी की मौत

महोबा। समृद्धि न्यूज



शहर कोतवाली इलाके के शाहपहाड़ी गांव के समीप तेज रफ्तार कार ने एक ही परिवार के चार लोगों को बुरी तरह टक्कर मारकर रौंद दिया। इस सड़क हादसे में सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के दौरान मां बेटी की मौत हो गई है। जबकि 2 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस ने शराब के नशे में कार में सवार तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी है। शहर के मलकपुरा निवासी नंदकिशोर अपनी पत्नी राजकुमारी और 2 वर्ष की भतीजी परी सहित सास उषा को लेकर मध्यप्रदेश के रामपुरा गांव से वापस रहा था। बिच्छू पहाड़िया इलाके में पहुंचकर सभी लोग अन्य वाहन के इंतजार में सड़क किनारे खड़े हुए थे। वहां से गुजर रही पुलिस लिखी कार अनियंत्रित होकर सभी को कुचलती हुई पेड़ से जा टकराई। कार में तीन लोग शराब के नशे में सवार थे। जिसके चलते कार मासूम बच्ची सहित सभी लोगों को रौंदते हुए निकल गई। हादसा होता देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर कार का पीछा कर चालक को पकड़कर जमकर मारपीट के बाद पुलिस को सौंप दिया है।

## सेवायोजन कार्यालय पर रोजगार मेला 11 को

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर इटावा द्वारा 11 अगस्त को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में लगभग 15 कम्पनियों 900 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं जिसमें मुख्य रूप से ओरिएंट इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल सर्विसेज, मैनकाइंड्स हेल्थकेयर सर्विसेज, यूनीवर्सल सर्विस, सिप्ला आयुर्वेद, सन शाइन मैन पावर सर्विसेज, पुखराज हेल्थ केयर प्रा. लिमिटेड, बीएसबी डिजिटल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड, जेके ऑटो मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक एन्टरप्राइजिस, हीरो मोटोक्रॉप ऑटो एन्टरप्राइज़िस, जेपी वीएमजी मार्केट प्राइवेट लिमिटेड, वीएसएस टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, नियोक्ता एचआर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, बजाज कैपिटल हैं।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थी बैंक खाते में लिंक कराएं अपना आधारः डीएसओ

महोबा। समृद्धि न्यूज

**जिला** पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि शासन द्वारा उज्जवला योजना के लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी की पारदर्शिता बनाये रखने और वास्तविक लाभार्थियों को ही लाभान्वित करने हेतु शासन द्वारा प्रदेश के सभी ऐसे उज्जवला लाभार्थियों के जिनके आधार उनके बैंक खाते से लिंक नहीं हैं। उनके आधार बैंक जाकर लिंक कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस हेतु व्यापक प्रचार करने, लाभार्थियों को, बैंकों को सूचित करने हेतु आपूर्ति अधिकारियों, एलपीजी विक्रय अधिकारी, समस्त वितरको ,लीड बैंक अधिकारी आदि को निर्देशित किया गया है। सभी लाभार्थी



15 दिनों के अंदर अपने बैंक खाते से आधार लिंक करा लें। जनपद में 1 लाख 11 हजार 708 उज्जवला के लाभार्थी हैं। जिनमें से कुल 22 हजार 376 लाभार्थियों के खाते से आधार लिंक होना है।

# मॉडल राशन की दुकान का ब्लाक प्रमुख ने किया भूमि पूजन

- कबरई विकासखंड के सिजहरी ग्राम पंचायत में हो रहा मांडल शाप का शुभारंभ

महोबा। समृद्धि न्यूज

**जनपद** के ग्राम सिजहरी में ब्लाक प्रमुख कबरई राजू सिंह द्वारा मांडल सरकारी राशन की दुकान का भूमि पूजन कर कार्य शुभारंभ किया गया है प्रदेश में भ्रष्टाचार रहित राशन वितरण व्यवस्था को सुद्रढ बनाने हेतु योगी सरकार निरंतर सुधार कर रही है इस मॉडल सरकारी राशन की दुकान बनने से वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आऐगी छ्ष्ट्ङ्गङ्क कैमरे की निगरानी में वितरण ब्यवस्थाऐ संचालित होगी इस में जन सुविधा



का पूरा ख्याल रखा जाऐगा पंचायती राज विभाग के निर्देश पर ग्राम पंचायत द्वारा स्वनिधि से मांडल साप अर्थात सरकारी राशन की दुकान के निर्माण का ब्लाक प्रमुख अवनीन्द्र सिंह उर्फ राजू सिंह व खंड विकास अधिकारी सौम्या आलोक एवं ग्राम प्रधान नरेश राजपूत सचिव अनमोल वर्मा द्वारा भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया इस मौके पर जिलापंचायत सदस्य बेटु महाराज प्रधान प्रतिनिधि भण्डरा रामकरण मिश्रा के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने जेब काटकर आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस ने जेब काटकर आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। वादी राजाराम पुत्र गौरीशंकर निवासी लक्ष्मण वाटिका के पीछे वाली गली थाना फ्रैण्ड्स कालोनी द्वारा थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पर सूचना दी गयी जब वह अपने घर से पैदल-पैदल जा रहा था तो 2 बाइक सवार व्यक्ति द्वारा उसको लिफ्ट देकर उसकी जेब से आभूषण चोरी कर लिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी उसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना को आधार पर आरोपी अशोक कंजड पुत्र भूप सिंह निवासी कोकपुरा थाना फ्रेण्डस कालोनी को साई कोल्ड स्टोर के पास से गिरफ्तार किया गया। पकडे गये व्यक्ति की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 3 सोने की जंजीर बरामद की गयी जिसके संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि मैने व मेरे साले विक्की पुत्र बाबूराम निवासी भौगांव थाना भौगांव जनपद मैनपुरी ने पैदल जा रहे व्यक्ति को लिफ्ट देकर उसकी जेब से ये आभूषण चोरी कर लिये गये थे। आरोपी विक्की पुत्र बाबूराम निवासी भौगांव थाना भौगांव जनपद मैनपुरी का नाम प्रकाश में आया है जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है।इस सफलता में रमेश सिंह प्रभारी थाना फ्रैण्ड्स कालोनी, उ.नि. रावेन्द्र सिंह, का. बीनू पवांर, का. संसार का सराहनीय योगदान रहा।

### शहीदाने कर्बला के दसवें पर शहर में हुआ मजलिसों का आयोजन

**इटावा।** शहीदे आज़म इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला के दसवें पर शहर में मजलिसों का आयोजन कर इमाम हुसैन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। स्थानीय घटिया अज़मत अली स्थित मोहम्मद मियां मुन्ना के मकान पर आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अबूज़र अब्बास खान जौनपुरी ने कहा रसूल अल्लाह अपनी बेटी को बहुत चाहते थे। रसूल ने फरमाया जो फ़ातिमा को तकलीफ देगा हमे तकलीफ देगा, जो हमे तकलीफ देगा वो फ़ातिमा को तकलीफ देगा। इंसान जन्नत के लिए तो बेताब है मगर इबादत के लिए पीछे क्यों है। इबादत ही जन्नत का रास्ता है।एहलेबैत ने बड़ी मुश्किल से दीन को पहुंचाया है इसी दीन को बचाने के लिए इमाम हुसैन ने कर्बला में अपना पूरा घराना कुर्बान कर दिया। हमे इस दीन की कद्र करनी चाहिए। इसके अलावा इमामबाड़ा अज़मत अली पर दबीरुल हसन मोहम्मद व नुसरत हुसैन लल्लू की ओर से मजलिसें हुईं जिसमे मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर की। मजलिस में तस्लीम रज़ा, सलीम रज़ा ने सोजख्वानी की। सलमान रिज़वी, आबिद रज़ा, अर्श, तालिब रज़ा ने कलाम पेश किए। तनवीर हसन व मीसम ने नोहा ख्वानी की। मजलिसों में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी, हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, राहत हुसैन रिज़वी, दुलारे, अयाज हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### सांड़ के हमले में किसान की मौत

**इटावा।** कस्बा इकदिल के मोहल्ला कछियाँत निवासी धनीराम शाक्य पुत्र स्व. राम दयाल उम्र लगभग 80 वर्ष मंगलवार को सुबह 5 बजे घर से खेत पर जाने के लिए निकले थे। घर के बाहर ही सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उनको जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सेंटमेरी परिवार ने प्रार्थना सभा कर बच्ची को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

इटावा।आजमगढ़ जनपद के चिल्ड्रंस गर्ल्स स्कूल में स्कूली छात्रा के स्कूल बैग में मोबाइल मिलने पर शिक्षक द्वारा डांटे जाने के बाद छात्रा द्वारा अति आवेश में आकर की गई दुखद आत्महत्या की घटना के बाद बिना किसी जांच के प्रिंसिपल और शिक्षक की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को सेंटमेरी इन्टर कालेज इटावा के सभी टीचिंग स्टाफ ने शिक्षण कार्य से विरत रहकर,बांह में काली पट्टी बांधकर तथा दो मिनट का मौन रखकर अपना मूक विरोध दर्ज किया साथ ही स्कूल के शिक्षकों ने प्रार्थना गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना,हम चलें नेक रस्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना द्वारा बच्ची की दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# शिक्षण कार्य से विरत रहकर काली पट्टी बांधकर जताया सामूहिक विरोध



इटावा। समृद्धि न्यूज

**आजमगढ़** जनपद के चिल्ड्रंस गर्ल्स स्कूल में स्कूली छात्रा के स्कूल बैग में मोबाइल मिलने पर शिक्षक द्वारा डांटे जाने के बाद छात्रा द्वारा अति आवेश में आकर की गई दुखद आत्महत्या की घटना के बाद बिना किसी जांच के प्रिंसिपल और शिक्षक की गिरफ्तारी के विरोध में आज मंगलवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के सभी शैक्षणिक स्टाफ ने शिक्षण कार्य से विरत होकर बांह में काली पट्टी बांधकर अपना मूक विरोध दर्ज किया साथ ही बच्ची की दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए सामूहिक श्रद्धासुमन अर्पित किए। ज्ञात हो कि,आजमगढ़ के एक निजी विद्यालय में बच्ची द्वारा की गई आत्महत्या के बाद स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षक की बिना जाँच के ही गिरफ्तारी कर ली गई थी जिसके विरोध स्वरूप यूपी के सभी निजी स्कूल आज मंगलवार को पूरे उत्तर प्रदेश में अपने विद्यालय बन्द करके अपना अपना मूक विरोध दर्ज करा रहे है। इटावा सीबीएसई स्कूल्स एसोसियेशन के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारी एसोसियेशन के आवाह्न पर ही जनपद इटावा के सभी निजी विद्यालयों द्वारा घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ही आज स्कूल बन्दी का यह सामूहिक निर्णय लिया गया है।

# आजमगढ़ घटना पर सुदिति ग्लोबल एकेडमी में शिक्षकों ने काली पट्टी बंधकर जताया विरोध

इटावा। समृद्धि न्यूज

**आजमगढ़** के एक निजी विद्यालय में हुई अप्रिय घटना को लेकर सुदिति ग्लोबल स्कूल के महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार, निदेशक श्री मयंक कुमार प्रधानाचार्य श्री कमल कुमार एवं विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कक्षा अध्यापक को बिना किसी जांच के गिरफ्तार करने के कारण काली पट्टी बांधकर विरोध जताया एवं मृत छात्रा के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए 2 मिनट की मौन शोक सभा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कमल कुमार ने आजमगढ़ की घटना को दृष्टिगत करते हुए बताया की गुरु और शिष्य का जन्म जन्मांतर का एक पवित्र और निस्वार्थ संबंध रहा है एक शिक्षक द्वारा अपने छात्र का निर्माण करना एक कुशल कुम्हार द्वारा अच्छे वर्तन का निर्माण करना है किंतु वर्तमान परिदृश्य के



आधार पर यह भी निश्चित है की छात्र/छात्राओं द्वारा कोई भी अनुशासनहीनता स्वीकार करने पर छात्रों को आपराधिक प्रवृत्ति में बढ़ावा देना भी है किसी भी कानून के अनुसार छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिसर में अध्ययन के दौरान मोबाइल लाना सही नहीं है अतः यह पूर्णतया वर्जित है। किंतु आज आधुनिकता की इस दौड़ में मोबाइल अगर एक तरह से उपयोगी यंत्र है तो दूसरे उपयोग में गलत भी है। यदि ऐसी कोई भी घटना किसी विद्यालय में होती है तो सर्वप्रथम प्रशासन द्वारा घटना की सही व निष्पक्ष तरीके से जांच की जानी चाहिए उसके बाद अपराधी को गिरफ्तार कर दंडित किया जाना चाहिए केवल एक पक्ष की बात सुनकर ही गिरफ्तार करना शिक्षा प्रदान करने वाले गुरुओं का अपमान है। एक समय शिष्य, गुरुओं का इतना सम्मान करते थे कि उनको देखकर वह स्वयं नतमस्तक हो जाते थे किंतु एक पक्षीय कार्यवाही के कारण ही आज शिक्षक वर्ग का दिनोंदिन सम्मान डूबता जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में छात्र की मानसिक स्थिति पढ़े बिना उसे दंडित नहीं करना चाहिए तथा उन्हें भावनात्मक ढंग से समझाने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि छात्र हमारे देश का भविष्य हैं और छात्र-छात्राओं द्वारा की गई किसी भी अनुशासनहीनता व गलती को उन्हें समझा कर ही सही मार्ग पर लाया जा सकता है। आखिर में प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने छात्रा की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए सामूहिक श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के चालीसवें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

बेलाताल, महोबा। समृद्धि न्यूज

**ग्रामीण** पत्रकार एसोसिएशन के चालीसवें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर संगोष्ठी में संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुशील अरजरिया ने बताया कि संगठन की 40 वर्ष पूर्व नींव रखने वाले सॅस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी ने अथक परिश्रम कर यह संगठन तैयार किया था और आज हम सभी लोग उन्हीं के बताए हुए नक्शे कदम पर चल कर अपने संगठन का विस्तार कर रहे हैं हमारे संगठन का उत्तर प्रदेश के समीप वर्ती आठ राज्यों में विस्तार हो चुका है हमारा संगठन आज सबसे बड़ा संगठन है। हम सभी को संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल द्वारा दिए गए सुझावों विचारों और दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हमें



अपने संगठन को मजबूत करना है और परस्पर आपस में सामंजस्य स्थापित कर समाज सुधार में अग्रिम की अग्रणी भूमिका भी निभाना है। इसी क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष दीपचंद सोनी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह आवश्यक हो जाता है कि हम स्व बाबू बालेश्वर लाल एवं अन्य सॅस्थापक सदस्यो के उन मान विंदुओ तथा नियामक मूल्यो को स्मरण कर पत्रकारिता की नैतिकता पवित्रता एवम सभी प्रकार की मर्यादाओ के पालन के प्रति संकल्पित हो । समाज के विभिन्न क्षेत्रो मे लगातार आ रही चारित्रिक गिरावट को सॅगठन पर आने से रोकने मे ईश्वर हमे शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर अरविन्द अग्रवाल,अजय व्यास, दीपचंद सोनी धीरेंद्र सोनी अभिनव चंदेल जसपाल राजपूत शईद मंसूरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## आशा लेखा फाइलेरिया प्रबंधन व सर्वजन दवा सेवन के लिए लोगों को कर रहीं जागरूक

**इटावा।** फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो किसी भी व्यक्ति को जीवन भर के लिए अपंग बना सकती है, इसलिए हर व्यक्ति को फाइलेरिया से बचाव के लिए सर्वजन दवा का सेवन करना बहुत जरूरी है।

यह कहना है महेवा ब्लाक के शेरपुर गांव की फाइलेरिया से ग्रसित 52 वर्षीय आशा कार्यकर्ता लेखा का। लेखा ने बताया कि वर्ष 1996 में अचानक दो-तीन दिन बुखार आया, फिर पांच दिन बाद उनके दाएं पैर में सूजन आ गई और सूजन बढ़ती चली गई। इसके बाद स्थानीय चिकित्सकों से इलाज कराया आराम नहीं मिला। उसके बाद आगरा, कानपुर जाकर इलाज कराया, लेकिन तब भी कोई फायदा नहीं हुआ। इसी तरह से समय बीतता रहा, समस्या खत्म नहीं हुई। इलाज में बहुत सारा धन खर्च हुआ सो अलग।

# अर्चना मेमोरियल के छात्र हृदेश ने नीट परीक्षा पास कर लहराया परचम

इटावा। समृद्धि न्यूज

**अर्चना** मेमोरियल इंटर कालेज इटावा के होनहार छात्र हृदेश सिंह जिसके पिता मुलायम सिंह जो की पेशे से एक किसान है मां गृहणी है ने नीट की कठिन परीक्षा पास कर अपनी सफलता का परचम लहराते हुए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई इटावा के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

अर्चना मेमोरियल इंटर कालेज के छात्र हृदेश सिंह ने शानदार 635 अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा में अपने कठिन परिश्रम से सफलता पाई है। अपने माता पिता को अपना आदर्श मानने वाले हृदेश सिंह ने अपनी मेहनत और लगन के साथ स्कूल के शिक्षको के मार्गदर्शन से अपने इस कठिन लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए अपने परिवार सहित अपने विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है।



इस अवसर पर अर्चना मेमोरियल इंटर कालेज की प्रधानाचार्या असरा अहमद एवम विद्यालय के प्रबंधक डॉ विवेक यादव ने अपने संस्थान के होनहार छात्र हृदेश की इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। समस्त अर्चना मेमोरियल इंटर कालेज का परिवार हृदेश की इस शानदार सफलता से बेहद ही खुश और उत्साहित भी है।

# एसपी ने कोतवाली छिबरामऊ का किया निरीक्षण

- थाना सौरिख और विशुनगढ़ का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसपी, कार्यालय में रखे अभिलेखो का गहनता से किया निरीक्षण,
- थाना क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर आमजनता को दिलाया सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**





थाने के कार्यालय में रखे अभिलेखों का निरीक्षण करने के बाद क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ पैदल भ्रमण करते एसपी

**मंगलवार** को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने थाना छिबरामऊ, थाना सौरिख तथा थाना विशुनगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर आमजन से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। एसपी अमित कुमार आन्नद ने मंगलवार को छिबरामऊ कोतवाली समेत थाना सौरिख और विशुनगण थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के कार्यालय में रखे अभिलेखों के रखरखाव समेत अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, आर्डर बुक रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होने उक्त अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किया। साथ ही आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके अलावा उन्होंने महिला आरक्षियों को ब्रीफकिया तथा थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित भी किया। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि लंबित विवेचनाओं का अतिशीघ्र निस्तारण एवं वांछित अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। उन्होने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, भोजनालय व कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते समय सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कहा कि थाना क्षेत्र के शेष मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थानों में अतिशीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। थाना का निरीक्षण करने के बाद एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण कर आमजनता को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार की मौत



शव के पास रोते बिलखते परिजन — समृद्धि न्यूज

**समधन, समृद्धि न्यूज**

**बाइक** से घर वापस आते समय सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की देर शाम समधन के ग्राम रिहुआ निवासी रवि प्रताप उर्फ बंसीलाल (45) अपनी बाइक से घर आ रहें थे जैसे ही सिकंदरपुर के करमुल्लापुर ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तभी अचानक किसी अज्ञात बहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे किसी की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल भिजवाए गया जहां उसकी देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही गांव पहुंचा परिजनों सहित गांव में मातम सा छा गया।

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर भाकियू स्वराज ने जताया रोष

- कोतवाल को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन
- निस्तारण न होने पर दी धरना की चेतावनी

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



कोतवाल जेपी शर्मा को ज्ञापन सौंपते भाकियू स्वराज के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**स्थानीय** कोतवाली में भाकियू स्वराज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को रखा और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस किसानों का उत्पीड़न बंद करें और मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषी को सजा दें।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के जिलाध्यक्ष संदीप पाठक के नेतृत्व में तमाम महिला पुरूष पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा को सौंपा। कहा कि समय रहते समस्याओं का निस्तारण ना होने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा कि कोतवाली पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से युवाओं, किसानों के साथ किए जा रहे उत्पीड़न, पूर्व में महिलाओं पर हुए अत्याचारों पर दिए गए शिकायती पत्रों पर पुलिस द्वारा अनैतिक व पक्षपातपूर्ण कार्यवाही करने का विरोध कर पुनः जांच की मांग सहित सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्ति जनक पोस्ट डालकर कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों एवं कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी जमीनों पर व्यापारिक प्रयोग कर राजस्व की हानि कर सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग रखी। इस मौके पर निर्मला राठौर, नीरज दुबे, पुष्पेंद्र सिंह राठौर, योगेश सक्सैना, सनुज यादव, कलीम सिद्दीकी, संदीप सिंह, ठाकुर अर्चना सिंह, सावित्री शाक्य, मुन्नी देवी, सुधा, राजवती, सुमन, सोनू प्रजापति, अमन कुमार, आलोक कुमार, राहुल उर्फ आलोक, शिवेंद्र उर्फ मनु, पवन दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## आजमगढ़ की घटना को लेकर बंद रहे निजी स्कूल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आजमगढ़ में निजी विद्यालय की कक्षा 11 में पढ़ने वाली छात्रा बीती 31 जुलाई को उसी विद्यालय की तीसरी मंजिल से कूद गयी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। छात्रा के माता-पिता ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने स्कूल के प्रधानाचार्य व एक शिक्षक को हिरासत में ले लिया। इस तरह की पुलिसिया कार्रवाई से नाराज होकर एसोसिएशन आफप्राइवेट स्कूल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार ने प्रदेश के सीबीएसई आईसीएसई व यूपी बोर्ड के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों से 08 अगस्त को कार्य बहिष्कार और निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई करने की मांग की थी। मंगलवार को नगर व क्षेत्र के सिटी मांटेसरी स्कूल, लिटिल ब्लॉसम अकेडमी, गुरुकृपा इंटर कॉलेज, रोजबेल पब्लिक स्कूल, केसी एजुकेशन सेंटर, आकाश एजुकेशन सेंटर, जेपी एजुकेशन अकैडमी, ए.बी.इंटर कॉलेज में पिछले शुक्रवार को आजमगढ़ में गर्ल्स चिल्ड्रन स्कूल की छात्रा के द्वारा खुदकुशी कर लेने के बाद पुलिस के द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक को अरेस्ट कर लिया गया और जेल भेज दिया गया। जिसको लेकर वित्त विहीन माध्यमिक एवं जूनियर स्कूल संघ के द्वारा प्रदेश भर में मंगलवार को कार्य बहिष्कार की घोषणा की गई। जिस पर विद्यालयों के द्वारा कार्य बहिष्कार किया गया। इस मौके पर सिटी मांटेसरी स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण त्रिपाठी ने कहा कि जो आजमगढ़ में घटना घटित हुई। वह दुर्भाग्यपूर्ण है। वह बच्ची के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। परंतु पुलिस के द्वारा जो एकतरफा कार्रवाई की गई है। वह सही नहीं है। इस मामले की उचित जांच कर कार्यवाही होनी चाहिए।

## खबरें चलते-चलते

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर आरोपितों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनगवां निवासी रूबी देवी ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के ही शीलू, रजनीश, श्याम, कमला देवी ने मामूली विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायती पत्र पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज की मांग पूरी ना होने पर विवाहिता को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी में दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सियरमऊ निवासी सीमा ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका विवाह पड़ोसी जनपद हरदोई के ग्राम अहिराव निवासी विकास कुमार के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति विकास, ससुर मोर सिंह, सास मीरा, देवर निक्की, जेठ आकाश, जेठानी शिखा ने दहेज न मिलने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित किया। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे 02 अगस्त को उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टेंपो के पलटने से महिला घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सड़क पर तेजी व लापरवाही से टेंपो चलाई जाने को लेकर टेंपो पलट गया। जिससे टेंपो में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर टेंपो के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। फर्रुखाबाद थाना क्षेत्र कमालगंज के अंतर्गत ग्राम सिधौली निवासी दीपक सिंह ने बताया है कि 26 जुलाई की दोपहर 03 बजे उसकी मां मिथलेश देवी कमालगंज से गुरसहायगंज की ओर जा रही थी। तभी टेंपो के अज्ञात चालक के द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाने के कारण टेंपो अनियंत्रित होकर मलिकपुर ग्राम के समीप पलट गया। जिससे टेंपो में बैठी उसकी मां मिथलेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली पुलिस ने घायल महिला के पुत्र की तहरीर पर टेंपो के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की शुरू कर दी है।

### बहू पर लगाया अभद्रता का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बेटे की मृत्यु के बाद बहू के चाल चलन ठीक ना होने व घर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर आपत्ति जताने पर बहू ने सास के साथ गाली गलौच शुरू करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित सास ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर ने आरोपित बहू के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी जमुना देवी ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी बहू बाहरी व्यक्तियों को घर पर बुलाया करती है। जब उसने बाहरी अनजान व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने का प्रयास किया। तो उसकी बहू ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लेन-देन को लेकर व्यापारियों में संघर्ष

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रुपये के लेनदेन को लेकर दो व्यापारियों में जमकर कहासुनी हो गयी। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी व्यापारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौधना निवासी संग्राम सिंह ने पुलिस को बताया है कि फखरपुर निवासी आसिफ खान को उसने ढाई लाख रुपये मिर्च के व्यापार के लिए दिया था। जब उसने अपने रुपए वापस मांगे तो उक्त युवक ने उसे रुपए देने से मना कर दिया और झगड़ा करने पर आमादा हो गया। जिस पर पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को आरोपी व्यापारी के विरुद्ध तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रोजेक्ट नई किरण ने दो परिवारों को बिखरने से बचाया

**सुलह समझौते के बाद पति-पत्नी आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित प्रोजेक्ट नई किरण में दो दम्पतियों में मामूली बात उपजे विवाद को परिवार परामर्श केन्द्र के कमेटी के सदस्यों ने सुलह समझौते के आधार पर निपटारा कराते हुए दोनो पक्षों की सुनवाई कर आपस में समझौता करा दिया। कमेटी की मध्यस्थता के चलते 02 परिवार बिखरने से बच गए। बता दे कि अफसाना पुत्री स्व. उस्मान निवासी कायमपुर थाना सौरिख तथा रीमा पुत्री आशा निवासी धरमपुर थाना तिर्वा का अपने पति से मामूली बात को लेकर विवाद चला आ रहा था, परिवार परामर्श केन्द्र के कमेटी के सदस्यों द्वारा दाम्पत्य जीवन के बारे में सहजता से बताया गया और दोनो के बीच उपजे विवाद को सुलह समझौता के आधारप निपटाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपसी मनमुटाव भुलाकर साथ-साथ रहने को तैयार हो गये और खुशी-खुशी अपने घर चले गये। परिवार परामर्श केन्द्र बिखरे हुये परिवारों को बसाने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक क्लीनर का शव फांसी के फंदे से लटका मिला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**थाना** ठठिया क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में ट्रक क्लीनर का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जानकारी होते ही ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना ठठिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दौलतपुर निवासी महेश चंद्र यादव की गिट्टी-मौरंग की दुकान है तथा उनके पास एक ट्रक भी है। ट्रक पर जनपद जालौन के ग्राम पठरेटा निवासी 32 वर्षीय चंद्रशेखर क्लीनर का कार्य करता था। बातया जाता है कि वह ट्रक मालिक से छुट्टी लेकर अपने गांव गया था। जहां से दो दिन पूर्व वापस लौटा था और महेश की दुकान के पीछे बने कमरे में रुका था। मंगलवार की सुबह जब दुकान मालिक महेश अपनी दुकान पर पहुंचे तो वहां चंद्रशेखर का शव फांसी पर लटका दिखाई देखकर सन्न रह गए। जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। वहीं ट्रक मालिक महेश चंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि दो दिन पूर्व जब चन्द्रशेखर अपने गांव से वापस लौटा था, लेकिन उस समय ट्रक बाहर गया हुआ था।

चंद्रशेखर को ट्रक के साथ जाना था। इसलिए वह दुकान के निकट बने कमरे में रुक गया। बताया कि गांव से वापस लौटने के बाद चंद्रशेखर दुखी था और उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। पूछने पर उसने बताया था कि घर वालों ने उसके साथ मारपीट की है। पत्नी ने भी अपने भाई के साथ मिलकर पिटाई कर दी थी। जिससे उसके चोट लगी थी। चंद्रशेखर ने दवाई लाने के लिए ट्रक मालिक से पैसे लिए थे। इसके बाद रात में वह वहीं रुका था। सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## 25 वर्षों तक प्रेरणा श्रोत हो अमृतकाल: डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- मेरी माटी-मेरा देश के अन्तर्गत 09 अगस्त को पंच प्रण शपथ, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे
- 75 पौधे रोपित कर अमृत वाटिका का किया जायेगा सृजन

**मंगलवार** को जिलाधिकारी शुभान्त कुमार शुक्ल ने अपने कार्यालय कक्ष में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिवों आदि के साथ वर्चुअल संवाद के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान का सम्पूर्ण देश में उत्सवी ढंग से आयोजन किया जा रहा है। कहा कि 2047 तक ऐसे भारत का निर्माण करना है, जो पूरे विश्व का विश्व विजेता हो।

डीएम ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत 09 अगस्त को जिले के सभी विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, कार्यालयों आदि स्थानों पर पंच प्रण की शपथ दिलायी जायेगी। जिसके अन्तर्गत वसुधा वंदन, वीरो का वंदन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कहा कि जो कलश तैयार किया गया है, उसमें एक-एक मुट्ठी मिट्टी को डाला जायेगा। शपथ लेते हुये सेल्फी (सामूहिक/एकल) ली जायेगी जिसको भारत सरकार की बेवसाइट पर अपलोड किया जायेगा। इस दौरान वीरो की शौर्यगाथा का वंदन किया जायेगा। कहा कि 75 पौधों को रोपित कर चिन्हित स्थल पर अमृत वाटिका का सृजन किया जायेगा, जिसका वसुधा वंदन नाम भारत सरकार द्वारा दिया गया है। इस कार्यक्रम में सभी महिला, पुरुष, बालक-बालिकाओं को आमंत्रित किया जाये। उन्होंने ग्राम प्रधानों से आज ही मुनादी कराने को कहा, ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़े सके। कहा कि ग्राम पंचायतों के प्राथमिक विद्यालय में शिलाफ्लकम्/शिलापट् होगा। 15 अगस्त को शिलाफ्लकम्/ शिलापट का अनावरण किया जायेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यकम में गांव-गांव शहर-शहर गली-गली., प्रत्येक नागरिक को जुड़ना है। कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13, 14 एवं 15 अगस्त को हर घर व सभी सरकारी कार्यालयो विद्यालयों, प्रतिष्ठानों आदि में तिरंगा फहराया जायेगा।

कहा कि यह हर घर तिरंगा कार्यक्रम विगत वर्ष की भांति होगा। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को सुरक्षित रखा जायेगा। कहा कि गत वर्ष के ध्वज को ही फहराया जायेगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर पर 100-100 ध्वज उपलब्ध कराने व्यवस्था की गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए मौजूद रहे।

## डेंगू से किशोर की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**सौरिख,कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



मृतक का फाइल फोटो

**आरिफपुर** गांव निवासी 14 वर्षीय किशोर डेंगू से पीड़ित था। जिसका उपचार फर्रुखाबाद में चल रहा था। हालत में सुधार ना होने पर डॉक्टर ने मंगलवार को किशोर को आगरा के लिय रेफर कर दिया था परिजन किशोर को आगरा के ले जा रहे थे तभी छिबरामऊ के पास किशोर की मौत हो गई सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

दौलताबाद चौकी के गांव आरिफ पुर निवासी अंशुल यादव (14) पुत्र उदय प्रताप यादव को 6 अगस्त दिन रविवार को तेज बुखार आया था परिजनों ने उपचार के लिए अंशुल का कस्बे में ही एक पैथोलॉजी पर ब्लड की जांच कराई थी जिसमें अंशुल की प्लेटलेट्स 75000 रह गई थी परिजनों ने दूसरे दिन अंशुल को फर्रुखाबाद के सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां अंशुल की हालत में सुधार नहीं हुआ और देर शाम अंशुल वेंटिलेटर पर पहुंच गया रात भर चले उपचार के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और लगातार प्लेटलेट्स डाउन होती चली गई परिजनों ने बताया डॉक्टरों ने अंशुल की डेंगू की जांच कराई थी जिसमें उसकी रिपोर्ट पोस्टिव आई और मंगलवार को अस्पताल के डॉक्टरों ने अंशुल को आगरा के लिए रेफर कर दिया। परिजन आज सुबह अंशुल को एंबुलेंस से आगरा के लिए ले जा रहे थे तभी छिबरामऊ में पहुंचते ही किशोर की मौत हो गई सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उसके शव को गांव ले आए है।

परिजनों ने बताया अंशुल प्रतिभा निखार इंटर कॉलेज में कक्षा 8 का छात्र था और अपने परिवार में इकलौता बेटा था। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ अजहर सिद्दीकी ने बताया गांव की आशा से जानकारी ली गई है जिसमें आशा ने बताया अंशुल ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित था जिसका कहीं बाहर उपचार चल रहा था फिर भी गांव में स्वास्थ्य टीम पहुंचकर जांच करेगी।

## मां पर लगा बेटे की मौत का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीमारी के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई। जिसको लेकर बच्चे के पिता ने पत्नी के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना छिबरामऊ के खानपुर चौबे निवासी योगेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते 03 वर्ष पूर्व उसका विवाह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसियापुर से हुआ था। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी मायके जाने की जिद किया करती थी। जिसको लेकर तीन महीने पूर्व उसकी पत्नी घर से सोने चांदी के जेवरात और बच्चे लेकर मायके चली गई। जिसके बाद उसने पत्नी की विदा कराने का कई बार प्रयास किया। लेकिन ससुरालियों ने उसका विरोध किया और उसकी पत्नी को उसके साथ नहीं भेजा। 08 अगस्त 2023 की सुबह उसके पुत्र की बीमारी के चलते मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ में रेनू कमल को मिला सम्मान

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**





सम्मान प्राप्त करती प्रधानाध्यापिका रेनू कमल

**उत्तर प्रदेश** हिंदी संस्थान लखनऊ में राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा हिंदी विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों ने अपने नवाचार का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने हिंदी भाषा में कक्षा एक व दो के लिए बहुत ही उपयोगी टीएलएम बनाकर प्रस्तुतीकरण दिया व पीपीटी के माध्यम से हिंदी भाषा को और सरल रूप में कैसे बढ़ाया जा सके इस विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। अतिथियों द्वारा प्रधानाध्यापिका रेनू कमल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार सिंह, उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ महेश चंद गुप्ता, पूर्व मंत्री, डॉ अमिता दुबे प्रधान संपादक हिंदी पत्रिका, हरे राम पांडे प्रवक्ता राज्य शिक्षा संस्थान, मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश आदि अतिथियों ने सभी नवाचार शिक्षकों को संबोधित कर हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

# भतीजे की हत्या करने वाले आरोपी चाचा को पुलिस ने भेजा जेल

▶ 31 जुलाई की रात्रि भीमा ने लाइसेंसी राइफल से घटना को दिया था अंजाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते माह नशे में धुत पूर्व सैनिक ने अपने भतीजे की लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दौरान मृतक युवक के परिजनों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी थी। जिससे वह घायल हो गया था। जिससे उसका अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम धन्सुआ निवासी पूर्व सैनिक भीमसेन राजपूत उर्फ भीमा ने 31 जुलाई की रात्रि वह शराब के नशे में धुत होकर घर आया और छत पर गालियां देने लगा। तभी वाद-विवाद होने लगा। इस दौरान उसने अपने 30 वर्षीय भतीजे रामगोपाल राठौर को लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी थी जो सीने में जा लगी। परिजन उपचार के लिए रामगोपाल को लोहिया लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। वहीं मृतक के परिजनों ने आरोपी भीमसेन को पकड़ लिया और लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर उसकी राइफल तोड़ दी थी। आरोपी भीमा को घायलावस्था में उपचार के लिए आर्मी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ कमाण्ड हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया था। वहां उसका उपचार चल रहा था। भतीजे की हत्या के मामले में आरोपी भीमा व उसकी पत्नी कृपांती देवी आरोपी है। पुलिस ने मंगलवार को भीमा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी भीमा

# न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज



**नवाबगंज (सं.)।** न्यायालय के आदेश पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम जरौनी (बराकेशव) निवासी श्रीपाल पुत्र भारत सिंह ने न्यायालय के आदेश पर नवाबगंज थाने में अपने ही परिवार के 6 लोगों पर पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक भारत सिंह का अपने चचेरे भाई अब्बल सिंह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसमें उक्त जमीन का अब्बल सिंह ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बैनामा करा लिया था। बाद में बैनामा उन्होंने अपनी पत्नी के नाम कर दिया। जिसमें मामला न्यायालय में चल रहा था। भारत सिंह के पुत्र श्रीपाल ने अपनी तहरीर में बताया की 23 मई को 2.00 बजे उसके पिता की अभियुक्तगणों ने गला दबाकर हत्या कर दी और उनके शव का उसकी गैरमौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद उसके सगे चाचा वीरेंद्र सिंह को जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने बीती रात श्रीपाल की तहरीर पर अब्बल सिंह पुत्र सूबेदार, शेरू पाल पुत्र अब्बल सिंह, रोहित पुत्र अब्बल सिंह, समर पाल पुत्र अब्बल सिंह, पुष्पेंद्र पुत्र अब्बल सिंह, मुन्नी देवी पत्नी अब्बल सिंह निवासी जरौनी के विरुद्ध पुलिस ने 147, 302, 506, 201 आई0पी0सी0 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# प्रधानाध्यापक ने प्रा0वि0 मदारपुर को निपुण विद्यालय बनाने के लिए चैयरमैन से मांगा सहयोग

▶ अब तक आधा दर्जन विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाकर कर चुके हैं कार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर को गोद लेकर उसमें सभी मूलभूत सुविधाओं विशेषकर स्मार्ट क्लास बनाने के लिए चेयरमैन से सहयोग मांगा। बताते चलें कि अपने 25 वर्षों के सेवाकाल में प्राथमिक विद्यालय कसहरी, कटरा रहमत खां, सुजातपुर, जौंरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊरशीदाबाद, सुजातपुर आदि स्कूलों को आदर्श विद्यालय बनाकर कार्य कर चुके हैं और अब प्राथमिक विद्यालय मदारपुर को निपुण स्कूल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। जिसके लिए उन्होंने अपने सहपाठी नगर पालिका कायमगंज के अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार से मिलकर विद्यालय को गोद लेकर मूलभूत सुविधाओं के लिए अनुरोध किया। चेयरमैन डॉ0 गंगवार ने शीघ्र ही विद्यालय भ्रमण कर जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिस पर प्रधानाध्यापक ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।


चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते राजकिशोर शुक्ला

# सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सम्पन्न



शपथ ग्रहण करते छात्र संसद के पदाधिकारी

जिम्मेदारियों का निर्वाह करने से नेतृत्व क्षमता का विकास होता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अवधेश कुमार तिवारी पूर्व सैनिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्रीनारायण मिश्र ने सभी बच्चों को मुख्य अतिथि का परिचय कराकर छात्र संसद की विद्यालय में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छात्र संसद के पदाधिकारी विद्यालय की रीढ़ होते हैं। वह विद्यालय में अनुशासन व संस्कार पक्ष को मजबूत करते हैं। छात्र संसद के द्वारा छात्रों को नैतिक आध्यात्मिक शारीरिक व नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम शिशु भारती के अध्यक्ष विघ्नार्ज पांडेय, शिशु भारती के उपाध्यक्ष दीपलेश, काव्या, विद्या मंदिर के प्रधानमंत्री पार्थ दीक्षित, उपप्रधानमंत्री लक्ष्य सिंह, कन्या भारती की प्रधानमंत्री तान्या शाक्य, उपप्रधानमंत्री अनुष्का अवस्थी को शपथ दिलाई। इसके उपरांत मंत्री सत्यम राजपूत, अनुभव मिश्राए, आयुष दुबे, अर्चित मिश्रा, सिद्धार्थ तिवारी, प्रांशु, खुशी, लक्ष्मी आदि सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि अवधेश कुमार तिवारी ने कहा भारत एक लोकतांत्रिक देश है सभी को अपनी इच्छा से अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करने का अधिकार होता है जिम्मेदारियों का निर्वाह करने से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। संचालन विद्यालय के प्रवक्ता चंदन लाल मिश्रा ने किया। विद्यालय में आए हुए अतिथि का विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेयी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामानुज अग्निहोत्री ने दी।

# प्रसूताओं को स्तनपान के लिए किया गया जागरूक

▶ मां के पीले गाढ़े दूध के सेवन का मतलब बीमारियों से नवजात की सुरक्षा: डॉ0 लोकेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां के दूध में पोषक तत्वों की भरमार होती है जिससे नवजात को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। इसी को लेकर जिले में 01 से 07 अगस्त के बीच स्तनपान सप्ताह मनाया गया। अभियान एक सप्ताह का जरूर था, लेकिन हमारी आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचसी स्तर पर चिकित्सक व नर्स रोजाना गर्भवती व धात्री महिलाओं को स्तनपान को लेकर में जागरूक करती रहती हैं। यह कहना है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दलवीर सिंह का।

एसीएमओ ने कहा कि जो माताएं बच्चों को भरपूर स्तनपान कराती हैं उन्हें बच्चों की बीमारियों को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं रहती। मां का दूध बच्चे को रोगों से लड़ने की ताकत देता है और कई जानलेवा बीमारियों से महफूज रखता है। इसलिए स्तनपान के फायदे को जानना हर महिला के लिए बहुत जरूरी है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा ने मंगलवार को सीएचसी पर भर्ती प्रसूताओं को स्तनपान के फायदे बताए। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्तनपान को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। स्तनपान की सही जानकारी न होने के कारण बच्चा संक्रमण, दस्त का शिकार हो जाता है। डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 शिवाशीष उपाध्याय बताते हैं कि मां के दूध में जरूरी पोषक तत्व, एंटी बाडीज, हार्मोन, प्रतिरोधक कारक और ऐसे आक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो नवजात शिशु के बेहतर विकास और स्वास्थ्य के लिए जरूरी होते हैं। शिशु को सही समय पर और पर्याप्त मात्रा में मां का दूध न मिल पाना भी कुपोषण की समस्या का एक प्रमुख कारण है उन्होंने बताया कि मां का दूध शिशु को निमोनिया, डायरिया और कुपोषण के जोखिम से भी बचाता है। सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र में भर्ती प्रसूता विनीता, अश्विनी, नाजरीन, ममता को स्तनपान के फायदे बताए गए। इस दौरान स्टाफ नर्स गुंजन और पूजा सक्सेना मौजूद रहीं।


महिलाओं को स्तनपान की जानकारी देंती स्वास्थ्य कर्मचारी

# खबरें चलते-चलते

## ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को लेकर भाकियू ने परिवहन मंत्री को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद (सं.)।** भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने रामवरन सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय परिवहन मंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी कि गाजियाबाद-कानपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद जनपद होते हुए निकाला जाये। शहर को बसे तीन सौ वर्ष हो चुके हैं। आजादी के बाद विकास शून्य है। जनपद में कोई नेशनल हाईवे नहीं है। आबादी के साधन ठीक न होने के कारण जिले की दयनीय स्थिति है। आलू उत्पादित क्षेत्र होने के बाद सातनपुर मंडी एशिया की सबसे बड़ी मंडी है। फिर भी जनपद विकास से अछूता है। इस जनपद से राष्ट्रपति, कानून मंत्री, विदेश मंत्री, ऊर्जा मंत्री रह चुके हैं। उसके बाद भी जनपद विकास से कोसों दूर है। न ही कोई मेडिकल कॉलेज है और न ही आलू आधारित कोई उद्योग है। जनपद को निराशा ही हमेशा मिली है। बीएसपी सरकार ने पहले नोयडा से बलिया तक 1000 मीटर गंगा एक्सप्रेस-वे स्वीकृत किया था। राजनैतिक लोगों ने अपने जिले से इस रोड को स्वीकृत करा दिया। कन्नौज से मोड़कर शाजहांपुर, बदायुं आदि से मोड़कर निकलवा लिया। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे स्वीकृत होने के बाद भी मैनपुरी जनपद से निकलवाये जाने का प्रस्ताव आया है। इससे जनपद के लोगों में आक्रोश है। अगर इस रोड को बदला गया, तो यहां की जनता चुप नहीं बैठेगी। ऐसे में गाजियाबाद से फर्रुखाबाद होते हुए ही ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को स्वीकृति दी जाये।

## 13 आरक्षी पुलिस कर्मी इधर से उधर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस अधीक्षक ने 13 आरक्षियों को इधर-उधर कर दिया। इस कार्यवाही से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मु0आरक्षी ना0पु0 नीरज कुमार को कार्यालय क्षेत्राधिकारी अमृतपुर से कार्यालय वाचक पुलिस अधीक्षक, मु0आरक्षी अवधेश कुमार को मीडिया सेल से थाना मऊदरवाजा, मु0आरक्षी ना0पु0 कौशलेन्द्र नारायण को मीडिया सेल से थाना कादरीगेट, मु0आरक्षी ना0पु0 सतेन्द्र कुमार को मीडिया सेल से थाना फर्रुखाबाद, मु0आरक्षी ना0पु0 मसरुर हसन को पुलिस लाइन से कार्यालय क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, आरक्षी ना0पु0 मनोज कुमार को कार्यालय क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद से कार्यालय वाचक पुलिस अधीक्षक, आरक्षी ना0पु0 अजय कुमार को थाना मऊदरवाजा से मीडिया सेल, आरक्षी ना0पु0 अभिषेक कुमार को थाना कादरीगेट से मीडिया सेल, मु0आरक्षी ना0पु0 नेकपाल को पुलिस लाइन से यातायात शाखा, मु0आरक्षी स0पु0 अरविन्द को पुलिस लाइन से यातायात शाखा, आरक्षी स0पु0 सिद्धगोपाल को पुलिस लाइन से यातायात शाखा, आरक्षी स0पु0 मोहित कुमार को पुलिस लाइन से यातायात शाखा, आरक्षी स0पु0 आशुतोष कुमार को पुलिस लाइन से यातायात शाखा किया गया। इस कार्यवाही से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

## युवक को बंधकर बनाकर पीटने में दो पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अजीत सिंह पुत्र स्व0 हाकिम सिंह निवासी नगला जब थाना नवाबगंज ने फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसके पड़ोस के गांव करनपुर निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ जर्रे के दाह संस्कार में पांचाल घाट आया था। वहां पर मोहित उर्फ पहाड़ी पुत्र राजवीर सिंह निवासी नगला जब पुठरी थाना नवाबगंज भी था। मोहित उर्फ पहाड़ी बहला-फुसलाकर अपने मकान ग्वालटोली पर ले गया और वहां चाय पीने के बहाने कमरे में बिठाया। जहां पहले से योजनाबद्ध तरीके से तीन-चार आदमी बैठे हुए थे। मुझे कमरे में बंद कर लिया। मोहित ने पकड़कर गिरा लिया और मारना-पीटना शुरु कर दिया। तीन चार अज्ञात व्यक्तियों ने भी लात-घूसों आदि से मारा और मेरी कोहनी तोड़ दी और मेरे दोनों पैरों पर उन लोगों ने तोड़ने का प्रसास किया। जिससे पैरों में काफी चोटें आयी और जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह मौका पाकर मैं वहां से भाग निकला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# खण्ड शिक्षाधिकारी ने मदारपुर विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, परखी शैक्षिक गुणवत्ता


निरीक्षण के दौरान मौजूद खण्ड शिक्षा अधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कायमगंज संघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। मुख्यालय से आए खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव ने प्रा0वि0 मदारपुर का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र, एमडीएम प्रभारी इंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय में आकर संघन निरीक्षण किया। सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर चेक किया। कक्षाओं का भौतिक परिवेश आकर्षक एवम टीएलएम से सुसज्जित था। आंगनबाड़ी कक्ष भी बेहतर तरीके से सुसज्जित मिला। एमडीएम में मेनू के अनुसार दल चावल बने थे। जिसकी गुणवत्ता उत्तम थी। विद्यालय में दो कारपेंटर काम करते हुए पाए गए। विद्यालय में योगेंद्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी, विद्या देवी, उमा देवी, आशा देवी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। निरीक्षण के समय प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला की कार्यशैली से अधिकारी प्रसन्न नजर आए। उन्होंने दिसंबर तक विद्यालय को निपुण बनाने का संकल्प दिलाया।

# सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में छात्र सांसद का शपथ ग्रहण सम्पन्न

▶ बच्चों द्वारा पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मौजूद लोगों ने सराहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर सेनापति में विद्यार्थी जीवन से ही लोकतंत्र की समक्ष और आस्था विकसित करने की दृष्टि से छात्र संसद का गठन व मतदान प्रक्रिया से सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद सिंह व संभाग निरीक्षक अजय दुबे ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षा शिवविलास त्रिवेदी ने की। प्रधानमंत्री के रुप में भैय तनिष्क शुक्ला ने शपथ ली। मंत्री परिषद के रुप में अनिमेश दुबे, अनिरुद्ध अग्निहोत्री, कार्तिक दीक्षित, अमन दीक्षित, आकाश तिवारी, आशुतोष अवस्थी, ध्रुव, नमन, निश्चल पाण्डे, राज पाण्डे, शिवांश त्रिवेदी, शौर्य शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, अनिकेत आदि ने शपथ ग्रहण की। शिशु भारती अध्यक्ष आराध्या अवस्थी, सेनापति उत्कर्ष दुबे, मंत्री के रुप में प्रिंस बाजपेयी ने शपथ ली। इस अवसर पर आंशी, निहारिका, शमिष्ठा, सुमन तिवारी, रिहा वर्मा, दर्शिका शुक्ला ने झूला गीत पर मनोहारी नृत्यु प्रस्तुत किया। सावन माह में शिव तांडव नृत्य आकाश तिवारी व अक्षत दीक्षित ने प्रस्तुत कर समा बांधा।

शौर्य शुक्ला ने कहा कि शपथ लेना तो सरल है, पर निभाना कठिन है, गीत प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य धर्मवीर ने शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। आभार छात्र संसद प्रमुख वीरेश ने किया। संचालन रामानंद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अभिभावक रामरतन, सर्वेश, कूण कुमार, गोविन्द, प्रदीप शर्मा, विजय, आकाश, कृतिका, शरद, पूजा, प्रांशी, सरला, मीडिया प्रभारी प्रदीप अवस्थी मौजूद रहे।

# 1.40 लाख की ठगी करने वाले पिता-पुत्र के खिलाफ याचिका दायर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकान बेंचने के नाम पर पिता-पुत्र ने युवक से 1 लाख 40 हजार की ठगी कर ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर की।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद फराज खान पुत्र जावेद खान निवासी मोहल्ला खटकपुरा सिद्दीकी शहर कोतवाली ने याचिका में दर्शाया कि वह शहर में मकान खरीदना चाहता था। इस संबंध में उसने एक दो लोगों से कहा कि कोई मकान हो तो बताना। इसी दौरान मेरे पास आफताब अहमद खां उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 हामिद अली खां व उनके पुत्र आदिल खां निवासी मौलवी बदन खां थाना मऊदवाजा आये और बोले कि मेरे पास मकान है जो मेरा है, जो मुझे अपने वालिद हमिद अली व सगी बुआ जाहिदा बेगम से प्राप्त हुआ। जाहिदा बेगम ने अपने जीवन काल में अपने हिस्से की समस्त चल अचल संपत्ति की वसीयत मुझे कर दी थी। जिस पर मैं मालिक व काबिज दाखिल हूं। मैंने मकान देखा और 5 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। अफताब अहमद खां ने 4 मार्च 2020 को तहसील में 1 लाख रुपये नगद लेकर पंजीकरण पत्र सदर तहसील में नाम कराया। गवाह के रूप में अफताब अहमद खान का पुत्र आदिल खान मौजूद रहा। तय समय पर बैनामा करने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा और 40 हजार रुपये मुझसे ले लिये। इस दौरान मुझे जानकारी हुई कि संपत्ति विवादित न्यायालय में मामला विचाराधीन है। जब मैंने आफताब अहमद से कहा तो वह कहने लगा कि मैं निस्तारण करा दूंगा। बकाया धनराशि देने को कहा तो मैंने कहा कि बैनामा के समय ही शेष पैसा देंगे। जिससे वह नाराज हो गया और कहने लगा कि मैं इतने मुकदमे लगा दूंगा दिमाग ठीक हो जायेगा। तब मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ ठगी हो गई है। स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# घटिया किस्म के लगाये गये बोर्ड उखाड़कर नगर पंचायत पहुंचे सभासद

▶ ईओ बोले उनके संज्ञान में नहीं लगाये गये बोर्ड
▶ अध्यक्ष से पूछकर करायी जायेगी मामले की जांच

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत में सभासदों के दरवाजे पर लगने वाले बोर्ड को लेकर आज 16 में से 12 सभासद अपने-अपने बोर्ड उखाड़कर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे।

उनका कहना था कि बोर्ड में कई लोगों के नाम गलत है और घटिया किस्म के बोर्ड लगाए गए हैं। जिसके चलते नगर पंचायत में शुरू हुए भ्रष्टाचार को लेकर उनकी मुहिम शुरू हुई है। सभासदों ने एक राय में कहा की चेयरमैन मनमानी कर रहे हैं और सभासदों की विकास कार्यों के नाम पर कोई राय नहीं ले रहे हैं। साथ ही शपथ ग्रहण के बाद अब तक केवल एक बैठक कराई गई है। इसके बाद वह अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार के कार्यालय में पहुंचे और अब तक कराए गए कार्यों का आरटीआई द्वारा लेखाजोखा मांगा गया। बोर्ड के संबंध में अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में बोर्ड नहीं लगाए गए और ना ही कोई टेंडर जारी किया गया है बोर्ड कैसे लग गए हैं यह अध्यक्ष से पूछकर जांच कराई जाएगी। सभासदों में पुष्पेंद्र यादव, राहुल यादव, पूजा राठौर, पवन कुमार, आरती देवी, रंजीता बानो, रामवती देवी, बबली देवी, कुलदीप राजपूत, ललित श्रीवास्तव, बृजमोहन, शीतल देवी अपने-अपने बोर्ड उखाड़कर नगर पंचायत पहुंचे थे।

वहीं सभासदों ने कहा कि अध्यक्ष को सभासदों से मिलकर विकास कार्य कराये चाहिए। वह सभासदों के बिना संज्ञान में लिये ही विकास कार्य करवा रहे हैं। जो ठीक नहीं है।



बोर्ड के साथ प्रदर्शन करते सभासद

# फर्रुखाबाद से होकर गुजरने वाली दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन 30 अगस्त तक निरस्त

▶ गोरखपुर छावनी से कुसम्ही स्टेशनों के मध्य पड़ रही तीसरी के नॉन इंटरलाकिंग कार्य को देखते हुए लिया गया फैसला
▶ रेल यात्रियों को मिलेगा रिजर्वेशन टिकट वापसी का पैसा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गोरखपुर छावनी में यार्ड रि-मॉडलिंग एवं गोरखपुर छावनी कुसम्ही स्टेशनों के मध्य पड़ रही तीसरी लाइन के नॉन इंटरलाकिंग कार्य को देखते हुए फर्रुखाबाद जंक्शन से होकर गुजरने वाली दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन 30 अगस्त तक के लिए निम्नबत निरस्त कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि गोरखपुर छावनी में यार्ड-रि मॉडलिंग एवं गोरखपुर छावनी-कुसम्ही स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन स्थापित किए जाने हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 7 अगस्त से 30 अगस्त चलेगा। इस दौरान छपरा-मथुरा के मध्य चलने वाली 22531/22532 सप्ताह में तीन दिन चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 तथा 30 अगस्त को निरस्त रहेगी। फर्रुखाबाद होकर गुजरने वाली 09451 गांधीधाम-भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन 11, 18 व तथा भागलपुर-गांधीधाम 05452 एक्सप्रेस ट्रेन 14, 21, एवं 28 अगस्त 2023 तक निरस्त रहेगी। इन ट्रेनों के निरस्त होने के दौरान रेल यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना होगा, लेकिन रिजर्वेशन करने वाले रेल यात्रियों के टिकट वापसी पर उनकी धनराशि मिलेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खुदागंज वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो /एस0बी0एम0 आयोग/राज्य वित्त/मनरेगा/ 2023-24 दिनांक 07/08/2023

**निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0बी0एम0 आयोग/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/08/2023 से 15/08/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/08/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/08/2023 से 15/08/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्टि पिट | एस0बी0एम (13) वित्त आयोग (5) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 40500 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सामुदायिक नाडेप/ कम्पोस्ट पिट | एस0बी0एम (5) वित्त आयोग (5) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 145000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | एस0बी0एम (2) वित्त आयोग (1) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 172800 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | अन्य (4) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 40000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | सामुदायिक एवं संस्थागत प्लास्टि बैंक | अन्य (3) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 18000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | कचरा वाहन साइकिल/ई-रिक्शा | एस0बी0एम (1) वित्त आयोग (1) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 160000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7- | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | एस0बी0एम (6) वित्त आयोग (6) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 179400 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 8- | फिल्टर चैम्बर तालाबों जलाशय पर | एस0बी0एम (2) वित्त आयोग (1) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 120000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 9- | हैंडपम्प पर सोकपिट | एस0बी0एम (20) वित्त आयोग (15) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 322000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 10- | सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले बैल्क वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लिच पिट | एस0बी0एम (5) वित्त आयोग (5) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 75500 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 11- | मुकेश के घर से श्याम बाबू के घर तक गली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.41 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 12- | वीरेन्द्र कुमार के घर से महेन्द्र के घर तक गली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.38 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 13- | सामुदायिक एवं संस्थागत हेतु सोकपिट | एस0बी0एम (2) वित्त आयोग (1) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 44850 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 14- | हैण्डपंप पर सोकपिट | एस0बी0एम (5) वित्त आयोग (2) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 64400 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 15- | सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले बैल्क वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लिच पिट | एस0बी0एम (1) वित्त आयोग (1) | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 15100 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (शशिलता)** **सचिव (ब्रजेश यादव)**

**ग्राम पंचायत खुदागंज, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

# सीमेन्ट लेने जा रहे दो बाइक सवार सहित तीन की मौत, दो गंभीर



गुमशुम खड़े अवधेश के परिजन



पोस्मार्टम हाउस में मौजूद सत्यपाल के परिजन



मृतक अवधेश का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** सीमेंट लेने जा रहे हैं बाइक सवार दो युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं कस्बा राजेपुर में बीती रात आमने-सामने मोटरसाइकिल भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर रुप से घायल हो गये थे। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रिफर किया गया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव ताजपुर निवासी 40 वर्षीय सतपाल पुत्र राम भजन अपने साथी 28 वर्षीय अवधेश पुत्र हरिराम निवासी नगला हुसा के साथ अपनी बाइक से कुतुलूपुर सीमेंट की बोरी लेने जा रहे थे। फर्रुखाबाद बदायूं हाईवे के निकट गांव हरिहरपुर पकरिया के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक अवधेश 3 भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक अपने पीछे बेटी तान्या, अंशिका, पुत्र नारायण, पत्नी लक्ष्मी, मां जगदेवी, भाई महेश चंद, कमलेश सहित आदि परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया। वहीं मृतक सत्यपाल पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक सतपाल की पत्नी अंबिका, बेटी जापानी, पुत्र अजय, शिबू, मां रामसुखी, भाई रामदास, रामकरण, जगवीर, रामकुमार सहित परिवार को छोड़ गया।

वहीं देर रात्रि कस्बा राजेपुर में दावत खाकर आ रहे मामा भांजे की आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में भांजे की मौके पर मौत हो गयी। थाना अमृतपुर के अंतर्गत गांव परतापुर कला निवासी दिनेश पुत्र जगरूप अपने 12 वर्षीय भांजे राजन पुत्र चंद्रभान निवासी 12 कला थाना कलान जनपद शाहजहांपुर के साथ सवाजपुर के निकट गांव नरसिया जनपद हरदोई से दावत खाकर वापस आ रहे थे। कस्बा राजपुर में भूरे पुत्र रघुवीर निवासी इमादपुर पमारा कस्बा राजपुर में अपनी बाइक से सब्जी लेने आए थे। आमने-सामने बाइकों के टकराने से राजन पुत्र चंद्रभान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल दिनेश निवासी परतापुर कला भूरे निवासी इमादपुर पामारान को प्राथमिक उपचार के बाद डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर अस्पताल पहुंचे मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने तमंचा तस्कर को दबोचा, भेजा जेल

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा कारतूस सहित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना प्रभारी आमोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार कंचन, उपनिरीक्षक अमित कुमार गुप्ता ने मुखबिर की सूचना पर काशीराम कालोनी स्थित शनिदेव मंदिर के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से अवैध 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सागर गुप्ता पुत्र विनय गुप्ता निवासी कांशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया बताया।

पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह अवैध तमंचा कारतूस बेंचनी की फेरी करता है और वह मंगलवार को भी तमंचा बेंचने निकला था और ग्राहक का इंतजार कर रहा था, तभी मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## बीस वर्षों से मंदिर में रह रहे अधेड़ की उपचार के दौरान मौत



- पुत्रों ने शव की शिनाख्त करने से किया मना
- भतीजे ने अपने चाचा के रुप में की शिनाख्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हनुमान मंदिर में रह रहे अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर शिनाख्त करने से साफ मना कर दिया। भतीजे ने अपने चाचा की शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम जिठौली निवासी 50 वर्षीय रामकिशोर दुबे पुत्र स्व0 राम दुबे 20 वर्ष पूर्व घर से नाराज होकर निकल आये थे। तब से रामकिशोर भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर में रहकर अपना जीवन करते थे। बीते दिनों उनकी तबियत हो गई, तो मंदिर के लोगों ने उपचार के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

शव की शिनाख्त के लिए लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना की जानकारी मृतक के भतीजे सुनील दुबे को हुई, तो वह मोर्चरी पहुंच गया और शव की शिनाख्त अपने चाचा रामकिशोर के रुप में की। घटना की सूचना मृतक के पुत्रों को दी गई तो उन लोगों ने पहचानने से मना कर दिया। जबकि लोग कहते हैं कि बच्चे बुढ़ापे की लाठी होते हैं, जब औलाद ही ऐसी निकल जाये, तो बुढ़ापे में किसके सहारा वह जिये। फिलहाल इस घटना बा-बेटे के रिश्तों को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने शव को मृतक के भतीजे के सुपुर्द कर दिया।

## मार्ग दुर्घटना में थाने के चौकीदार की पत्नी की मौत



गमगीन बैठे मृतका के परिजन

- सैफई ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाजार जा रही थाने के चौकीदार की पत्नी को दूध से भरी केनों लेकर जा रही पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिजनों ने उपचार के लिए लोहिया में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने सैफई रेफर कर दिया। परिजन महिला को सैफई ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ॉथाना मऊदरवाजा के छोटा फतेहपुर निवासी 55 वर्षीय बिट्टो देवी पत्नी मेघनाथ कठेरिया सोमवार सुबह 10 बजे पैदल फर्रुखाबाद बाजार जाने के लिए निकली थी। रास्ते में दूध लेकर जा रही पिकअप ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। इस दौरान चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी। मौके पर परिजनों ने उपचार के लिए लोहिया में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने सैफई रेफर कर दिया। परिजन उपचार के लिए सैफई लेकर जा रहे थे। रास्ते में बिट्टो देवी की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन जितेन्द्र, पिंकी, रिंकी, रीता, नन्ही, अरविन्द, गोविन्द आदि का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतका का पति मेघनाथ मऊदरवाजा थाने में चौकीदार है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## काली नदी पुल से महिला ने छलांग लगाई, मौत

- मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल
- काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो सकी शिव की शिनाख्त, पुलिस ने शव को रखवाया मोर्चरी में



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** काली नदी पुल से एक अधेड़ महिला ने पानी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। वहां मौजूद लोगों ने उसे आनन-फानन में पानी से निकाले, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन अधेड़ महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना क्षेत्र कमालगंज के खुदागंज स्थित काली नदी पुल से अधेड़ महिला ने पानी में कूदकर आत्महत्या कर ली। हनुमान मंदिर पर खड़े हुए लोगों ने आनन-फानन में उसे नदी से निकाला, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

जिस पर खुदागंज चौकी प्रभारी आनंद शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। आसपास के लोगों से महिला की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन महिला के बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका। थाना पुलिस ने बताया कि मृतक का पोष्टमार्टम कराकर शव को मोर्चरी में रखवाया जाएगा।

## खबरें चलते-चलते

### छात्रा की मौत के मामले में झोलाछाप पीड़ित पर समझौते का बना रहा है दबाव



**फर्रुखाबाद (सं.)।** झोलाछाप की लापरवाही से बालिका की मौत के मामले में पीड़ित को क्लीनिक का संचालन करने वाले झोलाछाप का भाई अन्य लोगों द्वारा समझौते के लिए धमकाने पर पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। शहर कोतवाली के मोहल्ला सलावत खां निवासी सुरेश सक्सेना पुत्र बाबूराम 6 अगस्त को 11 बजे अपनी पुत्री वर्षा उम्र 14 वर्ष पड़ोस में ही रक्षपाल पुत्र गया सिंह पाल के घर स्थित क्लीनिक में दवा लेने पहुंचा बुखार तो अपने आपको डाक्टर कहने वाले रक्षपाल ने कहा कि ठीक कर देंगे। ऐसा कहकर मेरी बेटी को भर्ती कर लिया। मैं पढ़ा लिखा नहीं, इसलिए मैं नहीं समझ पाया कि कई वर्षों से क्लीनिक का संचालन कर रहे हैं इनके पास कोई डिग्री नहीं है। जब मेरी पुत्री की शाम को हालत बिगड़ गई तो पुनः जांच कराने की बात कही और ठीक करने का आश्वासन दिया। 7 अगस्त को दोपहर मेरी पुत्री की हालत बिगड़ गई तो जब कहां तो छुट्टी नहीं की और इस दौरान मेरी बच्ची की मौत हो गई। तो बोले दूसरी जगह लेजाओ और जबरदस्ती बाहर निकाल दिया और दुकान बंद कर ली। मैंने इस संदर्भ में लिखित पुलिस से शिकायत की जिसको लेकर अपने आपकों को डाक्टर बताने वाले का भाई वीर बहादुर पाल जो भाजपा का नगर महामंत्री बताता है साथ में विक्रांत अवस्थी अन्य लोगों के साथ लेकर मुझे पर समौता के लिए धमका रहे है और दबाव बना रहे है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 304 आई.पी.सी. के तहत दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मोबाइल छीनने की पुलिस से शिकायत



**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर हरदेव नगर निवासी रामकुमार पुत्र आदिराम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 19 जुलाई को शाम 9 बजे मैं हरदेव नगर स्थित बीयर के ठेके के पास गली से खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी पीछे से आए बाइक सवार युवक जिसका बाइक का नंबर मैं नहीं देख सका मेरे हाथ में मोबाइल को छीनकर भाग गए। मैंने पीछा किया तो वह लोग नई बस्ती वाली सड़क से राजेपुर की तरफ भाग गए। पुलिस ने तहरीर पर जांच कर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## छेड़छाड़ तथा जबरदस्ती करने की शिकायत पुलिस से

- दबंगों ने घर में घुसकर की छोड़छाड़, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता के साथ छेड़छाड़ व जोर जबरदस्ती करने की शिकायत पीड़िता ने थाना पुलिस से की है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव नई बस्ती निवासिनी नन्ही पत्नी गफ्फार ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया 1 अगस्त सुबह पीड़िता दरवाजे पर खड़ी थी, तभी गांव के ही सानू पुत्र मन्नू, लल्ला, आसिन, अल्लाह रखा व आशु पुत्रगण हामिद पीड़िता को देखकर अश्लील बातें करने लगे। जब पीड़िता ने मना किया तो उपरोक्त लोग मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जिस पर पीड़िता अपने घर के अंदर चली गयी। तब उपरोक्त लोग घर के अंदर घुस गये और गालियां देते हुए पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगे। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने पीड़िता के साथ मारपीट की तथा पीड़िता से छेड़छाड़ की।

पीड़िता के शोर मचाने पर गांव के ही असद, कमल हसन आ गए। जिस पर उपरोक्त लोग जाते-जाते गये कि अगर पुलिस में शिकायत की, तो जान से मार देंगे। वहीं दरोगा विमल कुमार यादव ने कहा कि अगर समझौता नहीं किया, तो तुम्हारे पति तथा तुमको तमंचा लगाकर चालान करवा देंगे। जिससे पीड़िता काफी परेशान है। उसका कहना है कि उपरोक्त लोग उसे आये दिन धमका रहे हैं और कह रहे है कि पुलिस से की गयी शिकायत वापस ले लो, नहीं तो पूरे परिवार को जिन्दा नहीं छोड़ेंगे। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।

## कम्पिल पुलिस ने छापेमारी कर वांछित के घर से बड़ी मात्रा में बरामद किये अवैध असलाह

- थाना मऊदरवाजा पुलिस ने क्षेत्र में घर-घर चलाया चेकिंग अभियान

**कम्पिल/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद में अवैध असलाहों के विरुद्ध एवं उनकी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पुलिस ने क्षेत्र में अभियान चलाकर वांछित के घर से बड़ी मात्रा में तमंचा कारतूस व अधिया तथा कारतूस रखने की बेल्ट बरामद की।

कम्पिल थाना प्रभारी अशोक कुमार ने अवैध असलाहों के विरुद्ध एवं रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम जिजौटा बुजुर्ग में छापामारी कर वांछित ध्रुव सिंह पुत्र रामबाबू के घर से एक अधिया, 7 तमंचा, 28 खोखा 315 बोर एवं 1 जिंदा, 11 खोखा कारतूस 12 बोर, 2 जिंदा कारतूस 7.62 बोर एवं एक कारतूस रखने की बेल्ट बरामद हुई। वहीं पुलिस अधीक्षक ने जारी किये आदेश में दर्शाया कि जनपद में अवैध असलहों के विरुद्ध एवं उनकी रोकथाम हेतु तलाशी अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, अवैध असलाहा प्राप्त होने पर फतेहगढ़ पुलिस द्वारा सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। **वहीं थाना मऊदरवाजा** पुलिस ने अवैध असलहों की तलाशी में ग्राम आवाजपुर, अर्रापहाड़पुर में घर-घर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के अभियान के दौरान पुलिस फोर्स के देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस का कहना है कि अवैध असलहों के खिलाफ सर्च अभियान इसी तरह जारी रहेगा। किसी को भी अवैध असलाह बनाकर बेचने की छूट कतई नहीं दी जायेगी।



छापेमारी करती मऊदरवाजा पुलिस



## आयुर्वेद के पीजी स्कॉलर्स ने सिनॉप्सिस का किया प्रदर्शन



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भावी डाक्टर

- मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुई संगोष्ठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल में परास्नातक बैच 2022 के स्कॉलर्स ने सिनॉप्सिस का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन किया। सिनॉप्सिस प्रेजेंटेशन में एथिकल कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 सीडी यादव, चिकित्सक डॉ0 अनीता रंजन, प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता, डॉ0 जॉली सक्सेना, डीन पीजी स्टडी दवाशीष बिस्वाल, स्कॉलर्स के गाइड को गाइड एवं डॉ0 निरंजन एस, डॉ0 रीता सिंह, डॉ0 वीरेन्द्र सिंह यादव, डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, डॉ, शिवओम दीक्षित, डॉ0 नितिन शर्मा, डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ0 आनन्द बाजपेयी आदि उपस्थित रहे। प्रसूति स्त्री तथा शल्य तंत्र के आधा-आधा दर्जन पीजी स्कॉलर्स ने अपनी अपनी सिनॉप्सिस प्रस्तुत कीं, जो सराहनीय रहीं।

### एसीएमओ रंजन गौतम झोलाछाप का पटल छिना

**फर्रुखाबाद।** सीएमओ डा0 अवनीन्द्र कुमार ने 01 अगस्त को आदेश जारी किया था। जिसे एसीएमओ रंजन गौतम कई दिनों तक अपने पास गुप्त रखे रहे और उसका प्रचार नहीं किया। अपेक्षाकृत परिणाण न मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने उन्हें झोलाछाप पटल के चार्ज से हटा दिया।

### मछुआरों एवं मत्स्य पालकों को नॉव खरीदने पर सरकार देगी आर्थिक सहायता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मछुआरों एवं मत्स्य पालको को नॉव खरीदने पर सरकार देगी आर्थिक सहायता के संदर्भ में सहायक निदेशक मत्स्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मत्स्य पालन, मत्स्य आखेट एवं नौकायान पर जीविका हेतु निर्भर मत्स्य पालको एवं मछुआरों को नाव के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना प्रारंभ की गई है। बिना इंजन की नाव, जाल, लाइफ जैकेट, आइसबॉक्स जिसका कुल मूल्य लागत 67 हजार रुपया है पर 40 प्रतिशत अर्थात 26800 प्रति नाव पर अनुदान सीधे लाभार्थी के खाते में उपलब्ध कराया जाएगा। जनपद के सभी नियमानुसार पात्र व्यक्तियों से अपील कीहै कि सुविधा प्राप्त करने हेतु विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।

## खंड विकास अधिकारी ने सचिवों की बैठक बुलाकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



सचिवों की बैठक लेते बीडीओ

- बोले शिथिलता बरती, तो होगी कड़ी कार्यवाही

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी ने सचिवों की बैठक लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने ग्राम सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक बुलाई। जिसमें कई आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। जैसे कि आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन संबंधी कई योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा ग्राम सचिवों को जल्द से जल्द सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर लाकर उनको आगे बढ़ाने का कार्य करने के लिए विकास खंड अधिकारी ने सभी सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिन सचिवों के क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण हो रहा है उनको जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए। विकास खंड अधिकारी ने कई सचिवों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर शिथिलता बरती गई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सचिव मानेंद्र प्रताप, जुबेर अहमद, आकांक्षा सक्सेना, सुनील कुमार, ब्रजनंदन लाल, कुलदीप राजपूत, तकनीकी सहायक मनोज कुमार, विनय सिंह, सुशील कौशल, रविंद्र सिंह तथा मनरेगा सेल से आलोक पाठक राहुल चंदेल आदि लोग उपस्थित रहे।